Tel. No. +91-22-41259072, Fax No.: +91-22-41259001.
Email: complianceofficer@cms-kaycee.co.in, Web: www.kayceeindustries.com
Corporate Office: 70 Lake Road, Bhandup (West) Mumbai 400 078, Maharashtra, India.
Tel. No.: +91-22-41259072, Fax. No.: +91-22-41259001

This advertisement ("Post Offer PA") is being issued by Systematix Corporate Services Limited ("Manager to the Offer") on behalf of Salzer Electronics Limited ("Acquirer") pursuant to Regulation 18(7) of the Securities and Exchange Board of India (Substantial Acquisition of Shares and Takeovers) Regulations, 2011 as amended (the "SEBI (SAST) Regulations") in respect of the Open Offer ("the Offer") to acquire upto 16,503 fully paid-up equity shares of Rs.100/- each (the "Equity Shares") at a price of Rs. 3,475/- per Equity Share (the "Offer Price"), representing 26.00% of the Equity Share & Voting Capital of Kaycee Industries Limited (the "Target Company"). The Detailed Public Statement ("DPS") and Corrigendum to DPS ("Corrigendum") with respect to the aforementioned Offer was published on May 31, 2019 and August 08, 2019 respectively in the following newspapers:

Sl. No.	Newspapers	Language	Editions
1.	The Financial Express	English	All Editions
2.	Jansatta	Hindi	All Editions
3.	Mumbai Lakshadeep	Marathi	Mumbai Edition

The terms used but not defined in this Post Offer PA shall have the same meanings assigned to them as in the PA, the DPS, the Letter of Offer (LOF), Corrigendum and the Offer Opening PA.

The Shareholders of the Target Company are requested to kindly note the following information relating to the Offer:

1. Name of the Target Company : Kaycee Industries Limited
2. Name of the Acquirer and PACs : Salzer Electronics Limited (Acquirer) There is no PAC with the Acquirer.
3. Name of the Manager to the Offer : Systematix Corporate Services Limited
4. Name of the Registrar to the Offer : Datamatics Business Solutions Limited
5. Offer Details
   Date of Opening of the Offer : Wednesday, August 28, 2019
   Date of Closure of the Offer : Thursday, September 12, 2019
6. Date for communicating the rejection / acceptance of Equity Shares in the Offer and /or corresponding payment for the acquired Equity Shares and / or refund or credit of the rejected share certificate(s) or Equity Shares to corresponding Shareholders or accounts holders : Tuesday, September 17, 2019
7. Details of Acquisition

Sl. No.	Particulars	Proposed in the Offer Document		Actuals	
7.1	Offer Price (per Equity Share) • Fully Paid-up Shares • Partly Paid-up Shares	Rs. 3,475.00/- Not applicable		Rs. 3,475.00/- Not applicable	
7.2	Aggregate number of shares tendered	16,503		2,921	
7.3	Aggregate number of shares accepted	16,503		2,921	
7.4	Size of the Offer (Number of shares multiplied by Offer Price per share)	Rs. 5,73,47,925/-		Rs. 1,01,50,475/-	
7.5	Shareholding of the Acquirer before Agreement / Public Announcement • Number • % of Equity Share & Voting Capital	NIL NIL		NIL NIL	
7.6	Shares acquired by the Acquirer by way of Agreement*(s) • Number • % of Equity Share & Voting Capital	45,899 (72.32%)		45,899 (72.32%)	
7.7	Shares acquired by way of Open Offer by the Acquirer • Number • % of Equity Share & Voting Capital	16,503 (26.00%)		2,921 (4.60%)	
7.8	Shares acquired by the Acquirer after Detailed Public Statement • Number of shares acquired • Price of the shares acquired • % of the shares acquired	NIL		NIL	
7.9	Post offer shareholding of the Acquirer • Number • % of Equity Share & Voting Capital	62,420 (98.32%)		48,820 (76.92%)	
7.10	Pre & Post offer shareholding of the Public • Number • % of Equity Share & Voting Capital	Pre-Offer 17,571 (27.68%)	Post-Offer 1,068 (1.68%)	Pre-Offer 17,571 (27.68%)	Post-Offer 14,650 (23.08%)

*Agreement means the SPA as defined in the PA, the DPS and the LOF.

8. On July 11, 2019, the Acquirer has acquired the entire shareholding of the Seller aggregating 45,899 Equity Shares constituting 72.32% of the Equity Share & Voting Capital of the Target Company through open market (block deal), in compliance with Regulation 22(2) of the SEBI (SAST) Regulations.
9. Post Open Offer, the Acquirer holds 48,820 Equity Shares aggregating to 76.92% of the Equity Share & Voting Capital of the Target Company.
10. Post closure of the Offer, the public shareholding now stands at 14,650 Equity Shares i.e. 23.08% of the Equity Share & Voting Capital which is below the minimum public shareholding (MPS) limit required to maintain continuous listing under Regulation 38 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 and Rule 19A of the Securities Contracts (Regulation) Rules, 1957. The Acquirer shall bring down the non-public shareholding in the Target Company to the level specified within the time prescribed in the proviso of Securities Contracts (Regulation) Rules, 1957, SEBI (SAST) Regulations and the SEBI (LODR) Regulations, 2015.
11. The Acquirer and its board of directors accept full responsibility for the information contained in this Post Offer PA and also for the obligations of the Acquirer as laid down in the SEBI (SAST) Regulations.
12. A copy of this Post Offer PA will be available on the websites of SEBI and BSE and at the registered office of the Target Company.

ISSUED BY MANAGER TO THE OFFER ON BEHALF OF THE ACQUIRER

SYSTEMATIX GROUP
Investments Re-defined

Systematix Corporate Services Limited
SEBI Registration No. INM 000004224
The Capital, A-Wing, 6th Floor, No. 603-606, Plot No. C-70, G-Block, Bandra-Kurla Complex (BKC), Bandra (East), Mumbai 400 051, Maharashtra, India.
Telephone: +91-22-6704 8000; Facsimile: +91-22-6704 8022
Email: ecm@systematixgroup.in; Website: www.systematixgroup.in
Contact Person: Mr. Amit Kumar

For and on behalf of the Acquirer
Salzer Electronics Limited
Sd/-
Authorised Signatory
Name: S. Baskarasubramanian
Designation: Director (Corporate Affairs) & Company Secretary
(DIN: 00003152 & FCS: 4605)

Date: September 23, 2019
Place: Coimbatore

प्रपत्र ए
सार्वजनिक उद्घोषणा
(भारत दिवाला तथा दिवालिया मंडल (कॉर्पोरेट व्यक्तियों के लिए दिवाला प्रस्ताव प्रक्रिया) विनियम, 2016 के विनियम 6 के अंतर्गत)

[illegible] प्राइवेट लिमिटेड के क्रेडीटरों के ध्यानार्थ

संबंधित विवरण

1	कॉर्पोरेट ऋणधारक का नाम	[illegible] प्राइवेट लिमिटेड
2	कॉर्पोरेट ऋणधारक के निगमन की तिथि	[illegible] / 2004
3	वह प्राधिकरण जिसके अंतर्गत कॉर्पोरेट ऋणधारक निगमित / पंजीकृत है	कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय– आरओसी– दिल्ली
4	कॉर्पोरेट पहचान संख्या / सीमित दायित्व पहचान संख्या	[illegible]
5	कॉर्पोरेट ऋणधारक के पंजीकृत कार्यालय तथा प्रधान कार्यालय (यदि कोई हो) का पता	[illegible], नई दिल्ली 110001
6	कॉर्पोरेट ऋणधारक के संदर्भ में दिवाला आरंभ होने की तिथि	[illegible] आदेश की सूचना 26.09.2019 को प्राप्त हुई
7	दिवाला प्रस्ताव प्रक्रिया के समापन की अनुमानित तिथि	[illegible]
8	अंतरिम प्रस्ताव प्रोफेशनल का नाम, पंजीकरण संख्या, जो अंतरिम प्रस्ताव प्रोफेशनल के रूप में कार्यरत है	अमित गुप्ता IBBI/IPA-002/IP-N00021/2016-2017/10048
9	बोर्ड में यथा पंजीकृत अंतरिम प्रस्ताव प्रोफेशनल का पता एवं ईमेल	[illegible] लखनऊ 226001 ईमेल: [illegible]@gmail.com
10	अंतरिम प्रस्ताव प्रोफेशनल के साथ पत्राचार के लिये प्रयुक्त होने वाला पता तथा ईमेल	[illegible], नई दिल्ली 110048 ईमेल: [illegible]@gmail.com सम्पर्क न. 011-40522285
11	दावे जमा करने की अंतिम तारीख	[illegible]
12	क्रेडीटर का वर्ग यदि कोई हो, धारा 21 की उप धारा (6क) के उपवाक्य (बी) के अंतर्गत अंतरिम प्रस्ताव प्रोफेशनल द्वारा सुनिश्चित किया गया	रियल एस्टेट आबंटियों
13	किसी वर्ग में क्रेडीटर के प्राधिकृत प्रतिनिधि के रूप में कार्य करने के लिये चयनित किये गये इन्सॉल्वेन्सी प्रोफेशनल का नाम (प्रत्येक वर्ग से तीन नाम)	(1) श्री [illegible], [illegible], राजस्थान, 302017, [illegible]@gmail.com, IBBI/IPA-002/IP-N00625/2018-2019/11963; (2) श्री [illegible] गुप्ता, [illegible], जानकीपुरम, लखनऊ, उत्तर प्रदेश, 226021, [illegible], IBBI/IPA-001/IP-P-01468/2018-2019/12211; (3) श्री [illegible] कुमार गुप्ता, बी–[illegible], कालकाजी, नई दिल्ली, दिल्ली, 110019, [illegible]@yahoo.co.in, IBBI/IPA-003/IP-N00078/2017-18/10751
14	(क) संबंधित प्रपत्र तथा (ख) प्राधिकृत प्रतिनिधियों का विवरण उपलब्ध है	(क) संबंधित प्रपत्र, वेबसाइट लिंक [illegible] (ख) प्राधिकृत प्रतिनिधियों का विवरण बिंदु 13 पर उपलब्ध है

[illegible] सूचित किया जाता है कि नेशनल कंपनी विधि अधिकरण ने 20.09.2019 को [illegible] प्राइवेट लिमिटेड की कॉर्पोरेट इन्सॉल्वेन्सी प्रस्ताव प्रक्रिया शुरू करने का आदेश दिया है।

[illegible] प्राइवेट लिमिटेड के क्रेडीटरों को निर्देश दिया जाता है कि प्रविष्टि संख्या 10 में वर्णित पते पर अंतरिम प्रस्ताव प्रोफेशनल के पास 04.10.2019 को या उससे पूर्व अपने दावों का प्रमाण जमा करें।

वित्तीय क्रेडीटर्स केवल इलेक्ट्रॉनिक पद्धति से ही अपने दावे का प्रमाण जमा कर सकते हैं। अन्य सभी क्रेडीटर्स व्यक्तिगत, डाक द्वारा अथवा इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों से अपने दावे का प्रमाण जमा कर सकते हैं।

[illegible]

दावे का गलत अथवा भ्रामक प्रमाण जमा करने पर दंडित किया जा सकता है।

स्थान: दिल्ली
तिथि: 23.09.2019
हस्ता./–
अमित गुप्ता
(अंतरिम प्रस्ताव प्रोफेशनल [illegible] प्राइवेट लिमिटेड के लिए)
IBBI/IPA-002/IP-N00021/2016-2017/10048

गर्व इण्डस्ट्रीज लिमिटेड के इक्विटी शेयरधारकों के ध्यानार्थ प्रस्ताव पश्चात विज्ञापन
कारपोरेट पहचान संख्या : L74990DL2017PLC324826
पंजीकृत कार्यालय : म. नं. 8885, गली नं. 2, मुल्तानी ढांडा, पहाड़गंज, दिल्ली–110055, दूरभाष : +91-011-23629277, ई–मेल : info@garvindustries.com
वेबसाइट : www.garvindustries.com

श्री स्वर्णजीत सिंह सयाल तथा श्री रुबलजीत सिंह सयाल (''अभिग्रहणकर्ता'') द्वारा गर्व इण्डस्ट्रीज लिमिटेड (''जीआईएल'' अथवा ''लक्ष्य कम्पनी'' अथवा ''टीसी'') के इक्विटी शेयरधारकों से रु. 10/– प्रत्येक के 26,52,000 तक इक्विटी शेयरों के अभिग्रहण हेतु खुला प्रस्ताव (''प्रस्ताव'')।

इस प्रस्ताव पश्चात विज्ञापन का निर्गमन भारतीय प्रतिभूति तथा विनिमय बोर्ड (शेयर का पर्याप्त अधिग्रहण तथा टेकओवर) विनियम, 2011 के विनियम 18(12) तथा इसके संशोधनों [''सेबी (एसएएसटी) विनियम, 2011''/विनियम] के अनुपालन में लक्षित कम्पनी (''प्रस्ताव'') के बकाया इक्विटी शेयर पूँजी का 26% प्रतिनिधान करते हुए रु. 10.65 प्रति इक्विटी शेयरों पर लक्षित कम्पनी के फेस वैल्यू रु. 10 प्रत्येक (''इक्विटी शेयर'') के 26,52,000 इक्विटी शेयरों के अभिग्रहण हेतु अभिग्रहणकर्ता द्वारा किये गये मुक्त प्रस्ताव के सम्बन्ध में अभिग्रहणकर्ता की ओर से फास्ट ट्रैक फिनसेक प्राइवेट लिमिटेड (''प्रस्ताव के प्रबन्धक'') द्वारा किया गया है। उपर्युक्त प्रस्ताव के परिप्रेक्ष्य में विस्तृत सार्वजनिक अभिकथन 16 जुलाई, 2019 को निम्नलिखित समाचारों में किया गया था :

समाचार–पत्र	भाषा	संस्करण
फाइनेंशियल एक्सप्रेस	अंग्रेजी	सभी संस्करण
जनसत्ता	हिन्दी	सभी संस्करण
फाइनेंशियल एक्सप्रेस	मराठी	मराठी

1	लक्षित कम्पनी का नाम	गर्व इण्डस्ट्रीज लिमिटेड
2	अभिग्रहणकर्ता का नाम	श्री स्वर्णजीत सिंह सयाल तथा श्री रुबल जीत सिंह सयाल
3	प्रस्ताव के प्रबन्धक का नाम	फास्ट ट्रैक फिनसेक प्राइवेट लिमिटेड
4	प्रस्ताव के रजिस्ट्रार का नाम	स्काईलाइन फाईनेंशियल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड
5	प्रस्ताव का विवरण : (अ) प्रस्ताव खुलने की तिथि (ब) प्रस्ताव बन्द होने की तिथि	04 सितम्बर, 2019–बुधवार 18 सितम्बर, 2019–बुधवार
6	प्रतिफल के भुगतान की पूर्णता की तिथि तथा अस्वीकरण/स्वीकरण की सूचना	25 सितम्बर, 2019–बुधवार

7. अभिग्रहण का विवरण :

क्रम सं.	विवरण	प्रस्ताव के पत्र में प्रस्तावित		वास्तविक आँकड़े	
7.1	प्रस्ताव का मूल्य (रु. में)	रु. 10.65 (रुपये दस एवं पैंसठ पैसे मात्र)		रु. 10.65 (रुपये दस एवं पैंसठ पैसे मात्र)	
7.2	निविदाकृत शेयरों की कुल संख्या	26,52,000 इक्विटी शेयर		शून्य	
7.3	स्वीकृत शेयरों की कुल संख्या	26,52,000 इक्विटी शेयर		शून्य	
7.4	प्रस्ताव का आकार (प्रति इक्विटी शेयर प्रस्ताव मूल्य द्वारा गुणित इक्विटी शेयरों की संख्या)	रु. 2,82,43,800 (रुपये दो करोड़ बयासी लाख तैंतालीस हजार आठ सौ मात्र)		रु. 2,82,43,800 (रुपये दो करोड़ बयासी लाख तैंतालीस हजार आठ सौ मात्र)	
7.5	सार्वजनिक घोषणा से पूर्व अभिग्रहणकर्ता की शेयरधारिता (अ) नहीं (ब) इक्विटी शेयर पूँजी का %	शून्य अप्रयोज्य		शून्य अप्रयोज्य	
7.6	शेयर खरीद अनुबन्ध ('एसपीए') के माध्यम से अर्जित शेयर/अर्जित किये जाने वाले शेयर (अ) नहीं (ब) इक्विटी शेयर पूँजी का %	69,99,800 68.63%		69,99,800 68.63%	
7.7	मुक्त प्रस्ताव के माध्यम से अर्जित शेयर (अ) नहीं (ब) इक्विटी शेयर पूँजी का %	26,52,000. 26%*		शून्य अप्रयोज्य	
7.8	विस्तृत सार्वजनिक अभिकथन ('डीपीएस') के पश्चात अर्जित शेयर (अ) नहीं (ब) इक्विटी शेयर पूँजी का % (स) अर्जित शेयर का मूल्य	शून्य शून्य अप्रयोज्य		शून्य शून्य अप्रयोज्य	
7.9	अभिग्रहणकर्ता की प्रस्ताव पश्चात शेयरधारिता	शेयरों की संख्या 96,51,800	इक्विटी शेयर पूँजी का % 94.63%	शेयरों की संख्या 69,99,800	इक्विटी शेयर पूँजी का % 68.63%
7.10	जनता की प्रस्ताव पूर्व एवं पश्चात शेयरधारिता (अ) नहीं (ब) इक्विटी शेयर पूँजी का %	प्रस्ताव पूर्व 32,00,200 3137%	प्रस्ताव पश्चात 5,48,200 5.37%	प्रस्ताव पूर्व 32,00,200 3137%	प्रस्ताव पश्चात 32,00,200 31.37%

* मुक्त प्रस्ताव में पूर्ण स्वीकृति मानते हुए।

8. अभिग्रहणकर्ता इस प्रस्ताव पश्चात विज्ञापन में लिखित सूचना तथा विनियमों के अधीन दायित्वों का भी पूर्ण उत्तरदायित्व स्वीकार करता है।
9. इस प्रस्ताव पश्चात विज्ञान की एक प्रति सेबी, बीएसई लिमिटेड तथा लक्षित कम्पनी के पंजीकृत कार्यालय की वेबसाइट पर भी उपलब्ध होगी।

इस विज्ञापन में कैपिटलीकृत शब्द किन्तु परिभाषित नहीं, के अर्थ वहीं होंगे जो 7 अगस्त, 2019 को प्रस्ताव–पत्र में इन शब्दों के लिए प्रयुक्त किये गये हैं।

अभिग्रहणकर्ता की ओर से प्रस्ताव के प्रबन्धक द्वारा जारी :

फास्ट ट्रैक फिनसेक प्राइवेट लिमिटेड
बी–502, स्टेट्समैन हाउस,
147 बाराखम्भा रोड, नई दिल्ली–110001
दूरभाष नं. : 011-43029809
ई–मेल : mb@fifinsec.com
वेबसाइट : www.fifinsec.com
सम्पर्क व्यक्ति : श्री पवन कुमार माहुर
सेबी पंजी. सं. : INM000012500
सीआईएन : U65191DL2010PTC200381
स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 24 सितम्बर, 2019

आन्ध्रा बैंक
(भारत सरकार का उपक्रम)

पुराना स्टेशन रोड, एससीओ–5, जेल लैण्ड, सोहना चौक, गुड़गाँव–122001
टेली.: 0124-2300494

ई–नीलामी की सूचना
{प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 9}

जैसा कि श्री सौरभ नैयर, पुत्र श्री राजीव नैयर तथा श्रीमती रीति नैयर, पत्नी श्री राजीव नैयर, निवासी 152/12 बी, कृष्णा कॉलोनी गुड़गाँव ने आन्ध्रा बैंक, गुड़गाँव ओल्ड स्टेशन रोड शाखा से साख सुविधाएं प्राप्त की हैं तथा आगे के ब्याज, लागत, चार्जेज के साथ बैंक को देय 20.9.2019 को रु. 42,95,599/– के भुगतान में चूक की है। अतएव, वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्त्तन अधिनियम, 2002 के 54 की धारा 13 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए आन्ध्रा बैंक ने सार्वजनिक नीलामी में नीचे वर्णित सम्पत्ति की बिक्री करने का फैसला किया है जो यहाँ नीचे वर्णित वेबसाईट/पोर्टल के माध्यम से ई–नीलामी द्वारा आयोजित की जायेगी।

प्रतिभूत परिसम्पत्तियों का आरक्षित मूल्य रु. 72,00,000/– (रुपये बहत्तर लाख मात्र) होगी जिससे कम में सम्पत्ति की बिक्री नहीं की जायेगी।

नीलामी में भाग लेने तथा संपत्ति खरीदने के इच्छुक व्यक्तियों को गुड़गाँव ओल्ड स्टेशन रोड शाखा के प्राधिकृत अधिकारी के पक्ष में ईएफटी/आरटीजीएस/एनईएफटी अंतरण द्वारा धरोहर राशि के रूप में नीचे वर्णित आरक्षित मूल्य के 10% की राशि का भुगतान करना होगा जो खाता नं. 237311100003369, आन्ध्रा बैंक, गुड़गाँव ओल्ड स्टेशन रोड शाखा, जिसका शाखा कोड 2373, आईएफएससी कोड ANDB0002373 है, में क्रेडिट किया जायेगा। ईएमडी का भुगतान 23.10.2019 के 4.00 बजे अप. से पूर्व किया जाएगा।

ईएमडी के भुगतान के बाद इच्छुक क्रेता को नीचे दिए गए ई–नीलामी सेवा प्रदाता के पास अपना नाम पंजीकृत करना होगा तथा अपना यूजर आईडी तथा पास्वर्ड प्राप्त करना होगा। लॉगिन आईडी एवं पास्वर्ड बनाने, डैटा अपलोड करने, बोली जमा करने के लिए इच्छुक क्रेता सेवा प्रदाता का सहयोग ले सकते हैं तथा निशुल्क ई–नीलामी पर प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं।

वैध यूजर आईडी/ पास्वर्ड प्राप्त किए होने तथा एनईएफटी/ आरटीजीएस द्वारा ईएमडी का संपुष्ट भुगतान किए होने वाले इच्छुक क्रेता प्राधिकृत अधिकारी की क्लीयरैंस के अधीन ई–नीलामी प्रक्रिया में भाग लेने के लिए योग्य होंगे।

न्यूनतम बोली गुणक अपसेट मूल्य का 1% अथवा रु. 100000 (रुपये एक लाख) इसमें जो भी कम हो, होगा।

संपत्ति की ई–नीलामी 24.10.2019 को बिक्री की पूर्णता/ समाप्ति तक प्रति 5 मिनट के स्वतः समय– विस्तार के साथ 12 बजे अप. से 1 बजे अप. के बीच एंटेयर्स सिस्टम्स लिमिटेड की वेबसाईट पर होगी।

संपत्ति की बिक्री उच्चतम मूल्य/ बोली का प्रस्ताव करने वाले बोलीदाता को की जाएगी तथा वह बैंक द्वारा पुष्टि के अधीन होगी।

अचल संपत्ति के लिए सफल बोलीदाता/ क्रेता को उसी दिन तत्काल या अधिकतम अगले कार्य दिवस, जैसा भी मामला हो तक जमा की गई धरोहर राशि सहित 25% मूल्य/ बोली राशि का प्राधिकृत अधिकारी के पास भुगतान करना होगा जिसमें चूक करने पर संपत्ति की फिर से बिक्री की जाएगी।

क्रेता को शेष 75% राशि का भुगतान अचल संपत्ति की बिक्री की पुष्टि के 15 दिनों के भीतर या क्रेता तथा प्रतिभूत क्रेडीटर के बीच लिखित में स्वीकृत विस्तारित अवधि में किया जाएगा। यदि निर्धारित अवधि के भीतर भुगतान नहीं की जाती है तो जमा की गई राशि जब्त कर ली जाएगी तथा बैंक संपत्ति की फिर से बिक्री करने के लिए स्वतंत्र होगा।

बैंक की जानकारी में संपत्ति पर कोई अधिभार नहीं है।

इच्छुक पार्टी 4.10.2019 को 10.00 बजे पूर्वा. से 4.00 बजे अप. के बीच संपत्ति का निरीक्षण कर सकते हैं। नीलामी में भाग लेने वाली पार्टियों को नीलामी में भाग लेने से पूर्व उपयुक्त ड्यू डिलिजेंस कराना होगी। संपत्ति से संपंधित किसी भी कोर्ट में बाद में किसी भी विवाद के लिए बैंक उत्तरदायी नहीं होगा।

आय कर अधिनियम, 1961 की धारा 194– आईए के अनुसार यदि बिक्री मूल्य रु. 50,00,000/– (रुपए पचास लाख) तथा अधिक होती है तो बिक्री राशि पर 1% की दर से टीडीएस लागू होगा। सफल बोलीदाता/ क्रेता बिक्री मूल्य से 1% की टीडीएस की कटौती करेंगे तथा उसे बैंक के नाम तथा विक्रेता के रूप में पैन नं. AABCA7375C को शामिल करते हुए प्रपत्र 16–बी में आयकर विभाग में जमा करेंगे तथा बैंक के पास टीडीएस का मूल रसीद जमा करेंगे।

स्थानीय करों, आबकारी शुल्क तथा अन्य किसी सांविधिक देयताओं का भुगतान करने के लिए क्रेता उत्तरदायी होंगे। बिक्री पूरा करने के लिए निष्पादित दस्तावेजों पर पंजीकरण प्रभारों तथा स्टांप शुल्क का वहन क्रेता को ही करना होगा।

संपत्ति की बिक्री जैसा है जहां है तथा जो भी वहां है आधार पर सेवा प्रदाता की वेबसाईट पर प्रदर्शित नियमों एवं शर्तों के अनुसार की जाएगी। इच्छुक बोलीदाता बैंक के प्रभारों के अतिरिक्त किसी भी प्राधिकरण के संपत्तियों पर किसी दावे, चार्जेज/ अधिभारों के संदर्भ में अपनी गोपनीय जांच कर ले तथा अपनी बोली जमा करने से पूर्व संपत्ति के टाइटल, विस्तार, गुणवत्ता तथा मात्रा के विषय में स्वयं को संतुष्ट कर लें। बिक्री के लिए बिक्री की संपत्ति, संपत्ति पर चार्जेज/अधिभारों अथवा अन्य किसी भी विषय पर किसी भी प्रकार के दावे पर ऑन लाईन बोली जमा कर देने के बाद विचार नहीं होगा। संपत्ति की बिक्री से संबंधित बैंक का निर्णय अंतिम तथा बाध्यकारी होगा तथा उस पर कोई प्रश्न नहीं उठाया जा सकेगा। प्राधिकृत अधिकारी को बिना कोई कारण बताए बिक्री को निरस्त या निलम्बित करने का अधिकार प्राप्त है।

अचल सम्पत्ति का विवरण

भूमि तथा भवनः गली नं. 4, निकट शिव मंदिर, कृष्णा कॉलोनी, मैन रोड, गुड़गाँव में मकान सं. 152/12 बी, माप 77.5 वर्ग यार्ड्स में स्थित आवासीय सम्पत्ति, माप लगभग 697.5 वर्ग फीट। चौहद्दीः पूर्वः गली, पश्चिमः राजन नैय्यर का मकान (निर्माणाधीन), उत्तरः मैन रोड, दक्षिणः राजेश नैय्यर का मकान।

ऊपर वर्णित संपत्ति की ई–नीलामी ई–नीलामी सेवा प्रदाताः एन्टेयर्स सिस्टम्स लिमिटेड # 24, सुधा कॉम्प्लैक्स, 3रा स्टेज, 4था ब्लॉक, बसवेश्वरनगर, बैंग्लोर–560079, संपर्क व्यक्तिः श्री तौशिक घोष एवं श्री कुशल घोस एवं श्री विनोद सिंह बोरा, मो.नं. 9674758724 एवं 7686913157 एवं 9718227288, ईमेल आईडीः toushik.g@anterassystems.com, kushal.b@antaressystems.com, vinodsingh.b@antaressystems.com, टोल फ्री नं. 18001026185, लैण्डलाइन नं.: 080-43952000 द्वारा ई–नीलामी पोर्टलः www.tenderwizard.com/ANB के माध्यम से संचालित की जाएगी।

ई–नीलामी तथा ई–नीलामी बोली प्रपत्र, उद्घोषणा प्रपत्र तथा विस्तृत नियमों एवं शर्तों से संबंधित विस्तृत विवरण आन्ध्रा बैंक, संबंधित शाखा/प्राधिकृत अधिकारी (सम्पर्क फोन नं. 01242300494) से प्राप्त की जा सकती है तथा वह अधोलिखित वेबसाईटों पर भी उपलब्ध होगीः

1. **www.antaressystems.com/ANB 2. www.andhrabank.in 3. www.tenders.gov.in**

यह वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के नियम 8(6) तथा नियम 9 के अंतर्गत उपरोक्त ऋण के ऋणधारक (कों)/गारन्टर (रों)/मार्टगैजर (रों) के लिये एक सूचना है।

स्थानः गुरूग्राम, तिथिः 23.9.2019 प्राधिकृत अधिकारी, आन्ध्रा बैंक

जनसत्ता

24 सितंबर, 2019

नए रिश्तों का दौर

अमेरिका के शहर ह्यूस्टन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वागत-सम्मान में आयोजित भव्य समारोह 'हाउडी मोदी' का संदेश साफ है कि भारत और अमेरिका के रिश्ते में अब नए युग की शुरुआत हैं। इस आयोजन की अहमियत सिर्फ इसलिए नहीं मानी जानी चाहिए कि यह भारतीयों और अमेरिकियों की ओर से मोदी का सम्मान भर था, बल्कि यह समारोह इस वजह से ज्यादा महत्त्वपूर्ण रहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप खुद इसमें मौजूद रहे, मंच से हर मामले में मोदी की तारीफ की। आतंकवाद से निपटने से लेकर कारोबारी रिश्तों तक को मजबूत करने में अमेरिका भारत के साथ एकजुट दिखा। क्या कोई सोच सकता है कि आयात शुल्क जैसे मुद्दे पर कभी भारत को धमकाने वाले ट्रंप इस तरह दिल खोल कर भारतीय प्रधानमंत्री की आवभगत करेंगे! यह कोई मामूली बात नहीं है कि भारत के प्रधानमंत्री के लिए अमेरिकी कांग्रेस के सदस्य, टेक्सास के गवर्नर सहित तमाम बड़ी हस्तियां और कारोबारियों के साथ पचास हजार लोग स्टेडियम में मौजूद रहे। मोदी के इस सम्मान से वैश्विक पटल पर एक बार फिर भारत का डंका बजा है। हालांकि पहले भी ऐसे अवसर आए हैं जब प्रधानमंत्री मोदी ने इस तरह के आयोजनों में प्रवासी नागरिकों का दिल जीता है। 24 सितंबर 2014 को भी न्यूयॉर्क के मेडिसन स्क्वायर पर मोदी ने बीस हजार भारतीयों को संबोधित किया था।

ह्यूस्टन का समारोह जहां अमेरिका के साथ रिश्तों के नए आयाम गढ़ने वाला रहा है, वहीं इस मंच से ट्रंप और मोदी ने आतंकवाद के खिलाफ एकजुट होकर लड़ने का जो संकल्प व्यक्त किया है, वह पड़ोसी देश पाकिस्तान के लिए स्पष्ट और कड़ा संदेश है। दोनों नेताओं ने अपने भाषण में आतंकवाद को लेकर जो कुछ कहा, उसका सार यही था कि इस्लामी आतंकवाद दुनिया की शांति के लिए बड़ा खतरा है और इससे मिल कर निपटना होगा। इसके मायने पाकिस्तान को समझने चाहिए। आतंकवाद के मुद्दे पर अमेरिका ने पिछले कुछ समय में जिस तरह से भारत का साथ दिया है, उससे भी पाकिस्तान सकते में है। राष्ट्र हितों को लेकर ट्रंप और मोदी के बीच वैचारिक साम्यता की एक और झलक हाउडी मोदी में देखने को मिली। जहां भारत में घुसपैठियों को खदेड़ने के खिलाफ सरकार ने ठान रखी है, वहीं मैक्सिको से आने वाले लोगों के लिए ट्रंप का रुख भी दुनिया के सामने है। अवैध नागरिकों का मुद्दा भी इस समारोह से दूर नहीं रह पाया। स्टेडियम में भारतीय समुदाय के लोग 'जयश्री राम' और 'राम लला हम आएंगे .. मंदिर वहीं बनाएंगे' जैसे नारे लगा रहे थे। जाहिर है, भविष्य के भारत को लेकर मोदी की नीतियों और उनके काम को लेकर अमेरिका में रह रहे भारतीयों को भी उनसे उम्मीदें काफी हैं।

प्रधानमंत्री का ह्यूस्टन दौरा भारतीयों से मुलाकात और कारोबारी रिश्तों को बढ़ाने के मकसद से ज्यादा महत्त्वपूर्ण रहा है। अमेरिकी तेल कंपनियों के प्रमुखों के साथ प्रधानमंत्री की बैठक भारत के ऊर्जा क्षेत्र की जरूरतों को पूरा करने पर केंद्रित रही और कई बड़े फैसले हुए। इससे अब भारत के ऊर्जा बाजार में निवेश बढ़ाने के लिए अमेरिकी कंपनियों को और आसानी होगी। भारत की तात्कालिक चिंता कच्चे तेल की आपूर्ति को लेकर है, क्योंकि सऊदी अरब के तेल संयंत्रों पर हमले के बाद से तेल उत्पादन पर भारी असर पड़ा है। ऐसे में अब अमेरिका भारत को कच्चा तेल देगा। रक्षा क्षेत्र में भी दोनों देशों ने सहयोग बढ़ाने के लिए हाथ मिलाया है। कारोबारी लिहाज से अमेरिका अब भारत की अहमियत अच्छी तरह समझ चुका है। भारत के लिए यह कम बड़ी उपलब्धि नहीं है।

ताक पर कानून

पिछले कुछ समय से ऐसी घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं, जिनमें लोगों ने किसी व्यक्ति पर आरोप लगा कर कानून अपने हाथ में ले लिया और पीट-पीट कर उसकी जान ले ली। यह प्रवृत्ति चिंताजनक रूप से बढ़ी है और अब इसका दायरा बढ़ता जा रहा है। रविवार को आई खबरों के मुताबिक देश के अलग-अलग हिस्सों में सिर्फ शक के आधार पर तीन लोगों की बुरी तरह पिटाई गई जिससे उनकी मौत हो गई। दिल्ली में लोगों के घरों में खाना बना कर गुजारा करने और अपने बच्चों को पढ़ाने वाली एक विधवा महिला को चोरी का आरोप लगा कर एक परिवार ने इस कदर पीटा कि उसकी जान चली गई। इसी तरह, राजस्थान के झालावाड़ जिले में चोर बता कर एक दलित युवक को बेरहमी से पीट कर मार डाला गया। इसके अलावा, झारखंड में गोमांस बेचने के आरोप में तीन युवकों की बुरी तरह पिटाई की गई, जिसमें एक की मौत हो गई। कानून की फिक्र को ताक पर रख एक दिन में इस तरह की तीन घटनाएं आखिर क्या बताती हैं? क्या स्थिति यहां तक आ चुकी है कि भीड़ में शामिल होने या किसी बहाने जानलेवा तरीके से पिटाई करने वाले लोगों के दिमाग में कानून का खयाल नहीं आता?

पिछले साल सुप्रीम कोर्ट ने साफ लहजे में कहा था कि कोई भी व्यक्ति अपने आप में कानून नहीं बन सकता है और लोकतंत्र में भीड़तंत्र की इजाजत नहीं दी जा सकती है। अदालत ने भीड़ के हाथों हत्या को एक अलग अपराध की श्रेणी में रखने और इसकी रोकथाम के लिए नया कानून बनाने की बात कही थी। लेकिन उसके बाद मौजूदा कानूनों को भी धता बता कर ऐसी घटनाएं जिस तरह बदस्तूर जारी हैं, उससे साफ है कि ऐसे अपराधों पर लगाम लगाना शायद सरकारों की प्राथमिकता में नहीं है। कभी गोमांस के बहाने तो कभी बच्चा चोरी या फिर कोई सामान चुराने के आरोप में पकड़े गए किसी व्यक्ति को जब कोई समूह बर्बरता से पिटाई करने लगता है तो आखिर उसका विवेक क्यों ऐसा करने की इजाजत देता है? ऐसे लोगों को यह समझना जरूरी क्यों नहीं लगता कि अगर कोई काम कानून की परिभाषा में अपराध है तो उसके लिए सजा भी कानूनी प्रक्रिया के तहत ही तय होगी? ऐसे लोग आरोपी को पकड़ने के बाद उसे पुलिस के हाथों में क्यों नहीं सौंपते और उनकी जानलेवा पिटाई की हिम्मत उनके भीतर कहां से आती है?

हालांकि किसी अफवाह या आरोप की वजह से लोग जिस तरह एक भीड़ की शक्ल में तब्दील हो रहे हैं, उसकी स्वाभाविक परिणति यही है कि ऐसी स्थिति में किसी तथ्य पर विचार करना जरूरी नहीं समझा जाता है और दिमाग पर सिर्फ उत्तेजना और उन्माद हावी रहता है। इसके अलावा, जो लोग भीड़ बन कर हिंसा करते हैं, अक्सर उन पर सख्त कानूनी कार्रवाई नहीं होती, संदेह या भ्रम के आधार पर ज्यादातर लोग हत्या के अपराध से बच जाते हैं या फिर कई बार उन्हें राजनीतिक संरक्षण प्राप्त होता है। ऐसे भी मामले सामने आए जब भीड़ के हाथों हत्या के अभियुक्तों को जमानत मिली तो किसी बड़े नेता ने उनका स्वागत भी किया। सवाल है कि क्या इससे बाकी जगहों पर अराजक तत्त्वों को शह नहीं मिलेगी? उन्माद की मानसिकता में जीने वाली भीड़ किसी के नियंत्रण में नहीं रहती है और उसका खमियाजा अमूमन निर्दोष लोगों को भुगतना पड़ता है। यह ध्यान रखने की जरूरत है कि अगर यह चलन इसी रफ्तार से आगे बढ़ी तो देश के लोकतांत्रिक ढांचे और विधि के शासन के सामने एक बड़ी चुनौती खड़ी हो जाएगी।

कल्पमेधा

जिस समय हम समझते हैं कि नेतृत्व कर रहे हैं, उस समय अक्सर हम दूसरे के नेतृत्व में होते हैं।

– बायरन

जाली मुद्रा का बाजार

अभिजीत मोहन

नोटबंदी से पहले देश के विभिन्न बैंकों के एटीएम से नकली नोट निकल रहे थे। उत्तर प्रदेश के कई बैंकों के चेस्ट में भारी मात्रा में नकली नोट पाए गए थे। यह किसी से छिपा नहीं है कि देश में ऐसे कई गिरोह हैं जो नकली नोटों का कारोबार कर रहे हैं, लेकिन वे जांच एजेंसियों की पकड़ से बाहर हैं।

यह चिंताजनक है कि सरकर की कड़ी निगरानी के बावजूद देश में नकली नोटों का प्रवाह थम नहीं पा रहा। भारतीय रिजर्व बैंक के मुताबिक बीते दो वर्षों में नकली नोटों की संख्या में दस गुना से ज्यादा बढ़ोत्तरी हुई है। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के मुताबिक 2017-18 और 2018-19 में नकली नोटों की संख्या में भारी इजाफा हुआ है। चिंता की बात यह है कि बड़े नकली नोटों के अलावा अब दस, बीस और पचास रुपए के छोटे नकली नोट भी बाजार में हैं। रिजर्व बैंक के आंकड़े बताते हैं कि एक वर्ष के दौरान दस, बीस और पचास रुपए के नकली नोटों में क्रमशः 20.2, 87.2 और 57.3 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी हुई है। यानी दो साल के दरम्यान छोटी मुद्राओं में नकली नोटों की संख्या चार गुना तक बढ़ी है। आंकड़ों पर गौर करें तो पचास रुपए के नकली नोटों की संख्या नौ हजार से बढ़ कर छत्तीस हजार तक पहुंच गई है। रिजर्व बैंक के मुताबिक बाजार में सबसे अधिक सौ रुपए के नकली नोट मौजूद हैं। हालांकि सौ रुपए के नकली नोटों में साढ़े फीसद की कमी आई है। रिपोर्ट के मुताबिक पिछले दो वर्षों में दो हजार रुपए के नकली नोटों की संख्या में भी बाईस प्रतिशत का इजाफा हुआ है। इसी तरह दो सौ रुपए के नकली नोटों में एक सौ साठ गुना वृद्धि हुई है।

पिछले साल 2018 में दो सौ रुपए के उनयासी जाली नोट पकड़े गए थे, जबकि इस साल इनकी संख्या बारह हजार सात सौ अट्ठासी हो गयी। इसी तरह पांच सौ रुपए के नकली नोटों में एक सौ इक्कीस प्रतिशत की बढ़ोत्तरी हुई है। 2016-17 में पांच सौ रुपए के नकली नोटों की संख्या सिर्फ एक सौ निन्यानवे थी, जो 2018-19 में बढ़ कर बाईस हजार पहुंच गई। गत वर्ष एक रिपोर्ट में इस बात का खुलासा हुआ था कि पिछले दस सालों में देश के बैंकिंग तंत्र में लेनदेन के दौरान नकली मुद्रा पकड़े जाने के मामले तेजी से बढ़े हैं। साल 2007-08 में सरकार ने पहली बार यह अनिवार्य किया था कि निजी बैंकों और देश में संचालित सभी विदेशी बैंकों के लिए नकली मुद्रा पकड़े जाने संबंधी किसी भी घटना की जानकारी धनशोधन रोधी कानून के प्रावधान के तहत वित्तीय खुफिया इकाई (एफआईयू) को देनी होगी। उसके बाद से एकत्र किए गए आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2009-10 में सवा लाख से से ज्यादा ऐसे मामले दर्ज हुए थे। एक ही साल यानी 2010-11 में ऐसे दर्ज मामलों की संख्या ढाई लाख से ज्यादा हो गई और वर्ष 2011-12 में ये सवाल तीन लाख से ऊपर निकल गए। इन आंकड़ों से साफ है कि देश में बड़े पैमाने पर नकली नोटों का प्रवाह जारी है।

राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो भी खुलासा कर चुका है कि देश में सबसे अधिक पांच सौ रुपए के नकली नोट चल रहे हैं। आंकड़ों के मुताबिक वर्ष 2015 में पांच सौ रुपए के 2,99,524 नोट, सौ रुपए के 2,17,189 नोट और एक हजार रुपए के 1,78,022 नकली नोट बरामद किए गए। नोटबंदी से पहले के एक आंकड़े के मुताबिक रिजर्व बैंक और जांच एजेंसियों की संख्ती के बावजूद भारतीय बाजार में मौजूद साढ़े ग्यारह लाख करोड़ रुपए की मुद्रा में बड़ी संख्या में नकली नोट मौजूद होने का खुलासा हुआ था। यह भी आशंका जाहिर की गई थी कि यह आंकड़ा चार सौ करोड़ रुपए से भी अधिक हो सकता है। नोटबंदी से पहले देश के विभिन्न बैंकों के एटीएम से नकली नोट निकल रहे थे। उत्तर प्रदेश के कई बैंकों के चेस्ट में भारी मात्रा में नकली नोट पाए गए थे। यह किसी से छिपा नहीं है कि देश में ऐसे कई गिरोह हैं जो नकली नोटों का कारोबार कर रहे हैं, लेकिन वे जांच एजेंसियों की पकड़ से बाहर हैं। अब भी पाकिस्तान नकली नोटों की खेप बांग्लादेश के जरिए भारत में भेज रहा है। सुरक्षा एजेंसियां पहले भी खुलासा कर चुकी हैं कि पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आइएसआइ सालाना दस हजार करोड़ रुपए मूल्य के भारतीय नोटों की नकली मुद्रा छाप कर भारत में भेजने की योजना पर काम कर रही है। खास बात यह कि नोटबंदी के बाद भी पाकिस्तान इस खेल में जुटा हुआ है।

दरअसल, उसकी मंशा नकली नोटों के जरिए आतंकवाद को बढ़ावा देना और भारतीय अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचाने की है। आंकड़ों पर गौर करें तो वर्ष 2010 में तकरीबन सोलह अरब रुपए मूल्य की नकली मुद्रा नेपाल और बांग्लादेश के जरिए भारत भेजी गई थी। इसी तरह वर्ष 2011 में बीस अरब रुपए की नकली मुद्रा भेजी गई। इस जाली मुद्रा में तकरीबन साठ फीसद हिस्सा पाकिस्तान में छापा गया था। वर्ष 2015 में भी इन रास्तों से तकरीबन तीन करोड़ से ज्यादा की मुद्रा पकड़ी गई थी।

अच्छी बात है कि समय-समय पर भारतीय रिजर्व बैंक देश के नागरिकों को प्रचार-प्रसार के जरिए असली-नकली नोटों के फर्क को समझाता रहता है। बैंकों को भी हिदायत दी जाती है कि वे नोटों को लेने से पहले उसकी जांच जरूर कर लें। इसमें दो राय नहीं कि नोटबंदी के बाद भी नकली मुद्रा के धंधे से जुड़े लोगों पर अभी तक पूरी तरह से शिकंजा नहीं कसा जा सका है। हालांकि भारत सरकार ने नकली नोटों पर अंकुश रखने के उपाय सुझाने के लिए शैलभद्र बनर्जी की अध्यक्षता में एक समिति गठित की थी, जिसने अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंप दी है। इस रिपोर्ट पर अमल करते हुए मुद्रा निदेशालय में अतिरिक्त सचिव स्तर का महानिदेशक का पद सृजित किया गया है। इसके अलावा कई अन्य और कदम उठाए गए हैं। मसलन, सरकार ने बेहद सुरक्षित किस्म के कागजों पर नोट छापने का निर्णय लिया है। इसके लिए मैसूर में अत्याधुनिक तकनीक पर आधारित नोटों के कागज बनाने का कारखाना लगाया जा रहा है। इस कारखाने में निर्मित करेंसी कागज की नकल करना किसी के लिए भी आसान नहीं है। गौरतलब है कि अभी भारत में इस्तेमाल होने वाले अधिकांश करेंसी कागज आयातित होते हैं। हर वर्ष भारत तेरह अरब रुपए मूल्य के कागज आयात करता है।

नकली नोटों के अवैध धंधे को रोकने के लिए वित्त मंत्रालय, गृह मंत्रालय, भारतीय रिजर्व बैंक और केंद्र और राज्य सरकारों की सुरक्षा व खुफिया एजेंसियां मिल कर काम कर रही हैं। गौरतलब है कि एजेंसियों के बीच तालमेल बनाए रखने के लिए गृह मंत्रालय में एक संयोजन समिति बनाई गई है। इसके अलावा, रिजर्व बैंक ने नकली नोटों पर लगाम लगाने के लिए पिछले साल एक तरफ बिना छपाई वर्ष वाले 2005 से पुराने नोटों को परिचालन से बाहर कर दिया है। वहीं नए नोटों पर सुरक्षा मानक ज्यादा उन्नत बना दिए गए हैं। इसके अलावा रिजर्व बैंक ने पिछले साल से ही नंबर पैनल पर आकार में नोटों के नंबर की छपाई बढ़ते हुए क्रम में शुरू कर दी है। बेहतर होगा कि भारत सरकार नकली नोटों की समस्या से निपटने के लिए और कड़ा कदम उठाए। इसमें अमेरिका मददगार साबित हो सकता है। इसलिए कि उसके पास नकली नोटों से निपटने की उच्च प्रौद्योगिकी विद्यमान है और साथ ही उसके पास हर नकली अमेरिकी डॉलर का फोटो सहित डाटाबेस भी उपलब्ध है। उसे जानकारी हो जाती है कि नकली डॉलर कहां और किस रास्ते से आता है और इसे लाने वाले लोग कौन लोग हैं। अगर भारत भी अमेरिकी प्रौद्योगिकी की सहायता लेता है तो निःसंदेह नकली नोटों से निपटने में मदद मिलेगी।

नसीहत के फूल

राजेंद्र प्रसाद

दुनिया मेरे आगे

हरेक की जिंदगी के समंदर में अनेक उतार-चढ़ाव आते हैं। ऐसे में जब कभी एकांत में जिंदगी के बारे में सोचने-विचारने का अवसर मिलता है तब समझ आता है कि केवल सांस लेने या छोड़ने का नाम जिंदगी नहीं है। ऐसी स्वतः स्फूर्त क्रिया तो निहायत कुदरती उसूल है, जिसे हमें याद नहीं करना पड़ता कि सांस कब लेना या कब छोड़ना है। अगर हम ठीक से जीवन पर विचार करें तो बहुत सारे पहलू और आयाम हमसे जुड़े होते हैं। उदाहरण के लिए एक बच्चा पैदा होने के बाद ज्यों-ज्यों बड़ा होता जाता है त्यों-त्यों खुद को संसार में मोह-माया की केंचुली में निरंतर ऐसा लिपटा हुआ पाता है, जिसमें अपने इर्द-गिर्द के परिवार वाले या संसारवासी समझा-पढ़ा देते हैं कि पढ़ो, पैसा कमाओ और विकास की भूख को शांत करो। इससे ऐसा जरूर लगता है जैसे बचपन में हम खूब पढ़ें, बड़े होकर अच्छा भविष्य बनाएं। अच्छा भविष्य पैसा कमाने से जुड़ा हुआ देखते हैं या गृहस्थी चलाने के लिए अर्थ को प्रधान मान कर विकास की सब क्रियाओं से गुजरते हैं। लेकिन ऐसा लगता है कि अर्थ के चक्कर में बहुत सारा अनर्थ भी जीवन में कर जाते हैं, जिसकी आपाधापी में इंसान का जीवन कीचड़ में ऐसा सन जाता है कि जीवन का उद्देश्य बहुत सीमित-सा जान पड़ता है।

यों देखें तो जीवन में दुनिया की अच्छी-बुरी बातें कही-सुनी और की जाती है, सिर्फ अमल करना बाकी रह जाता है। सांसारिक चक्र से थोड़ा-सा सोचें तो लगेगा कि जिंदगी के असली और प्राकृतिक आनंद से हम अपने को काफी जुदा पाते हैं। मोटे तौर पर चार तरह के लोग होते हैं- पहले, जो जल्दी से कोई गलती नहीं करते या ठोकर खाने से पहले ही संभले होते हैं; दूसरे, किसी को ठोकर खाकर देखते हुए देख संभल जाते हैं; तीसरे, खुद ठोकर खाकर भविष्य के लिए संभल जाते हैं और चौथे, वे जो ठोकर खाकर भी कभी नहीं संभलते।

बेशक जिंदगी हमें बहुत कुछ सिखाती है। आज दुनिया में कितने लोग हैं जो सही को सही और गलत को गलत जानते हैं। कटु सत्य है कि गलत को गलत और सही को सही पहचानना और कहना आज के युग में असंभव नहीं तो मुश्किल जरूर है। लगता है कि हम बदलते दौर के ऐसे कालखंड में जी रहे हैं जहां लोग साधारण नहीं, असाधारण से हो गए हैं। सामाजिक नहीं, कुछ असामाजिक हो रहे हैं और इंसानियत को भूल रहे हैं। इसका मतलब ये नहीं कि हम सब गलत हैं। कहीं न कहीं हमारी शिक्षा पद्धति, समाज और परिवारों के सोचने और काम करने का ढंग भी दोषी है। इसलिए संवाद का स्थान विवाद और समाधान का स्थान समस्या ले रही है।

जीवन में जीने के मकसद पर विचार करने की आदत होनी चाहिए। कुछ लोग तो यह भी कह गए हैं- 'न चादर बड़ी कीजिए, न ख्वाहिशें दफन कीजिए, चार दिन की जिंदगी है, बस चैन से बसर कीजिए।' जीवन को सही और सार्थक बनाने के लिए अगर हम सीखना चाहें तो संसार में सीखने-करने की बहुत सारी चीजें हैं। उनमें महत्त्वपूर्ण है- नसीहतें, जो चिंतकों-विचारकों और महान लोगों के अनुभवों के खजाने से निकली हैं। नसीहतें हमारे जीवन के अंधकार को हटा कर रोशनी करती हैं, सबक लेने का मौका देती हैं और जीवन के रूप-स्वरूप को संवारने-सुधारने में विशेष मदद करती हैं और हमारे व्यक्तित्व को निखारने में बड़ी भूमिका अदा करती हैं। बानगी के रूप में कुछ नसीहतें गहरे अर्थ वाली भी हैं। मसलन, 'जीभ सुधर जाए तो जीवन सुधरने में वक्त नहीं लगता'। 'दीपक इसलिए वंदनीय है कि वह दूसरों के लिए जलता है, दूसरों से नहीं जलता।' 'जो दूसरों से मिलजुल कर चलता है, वास्तव में केवल वही जीने की कला जानता है।' 'सब्र और सच्चाई एक ऐसी सवारी है जो अपने सवार को कभी गिरने नहीं देती; ना किसी के कदमों में और न किसी की नजरों में।'

इन नसीहतों में जीवन के मूल्य हैं, नैतिकता के सबक और व्यक्तित्व विकास के लिए प्रेरणा है। अपनों को अपना बनाए रखने का चुंबक है और परायों को अपना बनाने के नुस्खे भी। नसीहत के फूल किसी को दें तो उसकी खुशबू खुद भी लेना न भूलें। सब मानते हैं कि दूसरों को नसीहत देना और आलोचना करना सबसे आसान काम है। सबसे मुश्किल काम है चुप रहना और आलोचना सुनना। विरासत में हर बार जागीर और सोना-चांदी नहीं मिलता, कई बार जिम्मेदारियां भी मिलती हैं। अपना अहं त्याग कर शक्तिशाली होने पर भी सरल रहने की जरूरत है। धनी न होने पर भी परिपूर्ण महसूस करना चाहिए। हालांकि जिंदगी में सरल होना आसान है, पर देखा यह गया है कि कठिन होने को लोग सरल मानते हैं और सरल होना फिर खुद-ब-खुद कठिन हो जाता है। जिंदगी की हर सुबह कुछ शर्तें लेकर आती है और जिंदगी की हर शाम कुछ तजुर्बे देकर जाती है।

अमेरिका के साथ

अमेरिका के ह्यूस्टन शहर में दो शासनाध्यक्षों की मित्रता के रूप में पचास हजार दर्शकों के बीच आयोजित हाउडी मोदी कार्यक्रम वास्तव में भारत-अमेरिका के सांस्कृतिक संबंधों की सकारात्मकता का उदाहरण है। यह अलग बात है कि अगले साल अमेरिका में चुनाव होने जा रहे हैं और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को भी वहां बसे भारतीय मूल के लोगों में वोट बैंक नजर नजर आ रहा है। अगर ऐसा है भी तो भारतीय नजरिए से गलत क्या है। ये लोग पहले से वहां बसे हैं और भारत-अमेरिका संबंध अब तक उतार-चढ़ाव के रूप में ही दिखता रहा है। यदि इन नागरिकों की बदौलत भारत अमेरिका संबंधों के विभिन्न आयामों में प्रगाढ़ता आती है तो वहां बसे लाखों भारतीय को भी अपनापन का एहसास होगा। भारतवंशी अपने देश के नेता को सुनने आए थे। ऐसे में अमेरिकी यदि भारत के प्रधानमंत्री के प्रशंसक हो जाते हैं तो भारत को इससे लाभ ही हैं। प्रधानमंत्री ने वहां आतंकवाद का मुद्दा उठाया और अमेरिकी राष्ट्रपति ने भी इस मुद्दे पर भारत के साथ मिल कर काम करने का जो भरोसा दिया वह भारत के लिए बेहतर ही है। ऊर्जा के मसलों पर दोनों राष्ट्रों के मध्य हो रही साझेदारी ऊर्जा के क्षेत्र में भारत के लिए विकल्पों का बेहतर मार्ग प्रशस्त करेगा।

● *मिथिलेश कुमार, भागलपुर, बिहार*

जिम्मेदार कौन

कोलकाता का जाधवपुर विश्वविद्यालय एक बार फिर विवादों में घिरा है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के एक कार्यक्रम में जब स्थानीय सांसद और केंद्रीय मंत्री बाबुल सुप्रियो के साथ दुर्व्यवहार हुआ और उन्हें बंधक बना लिया गया। हालांकि उन्होंने इसकी कोई रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई। किंतु ऐसा करने वाले विश्वविद्यालय के विद्यार्थी थे या बाहरी लोग, यह जांच का विषय है। यह समझने वाली बात है कि जेएनयू जैसा दिल्ली का विश्वविद्यालय जिसमें हजारों विद्यार्थी पढ़ते है, भारत का नाम ऊंचा करते है, किंतु कुछ अतिवादी तत्वों के कारण विश्वविद्यालय बदनाम हो जाते हैं। ऐसे असामाजिक तत्वों को कौन संरक्षण देता है? इनके रक्षा कवच को तोड़ कर ऐसे लोगों को दंडित करना आवश्यक है, क्योंकि इस तरह के तत्व समाज में समरसता और स्नेह के वातावरण को दूषित करते हैं और शिक्षण संस्थानों को गलत दिशा में ले जा रहे है। यही कारण है कि विश्व के श्रेष्ठ संस्थानों की सूची में भारत के विश्वविद्यालयों का स्तर बहुत नीचे आ गया।

● *मंगलेश सोनी, मनावर, धार*

गद्दारों की चिंता

आतंकी मुल्क पाकिस्तान दुनियाभर में कश्मीर मुद्दे को लेकर ढिंढोरा पीट रहा है कि भारत सरकार कश्मीरियों पर जुल्म कर रही है और उनके नेताओं का हुक्का-पानी बंद कर रखा है। दरअसल बात यह है कि पाकिस्तान के प्रधानमंत्री को कश्मीरियों की चिंता नहीं है, उन्हें भारत के उन गद्दारों की चिंता है जो खाते तो भारत की हैं, रहते भारत में हैं, लेकिन साथ पाकिस्तान का देते हैं और उनके कहने पर घाटी में आतंकियों को घुसने देते हैं। यही नहीं, इन आतंकियों को अपने घर में भी पनाह भी देते हैं। पाकिस्तान अलगाववादी और उन कश्मीरी नेताओं की चिंता कर रहा है, जिनके दिल में भारत नहीं पाकिस्तान और आतंकवाद बसता है। लेकिन भारत की सरकार ने उनको जेलों में ठूस दिया है, इसलिए पाकिस्तान बौखला रहा है। आतंक के सरपरस्त पाकिस्तान को पूरे विश्व में मुंह की खानी पड़ रही है। रविवार को ह्यूस्टन में भी प्रधानमंत्री और अमेरिकी राष्ट्रपति ने मंच साझा कर इशारों-इशारों में पाकिस्तान को बता दिया कि अगर आतंक को संरक्षम देने का काम बंद नहीं किया तो इसका खमियाजा भुगतना पड़ सकता है।

● *ब्रजेश सैनी, बिंदकी फतेहपुर, उप्र*

साझा सरोकार

हाल ही में ह्यूस्टन में हुए भारतीय प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विदेशी भारतीयों ने हिस्सा लिया। जहां एक और ट्रम्प के लिए यह अमेरिका में अगले वर्ष होने वाले राष्ट्रपति चुनाव की योजना का हिस्सा था दूसरी और भारत ने भी कई सन्देश इस कार्यक्रम के द्वारा पूरी दुनिया को दिए। जैसे की भारत और अमेरिका आतंकवाद के विरुद्ध एक साथ मजबूती से खड़े है व कश्मीर से 370 हटाने के मामले में भी अमेरिका का समर्थन है। भारत व अमेरिका के बीच पिछले कुछ दिनों से बढ़ रहे व्यापारिक तनाव को कम करना भी इस कार्यक्रम का उद्देश्य था। भले ही ट्रम्प के लिए यह चुनाव प्रचार का हिस्सा हो लेकिन आज अमेरीकी-भारतीय और भारतीय प्रधानमंत्री अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव का एक महत्वपूर्ण केंद्र है इससे एक बात तो साफ हो जाता है कि भारत और भारतीयों का प्रभाव व ताकत पूरी दुनिया में आश्चर्य जनक रूप से बढ़ी है और भारतीयों और भारतीय राजनेताओ में अपनी बात किसी भी स्थान पर मुखरता के साथ रखने की प्रवृति जाग्रत हुई है जो की दर्शाता है की भारत विश्वगुरु बनने के अपने लक्ष्य की तरफ अग्रसर है।

● *सुनील कुमार सिंह, मेरठ, उप्र*

जरूरी जुर्माना

नए मोटर वाहन अधिनियम 2019 में दोषी वाहन चालकों पर भारी जुर्माना निर्धारित किया गया है, जो पूरी तरह से उचित है, क्योंकि बिना सख्ती के शासन चलता भी नहीं है। मगर इसमें एक बड़ी कमी यह है कि इसमें दूसरे इतने ही जिम्मेवार पक्ष को छोड़ दिया गया है जो तर्कसंगत नहीं है। इसके लिए खराब और जानलेवा सडकों, फुटपाथों,चौराहों, पुलों, अंडरपास आदि के सभी जिम्मेवार अधिकारियों, ठेकेदारों और नियोजकों आदि पर भी ऐसे ही जुर्माने बहुत जरूरी हैं ताकि किसी को कोई शिकायत न रहे और यह पूरे देश में समान रूप से लागू हो सके। केंद्र के कानून तो पूरे देश के लिए बनते हैं। यदि कुछ राज्य इसे लागू करें, कुछ न करें और कुछ इसे तोड़-मरोड़ कर लागू करें, तो यह किसी के लिए भी शोभायमान नहीं है। इसलिए केंद्र सरकार को इसे इस जरूरी संशोधन के साथ ही लागू करना जरूरी है।

● *वेद मामूरपुर, नरेला*

चौपाल

किसी भी मुद्दे या लेख पर अपनी राय हमें भेजें। हमारा पता है : ए-8, सेक्टर-7, नोएडा 201301, जिला : गौतमबुद्धनगर, उत्तर प्रदेश

आप चाहें तो अपनी बात ईमेल के जरिए भी हम तक पहुंचा सकते हैं। आइडी है : chaupal.jansatta@expressindia.com

जरा हट के

इंग्लैंड राज परिवार के प्रिंस हैरी दक्षिण अफ्रीका के केप टाउन में अपने अफ्रीकी दौरे के पहले दिन एक बच्चे के साथ बात करते हुए।

बोल

भारत दुनिया का महान लोकतंत्र है। हमें भारत के जम्मू कश्मीर में होने वाली आतंकवादी गतिविधियों पर गौर करने की जरूरत है। ये आतंकवादी चांद पर से नहीं आते। ये पड़ोसी देश से आते हैं। हमें भारत का समर्थन करना चाहिए।

-रिस्जार्ड जारनेकी, यूरोपीय सांसद

विवाद

सऊदी अरब के तेल संयंत्रों पर हमले को लेकर अगर उनके देश पर हमला किया जाता है तो इसका नतीजा 'युद्ध' होगा। इससे बहुत लोग हताहत होंगे।

-मोहम्मद जावेद जरीफ, ईरान के विदेश मंत्री

सम-सामयिक

कॉरपोरेट छूट : कितनी कारगर औषधि

जनसत्ता संवाद

अर्थव्यवस्था की सुस्ती दूर करने के लिए केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने हाल में कई सूत्री राहत पैकेज का ऐलान किया। इसमें मुख्य था कॉरपोरेट कर में छूट। सरकार का कहना है कि इससे उपभोक्ता बाजार में मांग बढ़ेगी। उद्योगों की स्थिति दुरुस्त होगी। अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी। विनिर्माण क्षेत्र में नया निवेश आकर्षित करने एवं मेक इन इंडिया को बढ़ावा देने के लिए आयकर अधिनियम में नए प्रावधान किए गए हैं। घरेलू कंपनियों पर लगने वाला कॉरपोरेट कर घटा दिया गया है। पहले यह कर 30 फीसद था, जिसे घटाकर 22 फीसद कर दिया गया है। सरचार्ज और सेस लगाकर पहले कर 34.94 फीसद हो जाता था और अब यह कर 25.17 फीसद हो जाएगा। अगर कोई कंपनी नई है, तो उसे 15 फीसद का कर देना पड़ेगा। सेस और सरचार्ज मिलाकर ये कर 17.5 फीसद हो जाएगा, जो पहले 29.12 फीसद था। नई कर प्रणाली एक अप्रैल, 2019 से लागू होगी। ऐलान सितंबर में हुए हैं, तो जिन कंपनियों ने पुरानी दर पर एडवांस कर का भुगतान किया है, उन्हें पैसे वापस मिल जाएंगे। कॉरपोरेट कर में छूट से सरकार को हर साल कम से कम 1.45 लाख करोड़ रुपए का नुकसान होगा।

इस कर व्यवस्था में सरकार लोगों को कई तरह के फायदे पहुंचने की उम्मीद जता रही है। हालांकि, उम्मीदों को नियमों का जामा नहीं पहनाया गया है। यह पूरी तरह से कंपनियों के विवेक पर छोड़ दिया गया है कि छूट का लाभ वे कहां पहुंचाएं। सरकार यह मानकर चल रही है कि इस व्यवस्था से नौकरियां जाने का खतरा कम होगा। कंपनियों के पास पैसे बचेंगे, तो वो अपने कर्मचारियों पर खर्च कर सकेंगी। अगर नौकरियां बनी रहेंगी, तो लोग खरीदारी करेंगे। इससे बाजार में मांग बढ़ेगी। नौकरियां बनी रहेंगी तो लोग घर भी खरीद पाएंगे।

कंपनियों पर लगा कर घटने से उम्मीद जताई जा रही है कि कंपनियां बैंकों से लिए गए कर्ज को वापस कर देंगी। अगर बैंकों के पास कर्ज का पैसा वापस आ जाएगा, तो वे और नए कर्ज बांट सकेंगी। इससे रोजगार बढ़ेगा। अगर कॉरपोरेट कर घटने से जब कंपनियों का मुनाफा बढ़ेगा, तो वे अपने उत्पाद की कीमत घटा सकेंगी। उम्मीद है कि सामान सस्ते होंगे। बड़े स्टार्टअप शुरू होने की उम्मीद जगी है। जब नई कंपनियां और स्टार्टअप शुरू होंगे, तो रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। सरकार को उम्मीद है कि कई नई विदेशी कंपनियां भारत आएंगी। और ये कंपनियां खास तौर से वो होंगी, जो अमेरिका-चीन के बीच चल रहे व्यापार युद्ध की वजह से प्रभावित हो रही हैं।

लोगों को सीधे क्या फायदा पहुंच रहा है, इसे लेकर सरकार रिजर्व बैंक की ओर से रेपो रेट में की गई कटौती की बात कर रही है। वित्त मंत्री के मुताबिक, रेपो रेट में कटौती से बैंकों ने भी कर्ज दरों में कटौती की है। इससे गृह, वाहन और अन्य खुदरा कर्ज की ईएमआइ सस्ती होगी। गैर-बैंकिंग वित्त कंपनियों (एनबीएफसी) को जारी किए गए पूर्वभुगतान नोटिसों की बैंक निगरानी करेंगे। वस्तु एवं सेवा कर प्रणाली (जीएसटी) को और आसान करने का ऐलान किया गया है। ऑटो सेक्टर को राहत देने के लिए कई उपायों का ऐलान है। सरकारी विभागों द्वारा गाड़ियों की खरीद पर लगी रोक को हटा लिया गया है। साथ ही मांग बढ़ाने के लिए पुरानी गाड़ियों को कबाड़ करने की नीति भी लाई जाएगी।

फायदा बड़ी कंपनियों का

- 30 फीसद के कॉरपोरेट कर के दायरे में आने वाली बड़ी कंपनियों को फायदे के आसार।
- अब एक अक्तूबर, 2019 के बाद बनने वाली विनिर्माण कंपनियों को 15 फीसद की दर से कॉरपोरेट कर देना होगा।
- संभावना है कि अब कारोबारी नई कंपनियों पर जोर देंगे।

शोध-अनुसधान

एचआइवी के लिए टीका बनाने की तैयारी

जनसत्ता संवाद

दुनियाभर के शोधकर्ता लंबे समय से एचआइवी उपचार के शोध और एचआइवी टीका को विकसित करने में लगे हैं। लेकिन अभी तक इस दिशा में कुछ खास सफलता नहीं मिली है। वहीं अमेरिकी शोधकर्ताओं ने इस बीमारी से लड़ने के लिए एक टीके के सफल परीक्षण का दावा किया है। अमेरिकी शोधकर्ताओं ने एचआईवी टीका का परीक्षण दक्षिण अफ्रीका में रहने वाले लोगों पर किया है जिसके नतीजे आश्चर्यजनक रूप से सफल पाए गए हैं।

वाशिंगटन के सिएटल स्थित एचआइवी वैक्सीन ट्रायल नेटवर्क के शोधकताओं ने इस अध्ययन का नेतृत्व किया। शोधकर्ताओं ने टीके का परीक्षण सबसे पहले थाइलैंड में अमेरिकी सेना पर भी किया। यह परीक्षण 2003 में किया गया था। हालांकि शोधकर्ताओं को इसके मामूली परिणाम ही मिले। इसके बाद टीके का परीक्षण 100 लोगों के समूह पर किया गया। इस परीक्षण में लोगों के शरीर ने काफी अधिक संख्या में प्रतिरक्षा कोशिकाओं का उत्पादन किया जो शरीर एड्स पैदा करने वाले वायरस से लड़ने के लिए उपयोग करता है। इस टीके से शरीर ने 31 फीसद से अधिक दर से एचआइवी एड्स से बचाव और मुकाबला किया। परीक्षण के नतीजों से यह स्पष्ट हुआ है कि टीकाकरण से एचआइवी के एक से अधिक स्ट्रेन से बचा जा सकता है। ऐसे में शोधकर्ताओं ने संभावना जताई है कि इससे एचआइवी के एक सार्वभौमिक टीका को बनाया जा सकता है। बता दें कि परीक्षण में हिस्सा लेने वाले किसी भी वॉलंटियर को पहले से ही एड्स का वायरस नहीं था।

ह्युमन इम्युनोडेफिशिएंसी वायरस (एचआइवी) एक लेंटिवायरस है, जो शरीर की रोग-प्रतिरक्षा प्रणाली पर प्रहार करता है। इससे शरीर की रोगों से लड़ने की क्षमता कम या नष्ट हो जाती है, जो अक्वायर्ड इम्युनोडेफिशिएंसी सिंड्रोम (एड्स) का कारण बनता है और मृत्यु का खतरा बढ़ जाता है। मुख्यतः यौन संबंध तथा रक्त के जरिए फैलने वाला यह विषाणु शरीर की श्वेत रक्त कणिकाओं का नष्ट कर देता है। इसमें उच्च आनुवंशिक परिवर्तनशीलता का गुण है।

शोधकर्ताओं ने 21 वर्ष की औसत आयु वाले लोगों को आरवी 144 नाम की जैब दी और फिर मापा कि उनकी प्रतिरक्षा प्रणाली कैसे प्रतिक्रिया करती है। शोधकर्ताओं ने पाया कि श्वेत रक्त कोशिकाएं जिन्हें सीडी4+टी कोशिकाएं कहा जाता है, उसका उपयोग शरीर एचआइवी से लड़ने के लिए करता है, वे सभी प्रतिभागियों में उम्र या लिंग की परवाह किए बिना काफी बढ़ गए। परीक्षण के दौरान वैज्ञानिकों ने यह भी देखा कि लोगों ने एचआइवी एंटीबॉडी विकसित किए थे। प्रतिरक्षा प्रणाली प्रोटीन विशेष रूप से वायरस से मेल खाते थे, जब उन्हें टीका लगाया गया था।

जब शोधकर्ताओं ने थाई रोगियों पर परीक्षणों के परिणामों की तुलना की दक्षिण अफ्रीकी लोगों के परिणामों से की तो वे यह देखकर हैरान रह गए कि टीका ने दक्षिण अफ्रीकी लोगों पर और भी बेहतर काम किया था। दोनों ही समूहों के लोगों के शरीर में एचआइवी वायरस के कई स्ट्रेन जैसे स्ट्रेन एई, बी और सी के खिलाफ प्रतिरक्षा सुरक्षा विकसित की।

इस शोध का नेतृत्व करने वाले डॉ लैरी कोरी ने कहा 'यह विचार उस पैटर्न को तोड़ता है कि दुनिया के प्रत्येक क्षेत्र को अपने परिसंचारी उपभेदों के आधार पर एक अलग प्रकार के एचआईवी टीका की आवश्यकता है।' डॉ लैरी की टीम ने अपने अध्ययन में कहा कि ह्यसामान्य तौर पर, दक्षिण अफ्रीका में क्रॉस (स्ट्रेन)-इम्यून प्रतिक्रियाएं अपेक्षा से अधिक मजबूत थीं। शोधकर्ताओं ने यह निष्कर्ष निकाला कि टीकाकरण से एचआइवी के कई तरह के स्ट्रेन्स से बचा सकता है, इस तरह से वैश्विक टीका तैयार किया जा सकता है।

एचआईवी वायरस के प्रसार को रोकने के लिए वैश्विक प्रयासों को बढ़ाने के बावजूद पिछले साल लगभग 1.8 मिलियन लोगों में एचआइवी का पता चला था। ऐसे में इस टीके के सफल परीक्षण से एड्स पीड़ितों में उम्मीद जगेगी।

हाल ही में वैज्ञानिकों ने एचआइवी टीके का दक्षिण अफ्रीकी लोगों पर परीक्षण किया है, जिसके नतीजे काफी संतोषजनक हैं। ऐसे में वैज्ञानिकों को उम्मीद है कि जल्द ही एचआइवी मामले में यूनिवर्सल वैक्सीन को विकसित किया जा सकेगा।

विश्व परिक्रमा

हमजा बिन लादेन अमेरिकी अभियान में मारा गया

रविवार, 15 सितंबर : अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अलकायदा समूह के संस्थापक ओसामा बिन लादेन के पुत्र हमजा बिन लादेन की मौत की शनिवार को पुष्टि की। ट्रंप ने कहा कि हमजा की मौत अफगानिस्तान-पाकिस्तान क्षेत्र में अमेरिका के आतंकवाद रोधी अभियान में हुई।

प्रदर्शनकारियों पर दागे गए आंसू गैस के गोले

सोमवार, 16 सितंबर : हांगकांग पुलिस ने रविवार को पत्थर और पेट्रोल बम फेंक रहे लोकतंत्र समर्थक प्रदर्शनकारियों पर आंसू गैस के गोलें और पानी की बौछारों का इस्तेमाल किया। इससे हांगकांग में एक बार फिर हिंसा भड़क उठी।

करतारपुर गलियारा जल्द खुलेगा : पाकिस्तान

मंगलवार, 17 सितंबर : पाकिस्तान ने सोमवार को घोषणा की कि बहुप्रतीक्षित करतारपुर गलियारा नौ नवंबर को भारतीय सिख श्रद्धालुओं के लिए खोल दिया जाएगा। यह गलियारा पाकिस्तान स्थित गुरुद्वारा करतारपुर साहिब और भारत के गुरदासपुर में डेरा बाबा नानक साहिब को जोड़ेगा।

डोनाल्ड ट्रंप

खुमैनी ने बातचीत से किया इनकार

बुधवार, 18 सितंबर : ईरान के सर्वोच्च नेता आयतुल्लाह अली खुमैनी ने मंगलवार को अमेरिका के साथ किसी भी स्तर पर बातचीत से इनकार किया है। सऊदी तेल संयंत्रों पर हुए हमलों के लिए अमेरिका द्वारा तेहरान को जिम्मेदार ठहराने के बाद दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ा है।

मोदी के लिए हवाई मार्ग नहीं खोलेगा पाक

गुरुवार, 19 सितंबर : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अमेरिका यात्रा के लिए अपने हवाई क्षेत्र को खोलने से पाकिस्तान ने इनकार कर दिया है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने पाकिस्तान को इस बारे में औपचारिक अनुमति देने के लिए लिखा था, जिसे पाकिस्तान ने ठुकरा दिया।

आत्मघाती हमले में 20 की मौत

शुक्रवार, 20 सितंबर : अफगानिस्तान के दक्षिणी शहर का एक अस्पताल गुरुवार तड़के आत्मघाती ट्रक बम विस्फोट से दहल गया। इस धमाके में कम से कम 20 लोगों की मौत हो गई और 90 से अधिक लोग घायल हो गए।

ट्रुडो ने एक बार फिर मांगी माफी

शनिवार, 21 सितंबर : कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रुडो ने अपनी दशकों पुरानी तस्वीर के लिए सार्वजनिक तौर पर माफी मांगी। 18 साल पुरानी इस तस्वीर में वह एक पगड़ी और पोशाक पहने तथा चेहरे, गर्दन और हाथों का रंग स्याह किए हुए दिख रहे हैं।

जानें-समझें

ह्यूस्टन में मोदी-ट्रंप

कूटनीति और राजनीति पर दूरगामी असर

दीपक रस्तोगी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 21 से 27 सितंबर तक सात दिनों के दौरे पर अमेरिका में हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ ह्यूस्टन में भारतीय समुदाय को उनका संबोधित करने का बहुचर्चित आयोजन हो चुका है। कूटनीतिक और आर्थिक मोर्चे पर दोनों देशों के लिए इस आयोजन के दूरगामी परिणाम संभावित माने जा रहे हैं। स्पष्ट रूप से दुनिया भर में अमेरिका को लेकर भारत की कामयाब कूटनीति का संकेत गया है। अमेरिका में संयुक्त राष्ट्र महासभा के 74वें सत्र में हिस्सा लेने के साथ ही मोदी करीब 20 द्विपक्षीय बैठकों में हिस्सा लेंगे।

भारत के लिए कूटनीतिक लाभ

दुनिया के सबसे ताकतवर देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम पर बड़ी भीड़ का जुटना कामयाब कूटनीति का संकेत मानी जा रही है। अमेरिका में प्रवासी भारतीयों की तादाद तेजी से बढ़ रही है। अमेरिकी-भारतीय वहां सबसे अमीर एथनिक समूह हैं। विदेश मंत्री एस जयशंकर कह चुके हैं कि अमेरिका में भारतीय समुदाय भारत की विदेश नीति का हिस्सा है। ह्यूस्टन की यात्रा या भाषण के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच की अनौपचारिक केमिस्ट्री सामने आई। इससे धाक बढ़ी। इस आयोजन के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संयुक्त राष्ट्र महासभा का रुख किया, जहां पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान कश्मीर का मुद्दा उठाने की तैयारी में हैं। ऐसे में अमेरिका जैसे बड़े देश को अपने साथ दिखाकर भारत ने बड़ा संदेश दिया है। 2019 लोकसभा चुनाव में बड़ी जीत के बाद प्रधानमंत्री की यह पहली अमेरिकी यात्रा है। इसलिए भी राजनीतिक तौर पर उनके लिए यह हाउडी मोदी आयोजन अहम साबित हुआ।

ट्रंप को क्या मिलेगा फायदा

अमेरिका का टेक्सास एक रूढ़िवादी क्षेत्र माना जाता है, जिसका झुकाव डेमोक्रेट्स की तरफ ज्यादा रहता है। 1970 से अमेरिकी भारतीय भी डेमोक्रेट्स को ज्यादा पसंद करते रहे हैं। ऐसे में डोनाल्ड ट्रंप को अमेरिका के अगले साल होने वाले राष्ट्रपति चुनाव के मद्देनजर इस आयोजन में अपना हित दिखा। ट्रंप का पूरा ध्यान हर समुदाय को अपनी तरफ करने में है। प्रधानमंत्री मोदी के कार्यक्रम में शिरकत कर ट्रंप ने न केवल अमेरिकी भारतीयों को रिझाने की कोशिश की, बल्कि टेक्सास में भी अपनी पकड़ और मजबूत करने की कवायद की है। ट्रंप हमेशा से उन नेताओं के मुरीद रहे हैं, जिन्होंने जनता के बीच करिश्मा कायम किया। ओसाका (जापान) में जी-20 सम्मेलन के दौरान ट्रंप ने कहा भी था कि मैं मोदी के व्यक्तित्व से प्रभावित रहता हूं। जब भी उनसे (मोदी से) मिलता हूं तो ऊर्जा प्राप्त करता हूं। जाहिर है, हाउडी मोदी के मंच पर ट्रंप ने जो कहा, वह उनके चुनाव भाषण के रूप में देखा गया।

आर्थिक मोर्चे पर निवेश का रास्ता

भारत और अमेरिका परंपरागत, वैकल्पिक व नवीनीकृत ऊर्जा क्षेत्र में सहयोग का दायरा कई गुना बढ़ाने वाले हैं। अमेरिका प्रवास के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अमेरिकी ऊर्जा कंपनियों से होने वाली मुलाकात में ऊर्जा क्षेत्र में बड़े निवेश का रास्ता खुला है। भारत की पेट्रोनेट वहां बड़ा निवेश करने जा रही है और भारत में एनएनजी की बड़े पैमाने पर आपूर्ति होने वाली है। मेक इन इंडिया के तहत अमेरिकी कंपनियों को भारत में निवेश के लिए राजी करने की योजना पर काम चल रहा है। हजारों डॉलर के निवेश की योजना पर काम चल रहा है, जिसका स्वरूप मोदी की यात्रा के बाद सामने आएगा। भारत में अगले 15 साल में साढ़े चार फीसद की दर से ऊर्जा खपत बढ़ेगी। अगले 20 साल के लिए एक अनुमान के मुताबिक विश्व भर में ऊर्जा खपत का करीब दस से 11 फीसद तक भारत में खर्च हो सकता है। इस लिहाज से भारत में ऊर्जा का एक बड़ा बाजार है। ऐसे में अमेरिका की नजर भारत के बढ़ते ऊर्जा बाजार पर है। कई अमेरिकी कंपनियों ने भारत में ऊर्जा क्षेत्र में निवेश की इच्छा जताई है। अमेरिका और भारत में कारोबार तनाव भी कम हुआ है।

धारा 370 पर कवायद

कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने के फैसले के बाद भारत सरकार शक्तिशाली देशों को अपने पक्ष में खड़ा दिखाने की कवायद में जुटी है। ह्यूस्टन में मोदी-ट्रंप का एक मंच पर दिखने की राजनीतिक में अहम हिस्सा इस मुद्दे का भी रहा। पांच अगस्त को अनुच्छेद 370 हटाने के बाद भारत के सामने सबसे बड़ी चुनौती थी- अंतरराष्ट्रीय समुदाय को मामले की असलियत समझाना। क्योंकि पाकिस्तान ने कश्मीर को दुनिया में मानवाधिकार हनन का प्रोपैगेंडा बना रखा था। अनुच्छेद 370 खत्म करने के बाद आज भारत विजेता की स्थिति में है। अरब देश, यूरोपीय यूनियन (ईयू), अमेरिका, रूस, फ्रांस, चीन सभी भारत के साथ खड़े नजर आते हैं। ऐसे में मोदी के अमेरिकी दौरे को भारत को कूटनीतिक जीत दिलाने वाले नेता के दौरे के तौर पर देखा गया है।

क्या है जानकारों की राय

यह आयोजन तब हुआ है, जब भारत-अमेरिका के बीच कारोबार को लेकर तनाव है, कश्मीर को लेकर बड़ी-बड़ी बयानबाजी हुई है। ह्यूस्टन में इतिहास रचा गया। अमरीका में राष्ट्रपति चुनाव होने वाले हैं और ऐसे में अमेरिका में दूसरे वर्गों से ज्यादा तेजी से बढ़ रहे भारतीय समुदाय से मिलने वाले फायदे को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।

-सुरेश के गोयल, पूर्व राजनयिक

पाकिस्तान की दिक्कत उसकी आंतरिक राजनीति है। पाकिस्तान भारत के विरोध पर जिंदा है। इसलिए अनुच्छेद 370 हटाए जाने के बाद पाक ने जिस भी देश से समर्थन पाने की कोशिश की, उसे हर जगह मुंह की खानी पड़ी। दूसरी ओर, भारत की कूटनीति का असर सामने आया। दुनिया के ताकतवर देश भारत के साथ खड़े हैं।

- विष्णु प्रकाश, पाकिस्तान में काम कर चुके पूर्व राजनयिक

व्यक्तित्व

अंजलि सिंह : भारत की पहली महिला सैन्य राजनयिक

जनसत्ता संवाद

विंग कमांडर अंजलि सिंह देश के किसी भी सशस्त्र बल की पहली महिला अधिकारी हैं, जिन्हें विदेश में भारतीय मिशन में सैन्य राजनयिक के तौर पर नियुक्त किया गया है। उन्होंने मॉस्को में भारतीय दूतावास में डिप्टी एअर अताशे के रूप में पदभार ग्रहण किया है।

आज बिहार का समस्तीपुर जिला अंतरराष्ट्रीय फलक पर है। कारण कि समस्तीपुर जिले की विंग कमांडर अंजलि सिंह को भारतीय मिशन में विदेश में तैनात होनेवाली पहली महिला सैन्य राजनयिक का सम्मान प्राप्त हुआ है। देश के सैन्य इतिहास में यह पहला मौका है कि जब किसी महिला को यह सम्मान प्राप्त हुआ है। भारतीय वायु सेना ने उन्हें मॉस्को भेजा है। मिग-29 लड़ाकू विमान उड़ाने में प्रशिक्षित अंजलि ने इसी महीने की 10 तारीख को रूस की राजधानी मॉस्को में डिप्टी एअर अताशे के रूप में भारतीय दूतावास में पदभार संभाला है।

41 वर्षीय अंजलि शुरू से ही सेना में जाना चाहती थीं। वे अपने पिता की तरह की सेना में जाकर देश की सेवा करना चाहती थीं। अंजलि के पिता मदन प्रसाद सिंह भारतीय वायुसेना में फ्लाइट लेफ्टिनेंट के पद से सेवानिवृत्त हैं। उनकी तीन बहनें और एक भाई हैं। भाई-बहनों में अंजलि दूसरे नंबर पर हैं। अंजलि की स्कूली पढ़ाई जलंधर से हुई। वे पढ़ने में अच्छी थीं, समसामयिक विषयों पर उनकी अच्छी पकड़ थी। बारहवीं की परीक्षा पास करने के बाद अंजलि पुणे आ गईं। पुणे विश्वविद्यालय से इलेक्ट्रॉनिक्स एंड टेलीकम्युनिकेशन में इंजीनियरिंग की डिग्री हासिल की। इसके बाद उत्तर प्रदेश के कोटद्वार में एक निजी कंपनी में दो वर्षों तक काम भी किया। लेकिन उनका लक्ष्य भारतीय वायुसेना था। अपने लगन के बलबूते उन्होंने एसएसबी की परीक्षा पास की और साल 2002 में उनका चयन वायुसेना में हुआ। 2010 में अंजलि सिंह की शादी बेगूसराय के महना निवासी इंजीनियर राजकुमार के साथ हुई। उनका आठ साल का बेटा भी है। अंजलि भारतीय वायुसेना (आईएएफ) के एरोनॉटिकल इंजीनियरिंग शाखा से हैं। अपने 17 साल के सैन्य करिअर के दौरान उन्होंने लड़ाकू स्क्वाड्रन के साथ सेवा दी है। अब उन्हें मास्को में डिप्टी एअर अताशे के रूप में भारतीय दूतावास में नियुक्ति दी गई है। इसकी जानकारी बीते दिनों मास्को में भारतीय दूतावास की तरफ से दी गई। भारतीय दूतावास ने ट्वीट किया, 'विंग कमांडर अंजलि सिंह ने 10 सितंबर को डिप्टी एअर अताशे का कार्यभार संभाल लिया। उन्हें विदेश में किसी भी भारतीय मिशन में सैन्य राजनयिक के रूप में तैनात होने वाली पहली महिला भारतीय सशस्त्र बल अधिकारी होने का गौरव प्राप्त हुआ है।'

एयर अताशे एक वायुसेना अधिकारी होता है जो एक राजनयिक मिशन का हिस्सा होता है। एक एअर अताशे आम तौर पर विदेश में अपने घरेलू वायु सेना के प्रमुख का प्रतिनिधित्व करता है, जहां वह सेवा करता है। अब तक रक्षा अताशे पदों पर महिलाओं की तैनाती नहीं होती थी, इन पदों पर पुरुष अधिकारियों का ही कब्जा रहा है। यह पहला मौका है जब किसी महिला को रक्षा अताशे बनाया गया है। ऐसे में अंजलि सिंह की तैनाती उन लड़कियों के लिए प्रेरणास्रोत है जो वायु सेना में बड़े पद पर जाना चाहती हैं।

मोबाइल ऐप से होगी 2021 की जनगणना

शाह का बहु-उद्देश्यीय कार्ड का प्रस्ताव

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 23 सितंबर।

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने नागरिकों के लिए सोमवार को बहु-उद्देश्यीय पहचान पत्र का विचार पेश किया, जिसमें आधार, पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस और बैंक खाते जैसी सभी सुविधाएं जुड़ी होंगी। शाह ने कहा कि डिजिटल इंडिया को बढ़ावा देने के लिए 2021 की जनगणना मोबाइल ऐप के जरिए की जाएगी।

उन्होंने यहां महारजिस्ट्रार व जनगणना आयुक्त कार्यालय के नए भवन की आधारशिला रखने के बाद कहा कि क्यों न हमारे पास आधार, पासपोर्ट, बैंक खाते, ड्राइविंग लाइसेंस और वोटर कार्ड जैसी सभी सुविधाओं के लिए एक ही कार्ड हो। एक ऐसी प्रणाली होनी चाहिए जिसमें सभी आंकड़ों को एक ही कार्ड में इकट्ठा रख दिया जाए। यह संभव है। यही कारण है कि डिजिटल जनगणना बहुत महत्त्वपूर्ण है।

जनगणना 2021 के लिए आंकड़ें दर्ज करना प्रारंभ करने की तिथि जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के बर्फबारी वाले इलाकों में 1 अक्तूबर, 2020 है जबकि शेष भारत के लिए यह 1 मार्च, 2021 है। जनगणना 12,000 करोड़ रुपए की लागत से 16 भाषाओं में की जाएगी। गृह मंत्री ने कहा कि जनगणना कार्य के साथ राष्ट्रीय जनसंख्या पंजी (एनपीआर) के लिए भी आंकड़ें जुटाए जाएंगे। एनपीआर देश के विभिन्न इलाकों में रहने वाले सामान्य निवासियों की सूची है। यह असम के राष्ट्रीय नागरिक पंजिका (एनआरसी) के अखिल भारतीय प्रारूप का आधार बन सकती है। इन निवासियों को इस रूप में परिभाषित किया गया है-जो किसी स्थानीय इलाके में पिछले छह महीने या अधिक समय से रह रहे हैं या जो वहां छह महीने या उससे अधिक समय तक रहने का इरादा रखते हैं।

शाह ने कहा कि जनगणना 2021 के आंकड़ें देश की भविष्य की योजना बनाने, विकास से जुड़े कार्यों और कल्याणकारी योजनाओं के लिए आधार बनेंगे और इस कार्य के सफल होने के लिए लोगों की दिल से भागीदारी अहम है। उन्होंने कहा कि भारत की कुल 130 करोड़ आबादी को इसके फायदों के बारे में बताना चाहिए कि जनगणना 2021 के आंकड़ों का किस तरह से भविष्य की योजना बनाने, विकास से जुड़े कार्यों और कल्याणकारी योजनाओं के लिए उपयोग किया जा सकता है। जनगणना के आंकड़ों का उपयोग बहुआयामी है और यह राष्ट्र की प्रगति में अहम योगदान देगा। गृह मंत्री ने यह भी कहा कि जनगणना नगर निकायों के वार्डों, विधानसभा व लोकसभा क्षेत्रों का परिसीमन करने में मदद करेगी।

उन्होंने जनगणना अधिकारियों से यह कार्य गंभीरता से करने की अपील की क्योंकि यह उनके लिए 'पुण्य' करने का अवसर है, जो राष्ट्र निर्माण में मदद देगा। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी के 2014 में प्रधानमंत्री बनने के बाद पूरा रवैया बदल गया। उन्होंने कहा कि जनगणना 2011 के आधार पर मोदी सरकार ने हर घर बिजली, गैस कनेक्शन, सड़क निर्माण, गरीबों के लिए आवास, शौचालय, बैंक खाते, बैंक शाखाएं खोलने आदि के लिए 22 कल्याणकारी योजनाएं बनाई हैं। शाह ने 'उज्ज्वला' योजना का जिक्र करते हुए कहा कि 2022 तक ऐसा कोई परिवार नहीं होगा, जिसके पास गैस कनेक्शन नहीं होगा। भारत की आबादी विश्व की कुल आबादी का 17.5 फीसद है जबकि भोगौलिक क्षेत्र महज 2.4 फीसद है। इस तरह आबादी के अनुपात में भारत के पास सीमित प्राकृतिक संसाधन हैं। इसलिए असमानता की खाई को पाटने के लिए हमें कड़ी मेहनत करनी होगी।

वित्त मंत्री के पद का इस्तेमाल निजी लाभ के लिए नहीं किया : चिदंबरम

नई दिल्ली, 23 सितंबर (भाषा)।

आइएनएक्स मीडिया भ्रष्टाचार मामले में गिरफ्तार कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी. चिदंबरम ने सोमवार को दिल्ली हाई कोर्ट में इस बात से इनकार किया कि उन्होंने वित्तमंत्री के पद का इस्तेमाल निजी लाभ के लिए किया। चिदंबरम ने अपनी जमानत याचिका पर केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआइ) के जवाब का प्रत्युत्तर देते हुए कहा कि उनके खिलाफ लुक आउट नोटिस पहले से ही जारी है और यह आरोप लगाना ठीक नहीं है कि उनके भागने की आशंका है और वह कानून की प्रक्रिया से बचने की कोशिश कर सकते हैं।

पूर्व वित्तमंत्री ने वर्तमान मामले में जनता के भरोसे को स्पष्ट रूप से तोड़ने के सीबीआइ के आरोपों से इनकार करते हुए कहा कि आइएनएक्स मीडिया में जो 305 करोड़ रुपए प्रत्यक्ष विदेशी निवेश के तौर पर आए वह मंजूर 46.216 प्रतिशत की सीमा में ही था। उन्होंने अपने जवाब में जांच एजंसी के इस दावे से भी इनकार किया कि अपराध में उन पर अभियोग लगाने के लिए ठोस सबूत रिकार्ड में है और उनके खिलाफ एक मजबूत मामला बनता है। चिदंबरम ने इस आरोप से भी इनकार किया कि उन्होंने अपने सहयोगी षड्यंत्रकारियों के साथ मिलकर वित्तमंत्री के पद का इस्तेमाल अपने निजी लाभ के लिए किया।

सोनिया व मनमोहन तिहाड़ में चिदंबरम से मिले

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 23 सितंबर।

पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के साथ कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने सोमवार को तिहाड़ जेल में बंद पूर्व वित्त मंत्री पी चिदंबरम से मुलाकात की। यह पहला मौका है जब कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी या पूर्व प्रधानमंत्री सिंह किसी से मिलने तिहाड़ जेल गए हों। पार्टी के दोनों शीर्ष नेताओं से भेंट के बाद चिदंबरम ने कहा कि जब तक कांग्रेस मजबूत और साहसी है, तब तक वे भी मजबूत और साहसी बने रहेंगे।

आइएनएक्स मीडिया मामले में गिरफ्तार चिदंबरम ने अपने परिजनों के माध्यम से एक ट्वीट कर कहा, 'मैं आज सम्मान की अनुभूति कर रहा हूं कि सोनिया गांधी और मनमोहन सिंह मुझसे मिलने आए। जब तक कांग्रेस पार्टी मजबूत और साहसी है, मैं भी मजबूत और साहसी बना रहूंगा।' चिदंबरम के पुत्र कार्ति चिदंबरम ने संवाददाताओं से कहा- मेरे पिता और मेरा परिवार कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के बहुत आभारी हैं। उन्होंने मुलाकात की और अपना समर्थन जताया। उन्होंने कहा कि यह इस राजनीतिक लड़ाई में हमारा हौसला बढ़ाने वाला है।

सोनिया और मनमोहन सुबह करीब नौ बजे तिहाड़ पहुंचे और उन्होंने चिदंबरम से मुलाकात की। इससे पहले कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व राज्यसभा में विपक्ष के नेता गुलाम नबी आजाद ने भी तिहाड़ जाकर चिदंबरम से भेंट की थी।

चिदंबरम की 'निरंतर हिरासत' से चिंतित : मनमोहन

नई दिल्ली, 23 सितंबर (भाषा)।

पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने सोमवार को तिहाड़ जेल में पूर्व वित्त मंत्री पी चिदंबरम से मुलाकात के बाद उनकी 'निरंतर हिरासत' पर चिंता जताई।

सिंह ने एक बयान में कहा कि हमारी सरकारी प्रणाली में कोई भी निर्णय किसी एक व्यक्ति द्वारा नहीं लिया जा सकता, सभी निर्णय सामूहिक निर्णय होते हैं, जिन्हें फाइलों में दर्ज किया जाता है। केंद्र सरकार के छह सचिवों सहित एक दर्जन अधिकारियों ने प्रस्ताव की जांच के बाद अपनी सिफारिश दी थी। चिदंबरम ने मंत्री के रूप में सर्वसम्मत सिफारिश को अपनी मंजूरी प्रदान की थी।

'अबकी बार ट्रंप सरकार' नारे पर कांग्रेस का कड़ा एतराज

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 23 सितंबर।

कांग्रेस ने अमेरिका के ह्यूस्टन में आयोजित 'हाउडी मोदी' कार्यक्रम में वहां के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की मौजूदगी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'अबकी बार ट्रंप सरकार' वाले नारे पर आपत्ति जताई है। पार्टी ने आरोप लगाया पीएम मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति के पक्ष में प्रचार कर दूसरे देशों के चुनावों में दखल नहीं देने के भारतीय विदेश नीति के स्थापित सिद्धांत का उल्लंघन किया है। पार्टी ने यह भी कहा कि बेहतर होता कि प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के योगदान को स्वीकार करते और अमेरिकी कांग्रेस सदस्य की बात का समर्थन करते।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता आनंद शर्मा ने सोमवार को ट्वीट कर कहा-आपको याद दिलाना चाहता हूं कि आप अमेरिकी चुनाव में स्टार प्रचारक की तरह नहीं, बल्कि भारत के प्रधानमंत्री के तौर पर अमेरिका गए हैं। शर्मा ने कहा- प्रधानमंत्री जी, आपने दूसरे देशों के आंतरिक चुनावों में दख़ल न देने के भारतीय विदेश नीति के स्थापित सिद्धांत का उल्लंघन किया है।

उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिका के साथ हमारा रिश्ता हमेशा से दोनों पार्टियों (रिपब्लिकन और डेमोक्रेट) को लेकर एक जैसा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने अमेरिका के ह्यूस्टन में 'हाउडी मोदी' कार्यक्रम में डोनाल्ड ट्रंप को 2020 में पुनः निर्वाचित करने के लिए रविवार को लोगों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा 'अबकी बार, ट्रंप सरकार'।

दूसरी ओर, अमेरिकी प्रतिनिधि सभा में बहुमत पक्ष के नेता स्टेनी होएर की ओर से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू के नजरिए का उल्लेख करने को लेकर कांग्रेस नेता शर्मा ने कहा कि बेहतर होता कि प्रधानमंत्री भी नेहरू के योगदान को स्वीकार करते और अमेरिकी कांग्रेस के सदस्य की बात का समर्थन करते।

कांग्रेस के एक अन्य वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने भी अपने एक ट्वीट में कहा-मुझे उस समय की याद आ रही है जब कुछ साल पहले लालकृष्ण आडवाणी ने न्यूयॉर्क में दिए अपने भाषण में नेहरू की सराहना की थी।

रोगी को एमआरआइ मशीन में छोड़कर भूल गया तकनीशियन

चंडीगढ़, 23 सितंबर (भाषा)।

हरियाणा में एक बुजुर्ग व्यक्ति उस वक्त वक्त बाल-बाल बच गए जब एक अस्पताल में तकनीशियन उन्हें कथित रूप से एमआरआइ मशीन में छोड़कर भूल गया। इसके चलते जान बचाने के लिए उन्हें बेल्ट तोड़कर बाहर निकलना पड़ा।

बुजुर्ग ने पंचकूला में पत्रकारों से कहा कि वह एमआरआइ स्कैन कराने के लिए शहर के एक अस्पताल गए थे। शिकायतकर्ता के अनुसार तकनीशियन ने उन्हें कहा कि इस प्रक्रिया में 10-15 मिनट लग सकते हैं और उन्हें मशीन से बाहर निकालना भूल गया। हालांकि अस्पताल ने इन आरोपों से इनकार किया है। शिकायतकर्ता ने कहा, मैं सांस लेने के लिए हांफ रहा था, लेकिन मुझे बाहर निकालने वाला कोई नहीं था। आखिरकार आधे घंटे से भी अधिक समय तक संघर्ष के बाद मैं किसी तरह मशीन की बेल्ट को तोड़कर बाहर निकला। वहीं अस्पताल ने कहा कि तकनीशियन ने मरीज को मशीन से बाहर निकाला।

मोदी ने कहा, जल संरक्षण पर 50 अरब डॉलर खर्च करेगा भारत

पेज 1 का बाकी

जन आंदोलन की जरूरत बताई और भारत के गैर-परंपरागत (नॉन फॉसिल) ईंधन उत्पादन के लक्ष्य को दोगुने से अधिक बढ़ाकर 400 गीगावाट तक पहुंचाने का संकल्प व्यक्त किया। यह लक्ष्य 2022 तक के लिए है। उन्होंने कहा कि इस साल 15 अगस्त को भारत ने प्लास्टिक पर रोक का संकल्प लिया है। हम यातायात क्षेत्र में ई-मोबिलिटी पर जोर दे रहे हैं।

मोदी के भाषण के दौरान अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप बिना किसी निर्धारित कार्यक्रम के सम्मेलन में पहुंचे और उन्होंने जलवायु परिवर्तन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भाषण सुना। ट्रंप का इस सम्मेलन में हिस्सा लेने का कोई कार्यक्रम नहीं था। राष्ट्रपति ने धार्मिक आजादी संबंधी कार्यक्रम के लिए रवाना होने से पहले दस मिनट तक ध्यान से भाषण सुना। संरा के जलवायु शिखर सम्मेलन में मोदी चौथे वक्ता थे।

मोदी ने स्वतंत्रता दिवस पर अपने भाषण में घोषणा की थी कि पेरिस जलवायु समझौते के तहत अपनी प्रतिबद्धता का पालन करते हुए भारत 175 गीगावाट अक्षय ऊर्जा का उत्पादन करेगा। मोदी ने सोमवार को घोषणा की कि भारत सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा, पनबिजली जैसे गैर-परंपरागत ईंधन के उत्पादन में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाएगा। उन्होंने कहा, '2022 तक हम अपनी अक्षय ऊर्जा उत्पादन की क्षमता को 175 गीगावाट के लक्ष्य से बहुत आगे 400 गीगावाट तक ले जाएंगे।'

मोदी ने यहां संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस द्वारा आयोजित सम्मेलन में वैश्विक नेताओं को संबोधित करते हुए कहा, 'हमें स्वीकार करना चाहिए कि अगर हमें जलवायु परिवर्तन जैसी गंभीर चुनौती से पार पाना है तो हम इस समय जो कुछ कर रहे हैं, वह पर्याप्त नहीं है।' मोदी ने कहा कि जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए विभिन्न देश अनेक तरह के प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज एक व्यापक प्रयास की जरूरत है जिसमें शिक्षा से लेकर मूल्यों तक और जीवनशैली से लेकर विकास के दर्शन तक सब शामिल हो।

उन्होंने जलवायु परिवर्तन पर दुनिया भर के देशों को गंभीर होने की बात कही। उन्होंने साफ कहा कि अब बात करने का वक्त गुजर चुका है और अब दुनिया को काम करने की जरूरत है।

भाजपा के रवैए पर नाराजगी जताई शिवसेना ने

मुंबई, 23 सितंबर (भाषा)।

शिवसेना ने सोमवार को अपने वरिष्ठ गठबंधन सहयोगी पर हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा पहले ही सबकुछ तय कर चुकी है और अब चुनाव के नाम पर महज ईवीएम का बटन दबाने की औपचारिकता बची है। पार्टी के मुखपत्र 'सामना' में शिवसेना ने एक संपादकीय में अपनी गठबंधन सहयोगी से नाराजगी जताई। उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली पार्टी अगले महीने होने वाले महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव से पहले राष्ट्रवाद के मुद्दे को विमर्श बनाने की भाजपा अध्यक्ष अमित शाह की योजना की आलोचना करती प्रतीत हुई। शाह ने रविवार को मुंबई में एक रैली में स्पष्ट किया था कि महाराष्ट्र में प्रचार अभियान के दौरान अनुच्छेद 370 के प्रावधानों को निरस्त कर जम्मू कश्मीर का विशेष दर्जा समाप्त करने का मोदी सरकार का फैसला प्रमुख मुद्दा होगा।

शिवसेना ने कहा, 'शाह पहले ही घोषणा कर चुके हैं कि चुनाव के बाद देवेंद्र फडणवीस ही महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री होंगे। वह यह भी ठप्पा लगा चुके हैं कि फडणवीस ने निवेश, कृषि, शिक्षा, उद्योग और स्वास्थ्य क्षेत्र में प्रगति की है।

गो-तस्करी के संदेह में पिटाई

पेज 1 का बाकी

बताया कि मुनफेद खान गो-तस्करी के मामले में पहले भी पकड़ा गया था। दोनों पक्षों की ओर से मामला दर्ज करवाया गया है और जांच की जा रही है। घायल आरोपी को शाहजहांपुर के अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

बेटी पैदा होने की खुशी में जलाए पटाखे, गिरफ्तार

पेज 1 का बाकी

सुरक्षा एजंसियां चौकन्नी हो गईं और पुलिस को सूचना देकर मामला दर्ज कराया। जानकारी के मुताबिक, एसपीजी ने कंट्रोल रूम से शिकायत की थी कि कोई पीएम हाउस के पास पटाखे जला रहा है। मौके पर पुलिस की टीम पहुंची। पटाखों की आवाज शक्ति माता मंदिर की तरफ सीपीडब्लूडी कंपाउंड की तरफ से आ रही थी। पुलिस उधर पहुंची तो देखा कि एक व्यक्ति पटाखे जला रहा है।

शुरुआती जांच में गुप्ता ने पुलिस से कहा कि वे बेटी पैदा होने की खुशी में पटाखे जला रहे थे। नई दिल्ली के पुलिस उपायुक्त डॉ ईश सिंघल ने बताया कि विवेक गुप्ता को धारा 188 के तहत गिरफ्तार किया गया है।

चुनाव आयुक्त अशोक लवासा की पत्नी आयकर जांच के घेरे में

पेज 1 का बाकी

चल सके कि क्या उनकी आय अतीत में आकलन से बच निकली थी या कर अधिकारियों से कुछ छिपाया गया है। उन्होंने बताया कि पूर्व बैंकर के खिलाफ कथित कर चोरी की जांच और उनके कई कंपनियों के निदेशक मंडल में रहने की जांच 2015-17 की अवधि से जुड़ी हुई है। बहरहाल, इस विषय पर चुनाव आयुक्त लवासा या उनकी पत्नी की कोई टिप्पणी नहीं मिल पाई है। केंद्रीय वित्त सचिव के पद से सेवानिवृत्त होने के बाद अशोक लवासा को 23 जनवरी 2018 को चुनाव आयुक्त नियुक्त किया गया था। बताते चलें कि अप्रैल-मई में हुए आम चुनाव के दौरान चुनाव आचार संहिता के क्रियान्वयन पर मुख्य निर्वाचन आयुक्त सुनील अरोड़ा और चुनाव आयुक्त सुशील चंद्रा के साथ उनके (अशोक लवासा के) मतभेद की खबरें मीडिया में आई थी।

'स्वास्थ्य पर ऐतिहासिक कदम उठाए'

पेज 1 का बाकी

के लिए 'आयुष्मान भारत' जैसे 'ऐतिहासिक कदम' उठाए हैं। 'सार्वभौम स्वास्थ्य देखभाल' पर आयोजित पहली उच्चस्तरीय बैठक को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा, 'विश्व का कल्याण, लोगों के कल्याण के साथ शुरू होता है और स्वास्थ्य इसका एक महत्त्वपूर्ण घटक है। इस वैश्विक सिद्धांत के अनुरूप भारत स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दे रहा है।' सभी को किफायती, समावेशी और सुगम स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए नए प्रयास शुरू करने के वास्ते शिखर सम्मेलन का आयोजन किया गया।

मोदी ने कहा कि भारत ने स्वास्थ्य क्षेत्र में कई तरह के कदम उठाए हैं और इसके चार प्रमुख स्तंभों-एहतियाती स्वास्थ्य, किफायती स्वास्थ्य देखभाल, आपूर्ति पक्ष में हस्तक्षेप और हस्तक्षेप को मिशन आधार पर चलाने- पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार का एहतियाती स्वास्थ्य देखभाल का एक महत्त्वपूर्ण अंग-योग, आयुर्वेद और हाल में शुरू किया गया 'फिट इंडिया मूवमेंट (स्वस्थ भारत अभियान)' है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि इनकी मदद से मधुमेह, रक्तचाप, अवसाद आदि जैसी जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों को नियंत्रित किया जा सकता है। सरकार के स्वच्छ भारत अभियान ने भारत के लोगों में जागरूकता पैदा की है और हजारों जिंदगियों को बचाने की संभावना बढ़ाई है। उन्होंने कहा कि भारत के एहतियाती स्वास्थ्य देखरेख कार्यक्रम का एक और आयाम 1,25,000 से अधिक वेलनेस सेंटर खोलने का है। देश में टीकाकरण पर विशेष जोर दिया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ने पांच हजार से अधिक जन औषधि केंद्र भी खोले हैं, जहां 800 से अधिक प्रकार की दवाएं उचित मूल्य पर उपलब्ध हैं। मोदी ने कहा कि स्टेंट्स की कीमत में 80 फीसद तक की कमी और घुटना प्रतिरोपण की कीमत में 50 से 70 फीसद तक की कमी सहित किफायती स्वास्थ्य देखभाल सुनिश्चित करने के सरकार के प्रयासों से हजारों लोगों को फायदा मिल रहा है। हजारों लोगों को सरकार द्वारा उपलब्ध कराई गईं निःशुल्क डायलेसिस सुविधाओं का लाभ मिल रहा है।

'हाउडी मोदी' को एक सुर से सराहा अमेरिकी राजनेताओं ने

पेज 1 का बाकी

है और अमेरिका को आपका मित्र होने पर गर्व है।' वहीं, 'हाउडी मोदी' में भारत और अमेरिका के बीच एकजुटता के शानदार प्रदर्शन की सराहना करते हुए संयुक्त राष्ट्र में पूर्व भारतीय-अमेरिकी राजदूत निक्की हैली ने कहा कि इससे दोनों देशों के बीच 'महान' भागीदारी मजबूत हुई है। रविवार को हैली ने एक ट्वीट में भारत और अमेरिका के बीच भागीदारी की सराहना की। वे ऐसी पहली भारतीय-अमेरिकी हैं जिन्होंने किसी अमेरिकी राष्ट्रपति की कैबिनेट में सेवा दी। हैली ने कहा, 'अमेरिका और भारत के बीच महान भागीदारी है और इससे डोनाल्ड ट्रंप तथा नरेंद्र मोदी के बीच मित्रता मजबूत हुई है।'

यूएस-इंडिया स्ट्रेटेजिक एंड पार्टनरशिप फोरम के अध्यक्ष मुकेश आघी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति ट्रंप का संयुक्त संबोधन भारत-अमेरिका संबंधों के लिए गौरव का क्षण था। न्यूयॉर्क से भारतीय-अमेरिकी अटॉर्नी रवि बत्रा ने कहा कि कार्यक्रम में जब मोदी ने ट्रंप का परिचय कराया तो शानदार नजारा था। वहीं, वॉल स्ट्रीट जर्नल ने 'हाउडी मोदी' के बारे में कहा कि ट्रंप इसकी मदद से 2016 के मुकाबले वर्ष 2020 के राष्ट्रपति चुनाव में भारतीय-अमेरिकियों के अधिक वोट मिलने की उम्मीद कर रहे हैं। वे इस समुदाय से जुड़ने का लाभ समझते हैं जिसका योगदान 21वीं सदी में दोनों देशों की समृद्धि के लिए महत्त्वपूर्ण है।

न्यूयॉर्क टाइम्स ने कहा कि रैली समान शैली वाले दो नेताओं को एक मंच पर लाई। इसने कहा कि दोनों ही दक्षिणपंथी विचारधारा के सहारे और खुद को स्थापित व्यवस्था के खिलाफ जनता का नायक दिखाकर सत्ता में आए।' वाशिंगटन पोस्ट ने कहा कि विश्व के दो सबसे बड़े लोकतंत्रों के नेताओं ने ह्यूस्टन में हजारों भारतीय-अमेरिकियों की हर्ष और उल्लास से लबरेज भीड़ के सामने मंच साझा किया जहां मोदी ने ट्रंप का अमेरिकी राष्ट्रपति के रूप में स्पष्ट समर्थन किया और दोनों ने अपनी उपस्थिति को ऐतिहासिक करार दिया।

9/11 हमलों के बाद अमेरिका का साथ देकर की बड़ी भूल : इमरान

पेज 1 का बाकी

लगता कि मैटिस पूरी तरह से समझते हैं कि पाकिस्तान कट्टरपंथी क्यों बना।' खान ने कहा कि पाकिस्तान ने 11 सितंबर 2001 को अमेरिका में अलकायदा के हमलों के बाद आतंकवाद के खिलाफ जंग में अमेरिका का साथ देकर बड़ी भूल की।

इमरान ने तत्कालीन सैन्य शासक जनरल परवेज मुशर्रफ द्वारा अमेरिका का साथ देने के फैसले की ओर इशारा करते हुए कहा, 'मुझे लगता है कि पिछली सरकारों को वो वादा नहीं करना चाहिए था जिसे वे पूरा नहीं कर सकतीं।' पाकिस्तान उन तीन देशों में से एक था जिसने 2001 में अमेरिकी हमले से पहले अफगानिस्तान में तालिबान सरकार को मान्यता दी थी। न्यूयॉर्क में 9/11 हमलों के बाद अफगानिस्तान पर अमेरिकी हमले के बाद पाकिस्तान ने तालिबान के खिलाफ अमेरिकी सेना को समर्थन दिया।

झारखंड-गुजरात में पीटकर दो की हत्या

पेज 1 का बाकी

दिव्यांग बारला भी शामिल था। तीनों घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए पहले कर्रा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और इसके बाद रांची स्थित रिम्स अस्पताल भेजा। रिम्स ले जाते समय गंभीर रूप से घायल कल्मतुष बारला की मौत हो गई। शेष दोनों घायलों का रांची के राजेंद्र इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज में इलाज चल रहा है। इस मामले में दोनों घायलों के बयान और संदेह के आधार पर छह लोगों को हिरासत में लेकर पुलिस पूछताछ कर रही है।

लोगों को हिरासत में लेने के बाद बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने रविवार देर शाम कई घंटों तक कर्रा थाने का घेराव किया। उन्होंने तोरपा के उप-संभागीय पुलिस अधिकारी ऋषभ झा के इस आश्वासन के बाद घेराव खत्म किया कि यदि पूछताछ में आरोपी निर्दोष पाए जाते हैं, तो उन्हें छोड़ दिया जाएगा। डीआइजी अमोल वेनुकट होमकर ने कहा कि घटनास्थल की जांच में पुलिस को वहां से मृत गाय नहीं मिली। रांची जिले के लापुंग थाना क्षेत्र के गोपालपुर गांव का रहने वाला बारला शनिवार को अपनी बहन के घर सुवारी जलटंडा आया था। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार रविवार को जब वह सुवारी नाले में नहाने गया था, उसी दौरान भीड़ ने उसकी और दो अन्य लोगों की पिटाई कर दी। दूसरी घटना गुजरात की है। मेधपर पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना मोती खावड़ी गांव में रविवार को हुई। उन्होंने बताया कि एक व्यक्ति ने रविवार की सुबह दीवार फांदकर मकान में घुसने का प्रयास किया। इसके बाद चोर होने के संदेह में लकड़ी और प्लास्टिक की छड़ों से उसकी पिटाई की गई, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

उन्होंने बताया कि पुलिस ने तीन आरोपियों प्रभाकर त्रिपाठी (उत्तर प्रदेश के देवरिया निवासी), योगेश सिंह (उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर निवासी) और बिहार के रहने वाले मनोज सिंह को गिरफ्तार किया। अधिकारी ने बताया कि पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश कर रही है। पुलिस ने आइपीसी की विभिन्न धाराओं और गुजरात पुलिस अधिनियम के तहत सातों आरोपियों के खिलाफ रविवार की शाम एक प्राथमिकी दर्ज की है।

बालाकोट से बड़ी कार्रवाई करेगी सेना

पेज 1 का बाकी

प्रशिक्षण शिविर नष्ट कर दिए थे। सेना प्रमुख से जब पूछा गया कि क्या भारतीय सेना दोबारा हवाई हमला करेगी? इस सवाल पर जनरल रावत ने कहा, 'हम हवाई हमले को ही क्यों दोहराएंगे, हम इससे आगे क्यों नहीं जा सकते।' जनरल रावत ने कहा कि आतंकियों को भारत में घुसपैठ कराने के लिए पाकिस्तान संघर्षविराम का उल्लंघन करता है, लेकिन इन परिस्थितियों से कैसे निपटना है, ये हमें पता है। उन्होंने कहा, हमारी सेना को पता है कि कैसे कार्रवाई की जाए। हम लोग सतर्क हैं और हम यह सुनिश्चित करेंगे कि घुसपैठ पर पूरी तरह रोक लगे।

सेना प्रमुख ने कहा कि हमारी उत्तर और पश्चिम की सीमाओं पर तनाव है। हमारे पड़ोसियों के साथ संबंध सही नहीं है। हमें सुनिश्चित करना होगा कि कोई घुसपैठ न हो। हमारा पश्चिमी पड़ोसी राज्य प्रायोजित आतंकवाद को बढ़ा रहा है और जम्मू-कश्मीर में हिंसा फैलाने की कोशिश कर रहा है। सेना प्रमुख जनरल रावत ने जम्मू-कश्मीर में सख्त पाबंदी की बात को सिरे से नकारा है। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर में सख्त पाबंदी की बात आतंकियों द्वारा फैलाई जा रही है। आतंकी डर का माहौल पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं। सच्चाई यह है कि घाटी में हिंसा और हत्या की घटनाएं कम हो गई हैं और आतंकी कुछ नहीं कर पा रहे हैं। सेना प्रमुख ने कहा कि आम जनता के लिए संचार के साधन उपलब्ध हैं, लेकिन आतंकियों का कनेक्शन टूट गया है। पाकिस्तान में बैठे आतंकी घाटी के आतंकियों से कोई संपर्क नहीं कर पा रहे हैं। सुरक्षाबलों के पास पूरे इंतजाम हैं कि वे अपने परिवार से बात कर सकते हैं। संचार में कोई रुकावट नहीं है। उन्होंने पाबंदी की बात से इनकार करते हुए कहा कि धीरे-धीरे चीजें सामान्य और आसान हो जाएंगी। घाटी में हो रही आर्थिक गतिविधियों के बारे में जनरल रावत ने कहा कि घाटी से सेब, झेलम नदी से रेत और भट्ठों से ईंट लदे ट्रक निकल रहे हैं और इन्हें देश के कई हिस्सों में भेजा जा रहा है।

श्रीनगर से लगातार हवाई उड़ानों का आवागमन बना हुआ है। अगर पाबंदी होती तो यह सब कैसे संभव होता?

हिंदुओं की आस्था पर सवाल उठाना मुश्किल होगा : सुप्रीम कोर्ट

पेज 1 का बाकी

न्यायिक व्यक्ति का दर्जा देने का आधार नहीं हो सकती। हालांकि, उन्होंने राजनीतिक रूप से संवेदनशील मामले की सुनवाई के 29वें दिन भारत जैसे विविधतापूर्ण देश में भगवान राम और अल्लाह को सम्मान देने की पुरजोर वकालत की। वरिष्ठ वकील ने कहा, 'अगर भगवान राम और अल्लाह का सम्मान नहीं किया जाता तो यह महान देश विभाजित हो जाएगा।' लेकिन उन्होंने 'राम लला विराजमान' की ओर से दायर मुकदमे में जन्मस्थान को पक्षकार बनाने के कदम पर आपत्ति जताई। पीठ इस मामले पर मंगलवार को भी सुनवाई जारी रखेगी।

'घुसपैठ की ताक में 500 आतंकी'

पेज 1 का बाकी

तमाम प्रशिक्षण दिए जा रहे हैं। यह भी जानकारी मिली है कि पाकिस्तान आतंकियों को गुरेज सेक्टर की ओर से सीमा पार कराने की तैयारी में है। उन्होंने कहा कि आतंकियों की यह नई खेप मूलतः अफगानी है। इन लोगों का चुनाव इसलिए किया गया है कि इनके चेहरे कश्मीरियों की तरह मिलते-जुलते भी हैं।

वजन कम करने की दवा से हुई सैकड़ों मौतें, कंपनी व निगरानीकर्ता पर आरोप

पेरिस, 23 सितंबर (एएफपी)।

फ्रांस में वजन घटाने के लिए मधुमेह की गोलियां दिए जाने के बाद हुई सैकड़ों मौतों से संबंधित मामले में दवा कंपनी सिंवयर धोखाधड़ी व लापरवाही के आरोपों का सामना कर रही है। औषधि निगरनीकर्ता समूह भी जांच के घेरे में लिया गया है।

ऐसा माना जाता है कि इस दवाई 'मिडिएटर' को खाने के बाद हृदय वाल्व की समस्या के कारण फ्रांस में कम से कम 500 लोगों की मौत हो चुकी है। यह बहुत बड़ा स्वास्थ्य घोटाला था जिस पर यहां फिल्म भी बनी है। साल 2016 में निर्मित इस फ्रेंच फिल्म का नाम '150 मिलीग्राम' है। यह फिल्म वास्तविक जीवन में श्वसन रोग विशेषज्ञ आईरीन फ्रैंकोन के जीवन पर आधारित है जिसने अपने प्रचार और जांच के माध्यम से इस कथित घोटाले को प्रकाश में लाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

पाक में हिंदू छात्रा की मौत, जज का न्यायिक जांच से इनकार

कराची, 23 सितंबर (भाषा)।

पाकिस्तान में सत्र न्यायाधीश ने हिंदू छात्रा की मौत के मामले में न्यायिक जांच कराने से इनकार कर दिया है। गृह विभाग की सिफारिश के बावजूद जज ने मना कर दिया। डेंटल की छात्रा पिछले सप्ताह छात्रावास के कमरे में मृत मिली थी। सिंध प्रांत के लरकाना जिले में बीबी आसिफा डेंटल कॉलेज की अंतिम वर्ष की छात्रा और सामाजिक कार्यकर्ता निमृता चांदनी को उसकी सहेलियों ने 16 सितंबर को मृत पड़ा देखा। उसके गले में रस्सी बंधी हुई थी।

गृह विभाग की सिफारिश के बावजूद जज ने मना किया

डॉन अखबार की खबर के अनुसार लरकाना जिला और सत्र न्यायाधीश ने चांदनी की रहस्यमयी परिस्थिति में मृत्यु के मामले में न्यायिक जांच नहीं कराई, जबकि गृह मंत्रालय ने 18 सितंबर को इसके लिए अनुरोध किया था। विदेश यात्रा पर गए गृह सचिव अब्दुल कबीर काजी को पुलिस ने सत्र न्यायाधीश के फैसले से अवगत करा दिया है। जज का नाम नहीं बताया गया। अखबार ने सूत्र के हवाले से कहा, 'हमें पता चला है कि सत्र न्यायाधीश ने जांच कराने से साफ मना कर दिया है।' उन्होंने कहा कि काजी ने लरकाना पुलिस को बताया है कि सत्र न्यायाधीश अगर जांच शुरू कराना नहीं चाह रहे तो उन्हें लिखित में देना होगा। अखबार ने लिखा है कि न्यायाधीश ने एक आपत्ति तो यह जताई है कि गृह विभाग ने सीधे उनसे अनुरोध किया है जबकि इस तरह का निर्देश उन्हें सिंध हाई कोर्ट के रजिस्ट्रार की तरफ से जारी किया जाना चाहिए। पुलिस ने मामले में अब तक 32 संदिग्धों को हिरासत में लिया है जिनमें छात्रा के दो सहपाठी महरान आबरो और अली शान मेमन हैं।

गुरु नानक देव की पुण्यतिथि पर करतारपुर में जुटे सिख श्रद्धालु

लाहौर, 23 सितंबर (भाषा)।

पूरी दुनिया से आए सिख श्रद्धालुओं ने गुरु नानक देव की 480वीं पुण्यतिथि के तीन दिवसीय कार्यक्रमों के समापन पर पाकिस्तान के करतारपुर स्थित दरबार साहिब में अरदास की।

श्रद्धालुओं को करतारपुर गलियारे के दौरे पर भी ले जाया गया। यह गलियारा पाकिस्तान के करतारपुर स्थित दरबार साहिब को गुरदासपुर जिले स्थित डेरा बाबा नानक गुरुद्वारे से जोड़ेगा।

तालिबान के खिलाफ हमले में गलती से 40 नागरिक मारे गए

काबुल, 23 सितंबर (एपी)।

अफगान विशेष बल द्वारा सोमवार को दक्षिणी हेलमंद प्रांत में तालिबान के ठिकानों पर किए गए अमेरिका समर्थित हवाई हमलों के दौरान कम से कम 40 नागरिक मारे गए। ये लोग शादी समारोह में शामिल होने आए थे। मरने वालों में ज्यादातर महिलाएं और बच्चे हैं, जो मूसा काला जिले में शादी में गए थे। मूसा काला में दो अलग-अलग हमले किए गए। पहले अभियान में छह विदेशी लड़ाके मारे गए जबकि दूसरा हमला निशाने से चूक गया और गलती से नागरिक उसकी चपेट में आ गए।

फार्म नं. आईएनसी-26

[कम्पनी (निगमन) नियम, 2014 के नियम 30 के अनुसरण में]

केन्द्रीय सरकार क्षेत्रीय निदेशक, उत्तरी क्षेत्र, नई दिल्ली के समक्ष तथा संशोधित कम्पनी अधिनियम, 2013 के कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 13(4) और कम्पनी (निगमन) नियम, 2014 के नियम 30(5)(ए) के मामले में

और

कोहिनूर टाई-अप प्राइवेट लिमिटेड

(CIN: U51109DL2007PTC283188)

जिसका पंजीकृत कार्यालय: 209 चौधरी कॉम्प्लेक्स, प्लॉट नं. 9, वीर सावरकर ब्लॉक, शकरपुर, दिल्ली-110092 में है, के मामले में

....आवेदक कंपनी / याचिकाकर्ता

[illegible] **30 अगस्त, 2019** [illegible] **"राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली"** से **"उत्तर प्रदेश राज्य"** [illegible] एमसीए-21 पोर्टल (**www.mca.gov.in**) [illegible] **209 चौधरी कॉम्प्लेक्स, प्लॉट नं. 9, वीर सावरकर ब्लॉक, शकरपुर, दिल्ली-110092** [illegible] 14 (चौदह) दिनों के भीतर भेजें।

कृते **कोहिनूर टाई-अप प्राइवेट लिमिटेड**

हस्ता/-

दिनांक: 23 सितम्बर 2019 / स्थान: दिल्ली — पंकज कुमार सिंघल (निदेशक) डीआईएन: 00708833

फार्म संख्या-आई.एन.सी. 26

(कंपनी (निगमन) नियम, 2014 के नियम 30 के अनुसरण में)

केंद्रीय सरकार (रीजनल डायरेक्टर) उत्तर क्षेत्र दिल्ली

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 13(4) और कंपनी (निगमन) नियम, 2014 के नियम 30(6)(a) के संबंध में तथा

एन्डोक्यूरा फार्मा प्राइवेट लिमिटेड दिल्ली

सूचना

[illegible] 06.08.2019 [illegible] बी-2 विंग, 2 फ्लोर, पर्यावरण भवन, CGO काम्प्लेक्स, नई दिल्ली-110003 [illegible] 3206, गली नं. 65, बी-ब्लॉक [illegible] -110084

आवेदक के लिए और उनकी ओर से एन्डोक्यूरा फार्मा प्राइवेट लिमिटेड, दिल्ली

स्थान: ग्वालियर — हिमांशु चौहान (प्रबंधक)

दिनांक: 18.09.2019

RATHI GRAPHIC TECHNOLOGIES LIMITED

Regd. Office: D-12 A, Sector - 9, New Vijay Nagar, Ghaziabad, U.P.- 201009

Corporate and Marketing Office:- 24/1A, Mohan Co-Operative Industrial Estate, Mathura Road New-Delhi, 110 044

Ph. No. 011-45003400

CIN: L36960UP1991PLC013770,

Website: www.rathitoner.com,

E-mail id: investor@rathitoner.com

SHORTER NOTICE

Notice is hereby given that pursuant to the provision of Regulation 33 and 29(1) (a) of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements), Regulations, 2015, the 06/2019-20 meeting of the Board of Directors of Rathi Graphic Technologies Limited ("Company") at a shorter notice will be held on Saturday, 28th Day of September, 2019 at Corporate & Marketing office of the Company situated at 24/1A, Mohan Cooperative Industrial Estate, Mathura Road, New Delhi-110044 at 10.00 a.m. inter-alia to consider and approve the Audited Financial Results of the Company for the quarter and year ended 31st March, 2019 and any other business with the permission of the Chair.

Further, in accordance with the SEBI (Prevention of Insider trading) Regulations, 2015 and the Company's Code of Conduct for Prevention of Insider Trading, the Trading Window for dealing in the Company's securities was closed for the Directors/Officers/ Key Managerial Personnel/ Designated Employees of the Company from Tuesday, 21st May, 2019 and will open 48 hours after the said financial results are declared to the Stock Exchange and the Public.

Sd/-

Raj Kumar Rathi (Managing Director)

Place: New Delhi — Date: 23.09.2019 — DIN: 00089569

शुभम हाउसिंग डेवलपमेन्ट फाइनांस क.लि.

कॉर्पोरेट कार्यालय: 425, उद्योग विहार फेज-IV, गुड़गाँव-122015 (हरियाणा)

फोन: 0124-4212530/ 31/ 32, ई-मेल: customercare@shubham.co, वेबसाईट: www.shubham.co

जैसा कि, वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्त्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत शुभम हाउसिंग डेवलपमेन्ट फाइनांस कम्पनी लिमिटेड (यहां के बाद शुभम के रूप में वर्णित) के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्त्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अधोहस्ताक्षरी ने मांग सूचना जारी कर ऋणधारकों को उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर सूचना में वर्णित राशि वापस लौटाने का निर्देश दिया था।

ऋणधारक इस राशि को वापस लौटाने में विफल रहे, अतः एतद्द्वारा ऋणधारक तथा आम जनता को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त प्रतिभूति हित प्रवर्त्तन नियमावली 2002 के नियम 8 के साथ पठित अधिनियम की धारा 13 (4) के अंतर्गत उन्हें प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अधोहस्ताक्षरी ने यहां नीचे वर्णित सम्पत्ति का कब्जा कर लिया है।

विशेष रूप से ऋणधारकों तथा आम जनता को एतद्द्वारा सतर्क किया जाता है कि वे यहां नीचे वर्णित सम्पत्ति का व्यवसाय न करें तथा इन सम्पत्तियों का किसी भी तरह का व्यवसाय यहां नीचे वर्णित राशि तथा उस पर ब्याज के लिये शुभम हाउसिंग डेवलपमेन्ट फाइनांस कम्पनी लिमिटेड के चार्ज के अधीन होगा।

ऋणधारक का ध्यान प्रतिभूत परिसम्पत्तियों को विमोचित करने के लिए उपलब्ध समय के संदर्भ में अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों के प्रति आकृष्ट की जाती है।

क्रम सं.	ऋणधारक(कों) का नाम	मांग सूचना की राशि	मांग सूचना तिथि	प्रतिभूत परिसम्पत्ति	एफिक्सेशन की तिथि
1.	राकेश कुमार, पुष्पा शर्मा	रु. 971753/-	18.1.2018	खेवत नं. 191, खतोनी-267, किल्ला नं. 3/2, 3-17. 48-0, 58-0, बाका मौजा तिलपत, तहसील एवं जिला-फरीदाबाद-121003	18.9.2019
2.	श्री धरमेन्द्र कुमार, इन्द्रपाल	रु. 4,90,566/-	18.8.2017	खसरा नं. 120, ग्राम इल्लाबांस, परगणा एवं तहसील-दादरी, जिला जी.बी. नगर (उ.प्र.)-201301	18.9.2019
3.	अभिशेक, रजनी मिश्रा, विकास	रु. 903320/-	2.3.2019	प्लॉट नं. 10/1, 2रा तल, खसरा नं. 808, राजबाग कॉलोनी, साहिबाबाद, जिला गाजियाबाद, उ.प्र.-201005	18.9.2019
4.	श्री अनिल कुमार झा, सुधीरा झा	रु. 754339/-	19.7.2017	मकान सं. 101/ए, खाता नं.-333, ग्राम भूवापुर, परगणा लोनी, गाजियाबाद-201102	18.9.2019
5.	गौरव यादव, रीता रानी	रु. 1332628/-	26.4.2019	सम्पत्ति सं. 1/9216, भूतल (आरएचएस, प्लॉट नं. 19, खसरा नं.-1283/391 तथा 1286/392 में, ग्राम, उल्धनपुर, गली नं. 5, पश्चिम रोहताश नगर, ईलाका शाहदरा, दिल्ली-110032	18.9.2019
6.	गौरव यादव आदित्य दीपक	रु. 1692751/-	2.3.2019	फ्लैट नं.-4, भूतल, मकान सं. 211, खसरा नं. 448, ग्राम होशियारपुर, सेक्टर-51, नोएडा, उत्तर प्रदेश-201301	18.9.2019
7.	निर्मला, हिमांशु डागर	रु. 1262879/-	20.8.2018	पी. नं. 2-ए/9, प्रा. नं. सी-1, यूजीएफ, ख.नं. 1151/3 मिन, लाल डोरा की आबादी, ग्राम मेहरौली, तह. हौज खास, मेहरौली, नई दिल्ली, दक्षिण पश्चिम दिल्ली-110030	18.9.2019
8.	दराब सिंह श्रीमती रमा देवी	रु. 658453/-	26.4.2019	खेवत नं./ खाता नं.-925, खतौनी नं.-1068, अरजी मु.नं. 84, किला नं. 15/1 (6-14), लक्ष्मण कॉलोनी, वाका मौजा बल्लभगढ़, तहसील बल्लभगढ़, फरीदाबाद, हरियाणा-121004	18.9.2019
9.	संतोष, सन्ध्या	रु. 8,24,248/-	27.11.2018	खसरा नं.- 31//14/2, 6/2, 32//10/2, वाका सिवाना मौजा घनवापुर हल कॉलोनी, सूरत नगर फेज 2, गुड़गाँव, हरियाणा-122001	18.9.2019
10.	शादिआन, जावेद खान	रु. 380959/-	26.4.2019	खेवत/खाता नं. 6, म्यु. नं.-11, किल्ला नं.- 25 80 बाका राईपुर, तह. सोहना, जिला गुड़गाँव, हरियाणा-122103	18.9.2019
11.	श्री अक्षय कुमार, आदित्य कुमार, उमा राना	रु. 550395/-	29.3.2017	प्लॉट नं.-13, खसरा नं. 152, मिन, असालत नगर, जलालबाद, मोदी नगर-201204	18.9.2019
12.	विरेन्द्र कौशिक, ममतेश कौशिक	रु. 851719/-	20.2.2018	खसरा नं. 722 मी, ग्राम बेगमाबाद बुदाना, मराफ मोहल्ला, ब्रह्मपुरी, मोदीनगर, उ.प्र.-201204	18.9.2019
13.	देवकान्त शाह, सारिका	रु. 811087/-	12.4.2018	खसरा नं. 811, ग्राम बिसोखर मारुफ, मोह-सन्तपुरा मोदीनगर, परगणा-जलालाबाद, तहसील मोदीनगर, जिला-गाजियाबाद 201204	18.9.2019
14.	विजय कुमार शर्मा, शीला	रु. 5,31,106/-	28.7.2018	खसरा नं. 703 मी., ग्राम बेगमाबाद बुदाना, परगणा जलालाबाद, मोदी नगर, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश-201204	18.9.2019
15.	धर्मेन्द्र कुमार मिश्रा, शिवा बरण लाल मिश्रा	रु. 589437/-	28.7.2018	प्लॉट नं.-6, खसरा नं. 411, ग्राम दोयामी, परगणा हापुर, तहसील हापुर, यूपी रोड, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश-245101	18.9.2019
16.	चन्दरपाल सिंह, चन्द्रावती	रु. 498405/-	20.8.2018	खसरा नं. 1256 मी. मोह. विजय नगर, परगणा- जलालाबाद, तहसील मोदीनगर, जिला गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश-201204	18.9.2019
17.	सुभाष चन्द कासना, कविता कासना	रु. 640336/-	17.5.2018	सी-1/47, भू तल, डीएलएफ एक्स्टें., भोपुरा, गाजियाबाद- 201005	18.9.2019
18.	गीता देवी, काली चरण शर्मा	रु. 958617/-	20.2.2018	फ्लैट नं. एफएफ-1, 1ला तल, ख.नं. 399, प्रेम विहार-III, ग्राम सैदुल्लाबाद, परगणा लोनी, तहसील एवं जिला गाजियाबाद, उ.प्र.-201102	18.9.2019
19.	श्रीमती नीतु रावत, गुलाब सिंह रावत	1206843/-	16.3.2018	मकान सं. बी/59/1, ख.नं. 988, सुभाष पार्क, ग्राम माकनपुर. गाजियाबाद, उ.प्र.- 201006	18.9.2019
20.	इमरान, अख्तरी	रु. 841467/-	19.2.2019	प्लॉट नं. 18, खसरा नं. 159/11, मोहल्ला चोत कैला, ग्राम किल्ला, गाजियाबाद, उ.प्र.-201003	18.9.2019
21.	जीतेन्द्र यादव, अनिता यादव	रु. 812627/-	19.2.2019	फ्लैट नं. 301, 2रा तल, प्लॉट नं. एम-160 सी, ख.नं. 977, महाराणा प्रताप नगर, महेन्द्र एन्क्लेव, राजापुर, परगणा डासना, तहसील एवं जिला गाजियाबाद, उ.प्र.-201003	18.9.2019
22.	जीतेन्द्र सिंह, सूरजपाल सिंह, सुमन राना	रु. 554863/-	2.3.2019	मकान सं. ई-54, नंदग्राम, गाजियाबाद, उ.प्र.-201003	18.9.2019
23.	रविन्दर भाटी, शान्ति	रु. 655465.71/-	7.6.2019	प्लॉट नं. (उल्लिखित नहीं), भूमि माप 100 वर्ग याईस, रेक्ट.नं. 23, किल्ला नं. 11 (8-0), खेवत/ खाता 67/74 में शामिल तथा माप 50 वर्ग याईस, रेक्ट नं. 23, किल्ला नं. 12 (8-0) में शामिल (कुल भूमि माप 100 वर्ग याईस) जो ग्राम सेहतपुर, तहसील एवं जिला फरीदाबाद, हरियाणा-121003 में स्थित है।	18.9.2019
24.	अयूब खान, अमीना	रु. 809807/-	7.6.2019	प्लाट न. 9, खेवत/खाता न. 56/63, 65, मुस्तातिल/ खसरा न. 58/8/2, आदर्श नगर, तहसील बल्लभगढ़, जिला फरीदाबाद, हरियाणा-124004	18.9.2019
25.	सुशील कुमार सिंह, कंचन सिंह	रु. 1142027.46	7.6.2019	फ्लैट नं. ई-442, भूतल, ब्लॉक ई, सेक्टर-11, प्रताप विहार, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश-201005	18.9.2019
26.	अरूण कुमार, पूजा	रु. 796912.27	7.6.2019	भू तल, बिना छत के, प्लॉट न. सी 1/1, बिन्दापुर, संजय एन्क्लेव, उत्तम नगर, नई दिल्ली, पश्चिम दिल्ली-110059	18.9.2019
27.	घनश्याम सिंह, शान्ति देवी	रु. 779118.42	7.6.2019	बाका मौजा ऊंचा गांव, प्लॉट नं. 325, अरजी खसरा नं. 57, किल्ला नं. 140 (0-18) 15 (7-17), 17 (4-7), क्यू नं. 58, किल्ला नं. 12 (8-0) 11 (8-0), बल्लभगढ़, फरीदाबाद, हरियाणा-121004	18.9.2019

स्थानः गुड़गाँव — प्राधिकृत अधिकारी

तिथिः 23.9.2019 — शुभम हाउसिंग डेवलपमेन्ट फाइनांस कम्पनी लि.

बैंक ऑफ़ बड़ौदा (भारत सरकार का उपक्रम)

भूतल, विजया बिल्डिंग, 17, बाराखम्बा रोड, नई दिल्ली-110001

[नियम 8 (1)]

कब्जा सूचना (अचल सम्पत्ति हेतु)

जबकि, अधोहस्ताक्षरी ने बैंक ऑफ बड़ौदा – बाराखम्बा रोड शाखा (पूर्वतः विजया बैंक) के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित (द्वितीय) अधिनियम, 2002 के अधीन और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 9 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए एक मांग सूचना दिनांकित **10-06-2019** जारी की थी, जिसमें कर्जदार के माध्यम से सूचना में वर्णितानुसार बकाया राशि उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के भीतर चुकाने की मांग की गई थी। उक्त सूचना आपके द्वारा 14-06-2019 को प्राप्त की गई थी।

कर्जदार राशि चुकाने में विफल रहे हैं, एतद्द्वारा कर्जदारों तथा जनसाधारण को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमावली के नियम 9 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) के अधीन उसको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यहां नीचे वर्णित सम्पत्ति का कब्जा **17 सितम्बर, 2019** को प्राप्त कर लिया है।

एतद्द्वारा, विशेष रूप से कर्जदार को तथा जनसाधारण को इस सम्पत्ति के संबंध में संव्यवहार नहीं करने हेतु सावधान किया जाता है तथा सम्पत्ति के संबंध में कोई भी संव्यवहार बैंक ऑफ बड़ौदा (पूर्वतः विजया बैंक) की बकाया राशि सूचना में नीचे विवरण दिया गया है।

क्र० सं०	कर्जदार/गारंटर के नाम	बकाया राशि	सम्पत्तियों का विवरण
1.	श्री श्याम सुन्दर गुप्ता पुत्र श्री पी.एम. गुप्ता 2. श्रीमति सीता गुप्ता पत्नि श्री श्याम सुन्दर गुप्ता 3. श्री आकाश गुप्ता पुत्र श्री श्याम सुन्दर गुप्ता 4. श्री सागर गुप्ता पुत्र श्री श्याम सुन्दर गुप्ता सभी निवासी ए-2, चिराग एन्क्लेव, ग्रेटर कैलाश, नई दिल्ली- 110048	31.05.2019 को ₹ 19,67,38,086.40	1. सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : मैसर्स सोना कार्पोरेशन इंडिया प्रा. लि. के नाम पर प्लॉट नंबर जी-9, ब्लॉक बी-1, मोहन को-आपरेटिव एस्टेट, मथुरा रोड, नई दिल्ली स्थित कॉमर्शियल प्रॉपर्टी, कुल परिमाप 3880 वर्ग मीटर। **चौहद्दी (सेल डीड के अनुसार) – उत्तर** : प्लॉट नंबर जे-05, **दक्षिण** : प्लॉट नंबर जे-04, **पूरब** : 60 फीट चौड़ी रोड, **पश्चिम** : अन्य भूमि 2. सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : मैसर्स मुकुन्द लाल ओम प्रकाश ऐंड कम्पनी के नाम पर प्लॉट नंबर जे-4, ब्लॉक बी-1, मोहन को-आपरेटिव इंडस्ट्रियल एस्टेट, मथुरा रोड, नई दिल्ली स्थित कॉमर्शियल प्रॉपर्टी, जिसमें ग्राउण्ड फ्लोर + 2 अपर फ्लोर्स (प्रत्येक फ्लोर परिमाप लगभग 1375 वर्ग मीटर कवर्ड एरिया) शामिल हैं, कुल परिमाप 4125 वर्ग मीटर, जो 3286.07 वर्ग गज परिमाप के प्लॉट पर निर्मित है। **चौहद्दी (वास्तविक के अनुसार) – उत्तर पूर्व** : 60 फीट चौड़ी रोड, **दक्षिण पश्चिम** : अन्य भूमि, **दक्षिण पूरब** : प्लॉट नंबर जी-09, **पश्चिम** : प्लॉट नंबर जी-03 3. सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : श्री श्याम सुंदर गुप्ता एवं श्रीमती सीता गुप्ता के नाम पर प्लॉट नंबर 2, चिराग एन्क्लेव, नई दिल्ली स्थित आवासीय सम्पत्ति। **चौहद्दी (वास्तविक के अनुसार) – उत्तर पूर्व** : मकान नंबर ए-03, **दक्षिण पश्चिम** : मकान नंबर ए-01, **दक्षिण पूरब** : 15 फीट चौड़ी रोड, **पश्चिम** : आउटर रिंग रोड
2.	मैसर्स सोना कार्पोरेशन इंडिया प्रा. लि., जिसका पंजीकृत कार्यालय जी-9, ब्लॉक बी-1, मोहन को-आपरेटिव एस्टेट, मथुरा रोड, नई दिल्ली-110044 में स्थित है, के इसके निदेशकों 1. श्री श्याम सुंदर गुप्ता पुत्र पी.एम. गुप्ता, 2. श्रीमती सीता गुप्ता पत्नी श्री श्याम सुंदर गुप्ता, 3. श्री सागर गुप्ता पुत्र श्री श्याम सुंदर गुप्ता, सभी निवासी ए-2, चिराग एन्क्लेव, ग्रेटर कैलाश, नई दिल्ली- 110048	31.05.2019 को ₹ 14,16,36,464.42	1. सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : मैसर्स सोना कार्पोरेशन इंडिया प्रा. लि. के नाम पर प्लॉट नंबर जी-9, ब्लॉक बी-1, मोहन को-आपरेटिव एस्टेट, मथुरा रोड, नई दिल्ली स्थित कॉमर्शियल प्रॉपर्टी, कुल परिमाप 3880 वर्ग मीटर। **चौहद्दी (सेल डीड के अनुसार) – उत्तर** : प्लॉट नंबर जे-05, **दक्षिण** : प्लॉट नंबर जे-04, **पूरब** : 60 फीट चौड़ी रोड, **पश्चिम** : अन्य भूमि 2. सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : मैसर्स मुकुन्द लाल ओम प्रकाश ऐंड कम्पनी के नाम पर प्लॉट नंबर जे-4, ब्लॉक बी-1, मोहन को-आपरेटिव इंडस्ट्रियल एस्टेट, मथुरा रोड, नई दिल्ली स्थित कॉमर्शियल प्रॉपर्टी, जिसमें ग्राउण्ड फ्लोर + 2 अपर फ्लोर्स (प्रत्येक फ्लोर परिमाप लगभग 1375 वर्ग मीटर कवर्ड एरिया) शामिल हैं, कुल परिमाप 4125 वर्ग मीटर, जो 3286.07 वर्ग गज परिमाप के प्लॉट पर निर्मित है। **चौहद्दी (वास्तविक के अनुसार) – उत्तर पूर्व** : 60 फीट चौड़ी रोड, **दक्षिण पश्चिम** : अन्य भूमि, **दक्षिण पूरब** : प्लॉट नंबर जी-09, **पश्चिम** : प्लॉट नंबर जी-03 3. सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : श्री श्याम सुंदर गुप्ता एवं श्रीमती सीता गुप्ता के नाम पर प्लॉट नंबर 2, चिराग एन्क्लेव, नई दिल्ली स्थित आवासीय सम्पत्ति। **चौहद्दी (वास्तविक के अनुसार) – उत्तर पूर्व** : मकान नंबर ए-03, **दक्षिण पश्चिम** : मकान नंबर ए-01, **दक्षिण पूरब** : 15 फीट चौड़ी रोड, **पश्चिम** : आउटर रिंग रोड

स्थान : दिल्ली — प्राधिकृत अधिकारी (बैंक ऑफ बड़ौदा, बाराखम्बा रोड शाखा)

IN THE MATTER OF ARBITRATION BETWEEN M/S. SREI EQUIPMENT FINANCE LTD. AND Lekh Raj (Agreement No 139844 dated 31.8.2017)

Pursuant to the directions given by the Ld. Sole Arbitrator Mr Sukanta Ghosh Advocate on 30.7.2019 notice is hereby given to Mr Lekh raj at DG 1375, ward No 7, behind Nishant Public School, Palwal, Faridabad, Haryana, Pin 121002 to be present and defend the matter before the Learned Sole Arbitrator on 4.11.2019 at 5.p.m at 7, Old post office street, Kolkata 700001.

Ayan Chakraborty

Advocates

Room No.403B,4th Floor, "Oswal Chamber", 2, Church Lane, Kolkata- 700 001

सार्वजनिक सूचना

रजिस्ट्रार ऑफ कम्पनीज के समक्ष, नई दिल्ली

सीमित दायित्व भागीदारी अधिनियम, 2008, नियम 17 सीमित दायित्व भागीदारी, 2009 के मामले में

और

मालिया स्टील एण्ड अलॉयज एलएलपी

(एलएलपीआईएन : एएबी-4326)

के मामले में

जिसका पंजीकृत पता : **381, सेक्टर-9, फरीदाबाद, हरियाणा-121006**

....आवेदक

[illegible] **"हरियाणा राज्य"** से **"छत्तीसगढ़ राज्य में"** [illegible] **बिलासपुर, छत्तीसगढ़** [illegible] 21 दिनों के भीतर [illegible] एमसीए-21 पोर्टल (**www.mca.gov.in**) [illegible] 61 [illegible] नई दिल्ली-110019 [illegible]

पंजीकृत कार्यालय : 381, सेक्टर-9, फरीदाबाद, हरियाणा-121006

आवेदक के लिए और उनकी ओर से

मालिया स्टील एण्ड अलॉयज एलएलपी

हस्ता/-

दिनांक : 23.09.2019 — रजत गर्ग

स्थान : फरीदाबाद — अभिहित भागीदार

फार्म नं. आईएनसी-26

[कम्पनी (निगमन) नियम, 2014 के नियम 30 के अनुसरण में]

केन्द्रीय सरकार क्षेत्रीय निदेशक, उत्तरी क्षेत्र, नई दिल्ली के समक्ष तथा संशोधित कम्पनी अधिनियम, 2013 के कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 13(4) और कम्पनी (निगमन) नियम, 2014 के नियम 30(5) (ए) के मामले में

और

नितिन इंस्ट्रूमेंट्स प्राइवेट लिमिटेड

(CIN: U85110DL1989PTC226090)

जिसका पंजीकृत कार्यालय : **205 चौधरी कॉम्प्लेक्स, 9, मधुबन रोड, शकरपुर, दिल्ली-110092** में है, के मामले में

....आवेदक कंपनी / याचिकाकर्ता

[illegible] **30 अगस्त, 2019** [illegible] **"राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली"** से **"उत्तर प्रदेश राज्य"** [illegible] (**www.mca.gov.in**) [illegible] **205 चौधरी कॉम्प्लेक्स, 9, मधुबन रोड, शकरपुर, दिल्ली-110092** [illegible] 14 (चौदह) दिनों के भीतर भेजें।

कृते **नितिन इंस्ट्रूमेंट्स प्राइवेट लिमिटेड**

हस्ता/-

दिनांक: 23 सितम्बर 2019 / स्थान: दिल्ली — पंकज कुमार सिंघल (निदेशक) डीआईएन: 00708833

BANK OF BARODA — POWER OF 3

CORPORATE BANKING BRANCH - I, VIJAYA BUILDING, 17, GROUND FLOOR, BARAKHAMBA ROAD, NEW DELHI - 110001

NOTICE TO GUARANTOR

NOTICE TO GUARANTOR (UNDER SUB- SECTION (2) OF SECTION 13 OF THE SARFAESI ACT, 2002)

1.**Mr. Vinod Sehwag** s/o Late Shri Krishan Kumar Sehwag, X-12, Ground Floor, Hauz Khas, South West Delhi, Delhi, 110016
2.**Mrs. Meenakshi Sehwag** w/o Mr. Vinod Sehwag, X-12, Ground Floor, Hauz Khas, South West Delhi, Delhi, 110016
3.**Mr. Vishnoo Mittal** s/o Shri Mange Ram Mittal, H.No. 136, Deepak Vihar, Najafgarh, South West Delhi, Delhi, 110043
4.**Mr. Heavent Sudhir Malhotra** S/o Sudhir Malhotra, D-7/7018, D-Block, Near Vasant Kunj Fly Over, Vasant Kunj, South West Delhi, Delhi, 110070
5.**M/s V & V Corporation Private Limited** Registered Office at Flat No.7228, Sector D, Pocket-7, Vasant Kunj, New Delhi-110070
6.**M/s VHV Beverages Private Limited** Registered Office at Flat No.7228, Sector D, Pocket-7, Vasant Kunj, New Delhi-110070
7.**Mrs. Homi** W/o Vishnoo Mittal, 37 A, Rati Ram Park, Nazafgarh, Dharampura Extn., New Delhi
8.**Mrs. Pooja Malhotra** D/o Pramod Krishan Bhatnagar, D-7/7018, Near Vasant Kunj, South West Delhi, Delhi, 110070
9.**M/s Xalta Infrastructure and Services Private Limited** Registered Office at RZ-37A, Naya Bazar, Rati Ram Park, Najaf Garh, New Delhi, 110043

Dear Sir/s

Re: Your guarantee for credit facilities granted to M/s Xalta Food And Beverages Private Limited (Borrower)

एतद्द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि यह कम्पनी **एचईबीई इंडस्ट्रीज लिमिटेड** (U74899DL1990PLC040251) उपरोक्त नियमावली के साथ पठित कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 14 के अंतर्गत केंद्र सरकार के पास एक आवेदन करने के लिये इच्छुक है तथा ऐसे रूपांतरण को प्रभावी करने के लिये कम्पनी **एचईबीई इंडस्ट्रीज लिमिटेड** को सक्षम बनाने के लिए 28 अगस्त, 2019 को आयोजित असाधारण आमसभा में पारित विशेष प्रस्ताव के अनुसार कंपनी को एक प्राईवेट लिमिटेड कम्पनी में रूपांतरित करने के लिए इच्छुक है।

कंपनी की स्थिति में इस प्रस्तावित परिवर्तन से यदि किसी व्यक्ति का हित प्रभावित होता हो, वे उसके नीचे वर्णित पते पर पंजीकृत कार्यालय में आवेदक कंपनी को उसकी एक प्रति के साथ इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से चौदह दिनों के भीतर अपने हित की प्रकृति तथा आपत्ति के कारणों का उल्लेख करते हुए एक शपथ पत्र द्वारा समर्थित अपनी आपत्ति संबंधित क्षेत्रीय निदेशक, कॉर्पोरेट कार्यालय, उत्तरी क्षेत्र, नई दिल्ली, बी-2 विंग, 2रा तल, पर्यावरण भवन, सीजीओ कॉम्प्लैक्स, नई दिल्ली-110003 में जमा करें या जमा कराएं या पंजीकृत डाक से भेजें।

कृत्ते एवं के लिए

एचईबीई इंडस्ट्रीज लिमिटेड

हस्ता./-

(रजत गोयल)

निदेशक

तिथि: 23.9.2019 **DIN No. 00440745**

स्थान: नई दिल्ली **पता: 10, बाबर रोड, नई दिल्ली डीएल 110001 आईएन**

प्रपत्र सं. आईएनसी-25ए

(कम्पनी (निगमन) नियमावली, 2014 के नियम 41 के अनुपालन में)

एचईबीई एटायर एक्स्पोर्ट्स लिमिटेड का एचईबीई एटायर एक्स्पोर्ट्स प्राईवेट लिमिटेड (सार्वजनिक कम्पनी से प्राईवेट कम्पनी) में रूपांतरण के लिये विज्ञापन

क्षेत्रीय निदेशक, कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय, उत्तरी क्षेत्र नई दिल्ली के समक्ष

कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 14 तथा कम्पनी (निगमन) नियमावली, 2014 के नियम 41 के मामले में

तथा

एचईबीई एटायर एक्स्पोर्ट्स लिमिटेड (U74899DL1989PLC035865) जिसका पंजीकृत कार्यालय 10, बाबर रोड, नई दिल्ली डीएल 110001 आईएन में है, के मामले में

.... **आवेदक**

एतद्द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि यह कम्पनी एईबीई एटायर एक्स्पोर्ट्स लिमिटेड (U74899DL1989PLC035865) उपरोक्त नियमावली के साथ पठित कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 14 के अंतर्गत केंद्र सरकार के पास एक आवेदन करने के लिये इच्छुक है तथा ऐसे रूपांतरण को प्रभावी करने के लिये कम्पनी (एचईबीई एटायर एक्स्पोर्ट्स प्राईवेट लिमिटेड) को सक्षम बनाने के लिए 28 अगस्त, 2019 को आयोजित असाधारण आमसभा में पारित विशेष प्रस्ताव के अनुसार कंपनी को एक प्राईवेट लिमिटेड कम्पनी में रूपांतरित करने के लिए इच्छुक है।

कंपनी की स्थिति में इस प्रस्तावित परिवर्तन से यदि किसी व्यक्ति का हित प्रभावित होता हो, वे उसके नीचे वर्णित पते पर पंजीकृत कार्यालय में आवेदक कंपनी को उसकी एक प्रति के साथ इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से चौदह दिनों के भीतर अपने हित की प्रकृति तथा आपत्ति के कारणों का उल्लेख करते हुए एक शपथ पत्र द्वारा समर्थित अपनी आपत्ति क्षेत्रीय निदेशक, कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय, उत्तरी क्षेत्र, नई दिल्ली, बी-2 विंग, 2रा तल, पर्यावरण भवन, सीजीओ कॉम्प्लैक्स, नई दिल्ली-110003 में जमा करें या जमा कराएं या पंजीकृत डाक से भेजें।

कृत्ते एवं के लिये

एचईबीई एटायर एक्स्पोर्ट्स लिमिटेड

हस्ता./-

(रजत गोयल)

निदेशक

तिथि: 23.9.2019 **DIN NO. 00440745**

स्थान: नई दिल्ली **पता: 10, बाबर रोड, नई दिल्ली डीएल 110001 आईएन**

बेटे-बेटियों को टिकट नहीं दिला पाएंगे हरियाणा के भाजपाई दिग्गज

चौधरी वीरेंद्र सिंह की पत्नी प्रेमलता सिंह हो सकती हैं अपवाद

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 23 सितंबर।

हरियाणा विधानसभा के चुनाव में सूबे के उन भाजपाई दिग्गजों की उम्मीदों पर पानी फिर सकता है जो अपने बेटे-बेटियों को चुनाव मैदान में उतारने की कवायद में जुटे थे। पार्टी ने हरियाणा की सभी 90 सीटों के लिए उम्मीदवारों के नाम तय करने की प्रक्रिया लगभग पूरी कर ली है और उसके प्रत्याशियों की पहली सूची अगले कुछ दिनों में जारी कए जाने की संभावना है।

सूत्रों ने बताया कि हरियाणा विधानसभा चुनाव के मद्देनजर उम्मीदवारों के नाम तय करने के लिए सूबे की चुनाव समिति की बैठक रविवार को मैराथन बैठक हुई जिसमें केंद्रीय नेतृत्व के वरिष्ठ नेताओं से लेकर प्रदेश भाजपा के भी तमाम वरिष्ठ नेता शामिल हुए। इस बैठक के बाद उम्मीदवारों के नाम का एक पैनल तैयार कर लिया गया है और पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह की मोहर लगने के बाद भाजपा अपने प्रत्याशियों की पहली सूची जारी कर सकती है।

भाजपा उम्मीदवारों की सूची को अंतिम रूप देने के लिए सोमवार को भी प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सुभाष बराला और संगठन महामंत्री सुरेश भट्ट की बैठक भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री व हरियाणा के प्रभारी अनिल जैन के साथ हुई। सूत्रों ने बताया कि पार्टी अपने लगभग सभी मंत्रियों व विधायकों को टिकट देगी। हालांकि करीब एक दर्जन विधायक ऐसे भी हैं जिन्हें चुनाव मैदान में नहीं उतारा जाए।

उन्होंने बताया कि नवरात्र के दौरान तमाम प्रत्याशियों की सूची सामने आ जाएगी। उन्होंने बताया कि इस बात की संभावना ज्यादा है कि पार्टी वरिष्ठ नेताओं बेटे-बेटियों व अन्य परिजनों को टिकट नहीं दे। उन्होंने कहा कि इस नियम का एक ही अपवाद चौधरी वीरेंद्र सिंह हो सकते हैं जिनकी पत्नी प्रममलता सिंह को भाजपा ऊंचाना विधानसभा क्षेत्र से फिर से टिकट देगी क्योंकि वह पहले से ही इस विधानसभा क्षेत्र से विधायक हैं। उनके अलावा किसी दिग्गज भाजपाई नेता के परिजनों को चुनावी टिकट मिलने की संभावना नहीं है।

भाजपा ने हरियाणा की 90 सदस्यीय विधानसभा में 75 पार का नारा दिया है। मुख्यमंत्री मनोहरलाल खट्टर के नेतृत्व में पार्टी सूबे में फिर से अपनी सरकार बनाने की पुरजोर कवायद में जुटी हुई है।

सरकार और जनता के बीच खत्म होनी चाहिए दूरी : राष्ट्रपति

नई दिल्ली, 23 सितंबर (भाषा)।

राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने सोमवार को 2017 बैच के 169 आइएएस अधिकारियों के एक समूह से कहा कि सरकार और जनता के बीच की दूरी खत्म होनी चाहिए।

राष्ट्रपति भवन के प्रवक्ता ने एक बयान में कहा कि वर्तमान में विभिन्न मंत्रालयों और विभागों में सहायक सचिवों के रूप में कार्यरत अधिकारियों को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि उन्हें अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए उन दृष्टिकोणों को अपनाना होगा जिससे उत्कृष्ट परिणाम निकलकर सामने आएं।

कोविंद ने कहा, 'उन्हें टीम वर्क पर जोर देना चाहिए और हर किसी को साथ लेकर चलना चाहिए और हर किसी के योगदान की पहचान की जानी चाहिए। जब वे ऐसा करते हैं, तो उन्हें आगे बढ़कर नेतृत्व करना चाहिए और एक आदर्श बनना चाहिए। उन्हें सामाजिक-आर्थिक कार्यक्रमों में अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी को प्रोत्साहित करना चाहिए, विशेषकर जहां वे मानसिकता और दृष्टिकोण को लेकर काम कर रहे हैं।' उन्होंने कहा कि सरकार 'हमारी' या 'उनकी' नहीं होती है, बल्कि 'हम सबकी' होती है।

राष्ट्रपति ने कहा कि सरकार और लोगों के बीच की दूरी खत्म होनी चाहिए। अधिकारियों का दृष्टिकोण लोगों के प्रति संवेदनशील और जन-केंद्रित होना चाहिए। कोविंद ने कहा, 'हम अपने लोगों के लिए जीवन को सुगम व बेहतर बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।' उन्होंने कहा, 'यदि भारत को पांच-हजार अरब डालर अर्थव्यवस्था में बदलना है, कृषि-आय को दोगुना करना है, सामाजिक न्याय को प्राप्त करना है और हमारी प्रगति में महिलाओं को समान हितधारक बनाना है, तो इसके कार्यान्वयन में आइएएस अधिकारियों की भूमिका अग्रणी और महत्त्वपूर्ण रहेगी।'

'आध्यात्मिकता की राह चुनने वाली महिलाएं ज्यादा खुशहाल'

नई दिल्ली, 23 सितंबर (भाषा)।

आरएसएस से जुड़े संगठन 'दृष्टि' के जरिए कराए एक सर्वेक्षण में कहा गया है कि जिन महिलाओं ने आध्यात्मिकता की राह चुनी और जिनके पास परिवार व आय नहीं है वे दुनिया में सबसे खुशहाल हैं।

यह अध्ययन 29 राज्यों, पांच केंद्र शासित प्रदेशों में किया गया। इसमें सीमावर्ती इलाकों के 70 जिलों समेत 465 जिले शामिल किए गए। यह अध्ययन 2017-18 के दौरान दृष्टि स्त्री अध्ययन प्रबोधन केंद्र (डीएसएपीके) ने कराया है।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत मंगलवार को यहां एक कार्यक्रम में अध्ययन रिपोर्ट जारी करेंगे। सर्वेक्षण के लिए 18 साल की आयु से अधिक की 43,255 महिलाओं का साक्षात्कार लिया गया।

सरकार ने पेंशन नियमों में संशोधनों को अधिसूचित किया

नई दिल्ली, 23 सितंबर (भाषा)।

सात साल से कम के सेवाकाल में सरकारी कर्मचारी की मृत्यु पर उसके परिवार के सदस्य अब बढ़ी हुई पेंशन पाने के हकदार होंगे। सरकार ने पेंशन नियमों में संशोधनों को अधिसूचित कर दिया है। इसका लाभ केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल के जवानों की विधवाओं को मिल सकेगा। इससे पहले यदि किसी कर्मचारी की मृत्यु सात साल से कम के सेवाकाल में हो जाती थी तो उसके परिजनों आखिरी वेतन के 50 फीसद के हिसाब से बढ़ी हुई पेंशन मिलती थी। अब सात साल से कम के सेवाकाल में मृत्यु होने पर कर्मचारी के परिजन बढ़ी हुई पेंशन पाने के पात्र होंगे।

अधिसूचना के अनुसार राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद ने केंद्रीय सिविल सेवा (पेंशन) नियम,1972 में संशोधन को मंजूरी दे दी है। ये नियम केंद्रीय सिविल सेवा (पेंशन) दूसरा संशोधन नियम, 2019 एक अक्तूबर, 2019 से लागू होंगे। अधिसूचना में कहा गया है कि ऐसे सरकारी कर्मचारी जिनकी मृत्यु एक अक्तूबर, 2019 तक दस साल का कार्यकाल पूरा करने से पहले हो जाती है और उन्होंने लगातार सात साल तक का सेवाकाल पूरा नहीं किया है,उनके परिजनों को एक अक्तूबर, 2019 से उप नियम (3) के तहत बढ़ी हुई दर पर पेंशन मिलेगी।

उच्च शिक्षा में बेहतर हुआ छात्र-शिक्षक अनुपात

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 23 सितंबर।

देश के उच्च शिक्षण संस्थानों में छात्र शिक्षक अनुपात (पीटीआर) पिछले साल के मुकाबले बेहतर हुआ है। अखिल भारतीय उच्च शिक्षा सर्वेक्षण (एआइएसएचई) के मुताबिक 2018-19 में छात्र शिक्षक अनुपात 26 रहा है जो 2017-18 में 29 था। नियमित दाखिलों के आधार पर पीटीआर 24 रहा जो पिछली रिपोर्ट के मुताबिक 25 था। वहीं, विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में पीटीआर 29 रहा जो 2017-18 में 30 था। इतना ही नहीं विश्वविद्यालयों और उससे संबद्ध इकाइयों में छात्र शिक्षक अनुपात 18 रहा है जबकि 2017-18 में यह अनुपात 20 था। केंद्रीय मानव संसाधन विकास (एचआरडी) मंत्रालय की ओर से एआइएसएचई रिपोर्ट हर साल जारी की जाती है, यह नौवीं रिपोर्ट है। छात्र शिक्षक अनुपात का अर्थ है प्रति शिक्षक विद्यार्थियों की संख्या।

एआइएसएचई की रिपोर्ट के मुताबिक शिक्षकों की कुल संख्या 14,16,299 है जिनमें से 57.8 फीसद पुरुष और 42.2 फीसद महिलाएं हैं। 2017-18 की रिपोर्ट के मुताबिक देश में कुल शिक्षा की संख्या 13,88,732 थी। वर्तमान में रिपोर्ट के मुताबिक पुरुष शिक्षकों की तुलना में महिलाओं की सबसे कम संख्या बिहार में है, जहां 78.97 फीसद पुरुष शिक्षक और 21.03 फीसद महिला शिक्षक हैं। झारखंड इस मामले में दूसरे नंबर पर है, जहां पुरुष शिक्षक 69.8 फीसद और महिला शिक्षक 32.3 हैं। केरल, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, मेघालय, नगालैंड, दिल्ली और गोवा में महिला शिक्षकों की संख्या पुरुष शिक्षकों के मुकाबले ज्यादा है। 2018-19 के सर्वेक्षण में कुल 962 विश्वविद्यालयों, 38,179 महाविद्यालयों और 9190 स्वतंत्र संस्थानों ने हिस्सा लिया।

सर्वेक्षण के अनुसार अखिल भारतीय स्तर पर 100 पुरुष शिक्षकों की तुलना में सिर्फ 73 महिला शिक्षक हैं। मुसलिमों के मामले में 100 पुरुषों की तुलना में 57 महिला शिक्षक हैं, जबकि अन्य अल्पसंख्यकों के संदर्भ में 100 पुरुषों के मुकाबले 151 महिलाएं हैं, लेकिन दिव्यांग वर्ग में 100 पुरुष शिक्षकों के मुकाबले मात्र 37 महिला शिक्षक हैं। रिपोर्ट के मुताबिक प्रति 100 पुरुषों के मुकाबले विश्वविद्यालय में 58 महिला शिक्षक, महाविद्यालयों में 76 महिला शिक्षक और स्वतंत्र संस्थानों में 71 महिला शिक्षक हैं। रिपोर्ट के अनुसार तकनीकी या पॉलिटेक्निक संस्थानों में प्रति 100 पुरुष शिक्षकों के मुकाबले 47 महिला शिक्षक, शिक्षक प्रशिक्षण में 68, प्रबंधन संस्थानों में 61, मंत्रालय के तहत संस्थाओं में सबसे कम 18 महिला शिक्षक हैं।

दस का सिक्का दिए जाने से यात्री ने चाकू मारा

मुंबई, 23 सितंबर। नवी मुंबई में सोमवार को एक बस में 10 रुपए के नोट बजाय सिक्का दिए जाने से गुस्साए यात्री ने बस परिचालक को चाकू मार दिया। पुलिस ने बताया कि कोपरखैराने से पनवेल जा रहा तन्मय कावठेकर ने परिचालक नवी मुंबई नगर परिवहन (एनएमएमटी) बस के परिचालक रामेश्वर इप्पर (25) को दस रुपए के टिकट के लिए 20 रुपए दिए। परिचालक ने उसे 10 रुपए का सिक्का दिया जिसको लेने से कावठेकर ने इनकार कर दिया और नोट मांगने लगा। परिचालक ने जब उसकी बात नहीं मानी तो वह भड़क गया और चलती बस में उसे चाकू मार दिया। कावठेकर को गिरफ्तार कर लिया गया है। **(भाषा)**

मै. वैल्यू मेकर्स इन्टरनेशनल प्राईवेट लिमिटेड (परिसमापन में)
परिसमापक का पताः बी-165, जंगपुरा बी, नई दिल्ली-110018; सम्पर्कः 91-11-24377675
ई-मेल आईडीः vntg631@gmail.com
ई-नीलामी बिक्री सूचना
दिवाला एवं दिवालिया संहिता 2016 तथा उसके अंतर्गत विनियमन के अंतर्गत एतद्द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि नीचे तालिका में वर्णित सम्पत्तियों की वेबसाईट http://www.eauctions.co.in के माध्यम से सेवा प्रदाता मै. लिंकस्टार इन्फोसिस प्राईवेट लिमिटेड द्वारा ई-नीलामी द्वारा बिक्री की जायेगी।

नीलामी की तिथि एवं समय	5 अक्टूबर, 2019 को 1.00 बजे अप. से 3.00 बजे अप.
ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि	4.10.2019
निरीक्षण की तिथि एवं समय	2 अक्टूबर, 2019 को 12 बजे अप. से 5.00 बजे सायं तक। निरीक्षण के लिये सम्पर्क किये जाने वाले व्यक्ति का नाम श्री अजीम खान, सम्पर्क नं.: 9717829791

लॉट नं.	विवरण	आरक्षित मूल्य (लाखो में)	ईएमडी (रु.) (लाखो में)
1.	मर्सडीज बेंज कार सी 220 सीडीआई मॉडल-2014 पंजीकरण संख्या डीएल 6 सी एम 7665 यूरो-3 इन्स्युरैन्स उपलब्ध नहीं	6.75	1.00

ईएमडी (अप्रतिदेय) का भुगतान 4 अक्टूबर, 2019 को या उससे पूर्व "फॉर्च्यून ग्रैफिक्स लिमिटेड (परिसमापन में)" की खाता, खाता नं. 3757040123 तथा आईएफएससी कोड CBIN0282737 में एनईएफटी/ आरटीजीएस द्वारा इच्छुक बोलीदाता को करना होगा अथवा यह भुगतान "वैल्यू मैकर्स इन्टरनेशनल प्राईवेट लिमिटेड (परिसमापन में)" के पक्ष में देय डीडी/ पे आर्डर द्वारा किया जायेगा। ई-नीलामी बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तों के लिये https://www.eauctions.co.in पर उपलब्ध निविदा दस्तावेज देखें। ई-नीलामी से संबंधित किसी भी जिज्ञासा के लिये श्री दीक्षित प्रजापति (M 7874138237) से admin@eauctions.co.in पर या परिसमापक से उनके ई-मेल vntg631@gmail.com पर सम्पर्क करें।
हस्ता/-
सीए विनीत अग्रवाल
स्थानः नई दिल्ली — वैल्यू मैकर्स इन्टरनेशनल प्रा. लि. (परिसमापन में) के परिसमापक
तिथिः 23.09.2019 — आईपी पंजी. सं. IBBI/IPA-001/IP-P00475/2017-18/10818

कार्पोरेशन बैंक
दिलशाद गार्डन शाखाः एफ-14, दिलशाद कालोनी, दिल्ली-110095
फोनः 011-22357438, 22353490, 22354875, 22354043
कब्जा सूचना
(अचल सम्पत्ति के लिए) [नियम 8(1) देखें] नियम 2002)
जबकि अधोहस्ताक्षरी ने कार्पोरेशन बैंक ब्रांच दिलशाद गार्डन, एफ-14, दिलशाद कालोनी, दिलशाद गार्डन, पुरानी सीमापुरी रोड, दिल्ली - 110095 के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 9 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अधोहस्ताक्षरी ने मांग सूचना तिथि **05.07.2019** जो जारी कर ऋणधारक **श्री मनोज जोशी एवं श्रीमती नीता जोशी** को उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर ब्याज और अन्य शुल्कों के साथ सूचना में वर्णित राशि **₹ 10,48,226.28 (रुपए दस लाख अड़तालीस हजार दो सौ छब्बीस और अठाईस पैसा मात्र)** वापस लौटाने का निर्देश दिया था।
ऋणधारक / गारन्टर इस राशि को वापस लौटाने में विफल रहे, अतः एतद्द्वारा ऋणधारक तथा आम जनता को सूचित किया जाता है कि **दिनांक 17 सितम्बर, 2019** को अधोहस्ताक्षरी ने उक्त प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 9 के साथ पठित अधिनियम की धारा 13(4) के अंतर्गत उन्हें प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अधोहस्ताक्षरी ने नीचे वर्णित सम्पत्ति का **प्रतीकात्मक कब्जा** कर लिया है।
विशेष रूप से ऋणधारक तथा आम जनता को सामान्य रूप से एतद्द्वारा सतर्क किया जाता है कि वे नीचे वर्णित संपत्ति का व्यवसाय न करें तथा इन संपत्तियों का किसी भी तरह का व्यवसाय कार्पोरेशन बैंक, एफ-14, दिलशाद गार्डन, दिल्ली से करने पर ब्याज व अन्य खर्चों के लिए उपरोक्त बैंक के चार्ज के अधीन होगा।

क्र. सं.	ऋणी/जमानतकर्ता का नाम व पता	अचल संपत्तियों का विवरण	बकाया राशि
1.	उधारकर्ताः श्री मनोज जोशी फ्लैट नं. 1007, टावर जॉसमिन अजनारा इन्टेग्रिटी, एन.एच.-58, राज नगर एक्स., गाजियाबाद (उ.प्र.) एवं श्रीमती नीता जोशी फ्लैट नं. 1007, टावर जॉसमिन अजनारा इन्टेग्रिटी, एन.एच.-58, राज नगर एक्स., गाजियाबाद (उ.प्र.)	फ्लैट नं. 1007, टावर जॉसमिन अजनारा इन्टेग्रिटी, एन.एच.-58, राज नगर एक्स., गाजियाबाद (उ.प्र.)	रुपये 10,48,226.28/- (रुपये दस लाख हड़तालीस हजार दो सौ छब्बीस और अठाइस पैसे मात्र) इसके अलावा ब्याज पर 11.75% प्रति वर्ष, मासिक ब्याज के साथ 02.00% प्रतिवर्ष दंड ब्याज लागू दिनांक 06.07.2019 से।

दिनांकः 17.09.19
स्थानः नई दिल्ली — प्राधिकृत अधिकारी

मध्य प्रदेश के 'मोहपाश' मामले में एसआइटी गठित

प्राथमिकी दर्ज कराने वाले अधिकारी को निलंबित किया

भोपाल, 23 सितंबर (भाषा)।

मध्य प्रदेश पुलिस मुख्यालय ने इंदौर में दर्ज किए गए हनी ट्रैप (मोहपाश) मामले को गंभीरता से लेते हुए इसकी जांच के लिए विशेष जांच दल (एसआइटी) का गठन किया है।

मध्य प्रदेश पुलिस मुख्यालय द्वारा यहां सोमवार को इस मामले में अधिकृत तौर पर बताया गया है कि इंदौर के पलासिया पुलिस थाना क्षेत्र में 17 सितंबर को एक व्यक्ति की शिकायत पर दर्ज किए गए मामले की जांच के लिए पुलिस महानिदेशक विजय कुमार सिह ने एसआइटी गठित कर दी है। एसआइटी का गठन पुलिस मुख्यालय में पदस्थ पुलिस महानिरीक्षक, (अपराध अनुसंधान) डी श्रीनिवास वर्मा के नेतृत्व में किया गया है। पुलिस महानिदेशक ने इस घटना के हर पहलू की बारीकी से जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

पुलिस ने इंदौर नगर निगम के अधीक्षण इंजीनियर हरभजन सिंह की शिकायत पर हनी ट्रैप गिरोह का खुलासा किया था। गिरोह की पांच महिलाओं समेत छह सदस्यों को भोपाल और इंदौर से गिरफ्तार किया गया था। नगर निगम अधिकारी ने पुलिस को बताया कि गिरोह ने उनके कुछ आपत्तिजनक वीडियो क्लिप वायरल करने की धमकी देकर उनसे तीन करोड़ रुपए की मांग की थी। ये क्लिप खुफिया तरीके से तैयार किए गए।

इस बीच मामले में प्राथमिकी दर्ज कराने वाले इंदौर नगर निगम के एक आला अधिकारी को अनैतिक कार्य में शामिल होने के आरोप में सोमवार को पद से निलंबित कर दिया गया।

अधिकारियों ने बताया कि नगर निगम प्रशासन ने इस शहरी निकाय के अधीक्षण इंजीनियर हरभजन सिह को वर्ष 1965 के मध्यप्रदेश सिविल सेवा आचरण नियमों के तहत निलंबित किया। निलंबन आदेश में कहा गया कि अनैतिक कृत्य (हनी ट्रैप मामले) में सिंह की कथित संलिप्तता पहली नजर में अशोभनीय होने के साथ नैतिक पतन की परिचायक है। इस कारण उनकी पेशेवर कार्यप्रणाली पर भी प्रश्नचिन्ह लग गया है।

स्टैण्डर्ड सरफैक्टेंट्स लिमिटेड
सीआईएनः L24243UP1989PLC010950
रजिस्टर्ड कार्यालयः 8/15, आर्य नगर, कानपुर-02
ई-मेलः secretarial@standardsurfactants.com
वेबसाईटः www.standardsurfactants.com
वार्षिक आम सभा के स्थगन की सार्वजनिक सूचना
कंपनी के शेयरधारकों को यह सूचना दी जाती है की कंपनी की 30वीं वार्षिक आम सभा कोरम पूरा न होने के कारण स्थगित कर दी गई है और अब यह सोमवार, 30 सितम्बर 2019 को अपराह्न 02:30 बजे कंपनी के पंजीकृत कार्यालय में होगी। अधिक सूचना कंपनी की वेबसाइट http://www.standardsurfactants.com और स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट http://www.bseindia.com पर उपलब्ध है
वास्ते स्टैण्डर्ड सरफैक्टेंट्स लि0
हस्ता0/-
(पवन कुमार गर्ग)
चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक
दिनांकः 23.09.2019
स्थानः कानपुर — डी.आई.एन.-00250836

Form No. 5
Debts Recovery Tribunal
600/1, University Road, Near Hanuman Setu Mandir, Lucknow
(Areas of Jurisdiction : Part of Uttar Pradesh)
Summons for filing Reply & Appearance by publication
O.A. No. 824/2019 — Date : 07-09-2019
(Summons to Defendant under Section 19(4) of the Recovery of Debts due to Banks and Financial Institutions Act, 1993 Read with Rules 12 and 13 of the Debts Recovery Tribunal (Procedure Rule, 1993)
ORIENTAL BANK OF COMMERCE ....Applicant
Versus
M/s A.S. Enterprises and Others ....Defendants
To,
Defendants:-
1. **M/s A.S. Enterprises,** Khasra No. 1147, Siddique Nagar, Meerut Road, Ghaziabad (U.P.)- 201001 through its proprietor Smt. Sarika Bansal
2. **Smt. Sarika Bansal Wife of Sri Ajay Bansal,** resident of R-7/E-48, Sector-7, Raj Nagar, Ghaziabad, U.P.
In the above noted application, you are required to file reply in Paper Book form in two sets along with documents and affidavits (if any) personally or through your duly authorized agent or legal practitioner in this Tribunal, after serving copy of the same on the applicant or his counsel / duly authorized agent after publication of summons, and thereafter to appear before the Tribunal on **27-11-2019 at 10.30 A.M.** failing which the application shall be heard and decided in your absence.
Registrar
Debts Recovery Tribunal, Lucknow

इण्डियन ओवरसीज़ बैंक
रोहिणी, सेक्टर-8 (1506) शाखा, 101-110, प्रथम तल, प्लाज़ा सी कॉम्प्लेक्स, सेक्टर-8, रोहिणी, नई दिल्ली-110085, फोनः 011-27945991, 27940573, ईमेलः iob1506@iob.in
सरफेसी अधिनियम, 2002 की धारा 13 की उप-धारा (2) के अंतर्गत
ऋणधारक/मार्टगैजर/गारंटरों के लिए मांग सूचना
स्थानः नई दिल्ली, तिथिः 6.6.2019

क्रम सं.	ऋणधारक
1.	श्री राधेय शाम पुत्र श्री किशन लाल निवासीः फ्लैट न. 93, विकास शील अपार्टमेन्ट्स सेक्टर-13, रोहिणी, दिल्ली-110085

प्रिय महोदय,
संदर्भ, इंडियन ओवरसीज बैंक, रोहिणी, सेक्टर 8 शाखा में आपकी साख सुविधाएं
1. आप, हमारे बैंक के ऊपर नामित ऋणधारक के हमारी रोहिणी, सेक्टर 8 शाखा के निम्न साख सुविधाएं प्राप्त की है। विशिष्ट बकाए के साथ साख सुविधाओं का विवरण इस प्रकार हैः

क्रम सं.	साख का प्रकार	सीमा (रु.)	ब्याज का दर	5.9.2019 को कुल बकाया* (रु.)
1.	न्यू मारुति स्विफ्ट VDI एएमटी मॉडल कार की खरीद के लिये पुष्पक योजना के अंतर्गत सावधि ऋण	रु. 720000/- (रुपये सात लाख बीस हजार मात्र)	एक वर्ष एमसीएलआर+50% अर्थात् 9.20% वर्तमान में +2% अधिशेष ब्याज	रु. 656476.07 (रुपये छः लाख छप्पन हजार चार सौ छियत्तर एवं पैसे सात मात्र)
2.	मारुति विटारा ब्रेजा वीडीआई एएमटी मॉडल कार की खरीद के लिये पुष्पक योजना के अंतर्गत सावधि ऋण	रु. 800000/- (रुपये आठ लाख मात्र)	एक वर्ष एमसीएलआर+50% अर्थात् 9.15% वर्तमान में +2% अधिशेष ब्याज	रु. 743991.00 (रुपये सात लाख तैंतालिस हजार नौ सौ इक्यानवे मात्र)

* ऊपर वर्णित तिथि से भुगतान की तिथि का अनुबंधित दरों/रेस्ट्स पर आगे के ब्याज का भुगतान किया जाएगा।
ये साख सुविधाएं क्रम सं. 1 में वर्णित ऋणधारक के नाम में स्थित मारुति स्विफ्ट-वीडीआई एएमटी मॉडल कार तथा मारुति विटारा ब्रेजा-वीडीआई एएमटी मॉडल कार के हाइपोथकेशन द्वारा नीचे वर्णित परिसम्पत्तियों द्वारा प्रतिभूत है।
समय-समय पर आपने आपके द्वारा निष्पादित विभिन्न दस्तावेजों के माध्यम से यहां ऊपर वर्णित देयताओं को स्वीकार किया है।
2. उपरोक्त साख सुविधाओं के लिए बैंक के पक्ष में प्रतिभूतियों का विवरण इस प्रकार हैः

प्रतिभूति का प्रकार (हाइपोथेकेशन/मार्टगेजर आदि)	प्रतिभूतियों का विवरण
1. हाइपोथेकेशन	मारुति स्विफ्ट-वीडीआई एएमटी मॉडल कार पंजीकरण सं. DL8 CAT 7143 चैसिस नं. MBHCZC0355B118539 इंजिन नं. D13A-3225817 कलरः पर्ल आर्कटिक व्हाइट वाहन श्री राधेय शाम के नाम पंजीकृत है।
1. हाइपोथेकेशन	मारुति विटारा ब्रेजा-वीडीआई एएमटी मॉडल कार पंजीकरण सं. DL8 CAU 4168 चैसिस नं. MA3NYFB1SJE395072 इंजिन नं. D13A-5662755 कलरः पर्ल आर्कटिक व्हाइट वाहन श्री राधेय शाम के नाम पंजीकृत है।

3. स्वीकृत शर्तों के अनुसार मूलधन ऋण/ ब्याज के भुगतान में ऊपर नामित ऋणधारकों द्वारा की गई चूक के ऊपरांत भारतीय रिजर्व बैंक के दिशा निर्देशों तथा निर्देशों के अनुसार 31.8.2018 (एनपीए के रूप में वर्गीकरण की तिथि) को ऊपर वर्णित ऋण खाता को गैर- प्रचालन संपत्ति के रूप में वर्गीकृत कर दिया गया है। आपकी खाता को नियमित करने के लिए हमारे द्वारा आपको बार-बार स्मरण दिलाए जाने के बावजूद आपने उस पर ब्याज सहित अधिशेष ऋणों को पुनर्भुगतान नहीं किया है।
4. क्यूं कि आप क्रम सं. 1 में ऊपर नामित ऋणधारक ऊपर वर्णित प्रतिभूतियों के द्वारा विधिवत प्रतिभूत साख सुविधाओं के संदर्भ में देयताओं को पूरा करने में विफल रहे हैं तथा आपकी खाता का गैर-प्रचालन परिसंपत्तियों के रूप में वर्गीकरण के उपरांत हम एतद् द्वारा आप क्रम सं. 1 को दी गई अपनी अग्रिमों को वापस लेते हैं तथा वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 की उप-धारा (2) के अंतर्गत आपको सूचित करते हैं तथा निर्देश देते हैं कि इस सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर ऊपर वर्णित तिथि से यथा स्वीकृत मासिक रेस्ट्स के साथ मिश्रित आगे के ब्याज 9.20% की दर से + अधिशेष ब्याज 2% की दर से तथा 9.15%+2% अधिशेष ब्याज के साथ ऊपर पैरा 1 में वर्णित रु. 656476.07 (रुपये छः लाख छप्पन हजार चार सौ छियत्तर तथा पैसे सात मात्र) तथा रु. 74399/- (रुपये सात लाख तैंतालिस हजार नौ सौ इक्यानवे मात्र) की कुल राशि का बैंक को भुगतान कर अपनी संपूर्ण देयताओं को निष्पादित करें।
5. हम, पुनः क्रम सं. 1 को सूचित करते हैं कि भुगतान की तिथि तक ब्याज तथा चार्जेज आदि के साथ उक्त संपूर्ण राशि के भुगतान में विफल होने पर हम उक्त अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (4) के अंतर्गत हम में निहित किसी या सभी अधिकारों का प्रयोग करेंगे।
6. कृप्या ध्यान रहे कि संपूर्ण भुगतान तक प्रत्येक साख सुविधाओं के लिए स्वीकृत दरों तथा रेस्ट्स पर ब्याज बढ़ती रहेगी।
7. आपका ध्यान उक्त अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (13) के प्रति आकृष्ट की जाती है जिसके अनुसार हमारी पूर्व लिखित सहमति प्राप्त किए बिना आप बिक्री, पट्टा या अन्य रूप से उपरोक्त प्रतिभूत परिसंपत्तियों का अंतरण/ स्वत्व-त्याग/ स्थानांतरण नहीं कर सकते हैं। कृपया यह भी ध्यान रहे कि उक्त अधिनियम अथवा उसके अंतर्गत निर्मित नियमावली में शामिल प्रावधानों का गैर-अनुपालन/ उल्लंघन एक अपराध है जिसके लिए अधिनियम की धारा 29 के अंतर्गत कैद एवं/ अथवा जुर्माने का प्रावधान है।
8. साथ ही, हम आप सभी को यह भी सूचित करते हैं कि यदि निर्धारित समय में खाता को नियमित नहीं किया गया/ बकाए का भुगतान नहीं किया गया तथा यदि भा.रि.बैं. के दिशानिर्देशों के अनुसार बैंक द्वारा आपको जान-बूझकर चूककर्ता घोषित कर दिया गया तो बैंक को आपके नाम, पते, चूक के विवरणों, बकायों आदि के साथ वसूली के लिए बैंक को उपलब्ध सभी उपायों को शुरू करने के अतिरिक्त भा.रि.बैं. के दिशा निर्देशों के अनुसार समाचार पत्र(त्रों) में आपके फोटोग्राफ को प्रकाशित कराने का अधिकार प्राप्त है।
9. हम आपको यह भी सलाह देते हैं कि यह मांग सूचना पूर्वाग्रह-रहित है तथा इसे उक्त बकाए की वसूली के साथ ही साथ आप पर बकाया तथा आपके द्वारा देय राशि के संदर्भ में आगे पुनः मांग करने के किसी अन्य अधिकारों अथवा उपचारों के छूट के रूप में नहीं माना जाए।
10. पुनः आपका ध्यान प्रतिभूत परिसंपत्तियों को विमोचित करने के लिए उपलब्ध समय के संदर्भ में अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों के प्रति आकृष्ट की जाती है।

आपका विश्वासभाजन
प्राधिकृत अधिकारी

इलाहाबाद बैंक
(भारत सरकार का उपक्रम)
विश्वास की एक परंपरा
नई दिल्ली क्षेत्रीय कार्यालयः इलाहाबाद बैंक भवन, पहली मंजिल, 17, संसद मार्ग, नई दिल्ली -110001
फोनः 011-23345518 फैक्सः 011-23367770
ई-मेलः zo-newdelhi@allahabadbank-in
प्रतीकात्मक कब्जा सूचना [नियम-8(1)]
जैसे कि इलाहाबाद बैंक के अधोहस्ताक्षरी प्राधिकृत अधिकारी ने वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग कर दिनांक **08.05.2019** को एक मांग सूचना जारी की थी जिसमें कर्जदार **मैसर्स आरएस मेटल उद्योग (उधारकर्ता) श्री राकेश अग्रवाल पुत्र स्व.श्री सी.एम.अग्रवाल (प्रोपराइटर) श्रीमति मीना अग्रवाल पत्नी श्री राकेश अग्रवाल बंधककर्ता/जमानती और श्री गौरव अग्रवाल पुत्र श्री राकेश अग्रवाल (जमानती)** को नोटिस में उल्लेखित धनराशि **रूपये 1,48,91,149.00/- (रूपये एक करोड़ अड़तालीस लाख इकानवे हजार एक सौ उन्पचास) 07.05.2019** से उक्त खाते में प्रभारित ब्याज, अन्य खर्चे व भुगतान सहित उक्त सूचना प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर पुनर्भुगतान करने के लिए कहा गया।
कर्जदार(ों)/सह-उधारकर्ता(ों)/बंधकर्ता(ों)/जमानती(यों) के राशि अदा कर पाने में असफल रहने पर कर्जदार(ों)/सह-उधारकर्ता(ों)/बंधकर्ता(ों)/जमानती(यों) और सर्व सामान्य को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (4) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग कर नीचे वर्णित संपत्ति का दिनांक **21 सितम्बर, 2019** को कब्जा ले लिया है।
सुरक्षित परिसंपत्तियों को भुनाए जाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में, अधिनियम की धारा 13 के उपधारा 8 के प्रावधान के लिए उधारकर्ताओं के ध्यान को आमंत्रितकिया जाता है।
विशेष रूप से कर्जदार(ों)/सह-उधारकर्ता(ों)/बंधकर्ता(ों)/जमानती(यों) तथा आम तौर पर जनता को इस संपत्ति के संबंध में कोई भी लेन-देन न करने की चेतावनी दी जाती है। इस संपत्ति के साथ कोई भी लेन-देन इलाहाबाद बैंक को देय धनराशि **रूपये 1,48,91,149.00/- (रूपये एक करोड़ अड़तालीस लाख इकानवे हजार एक सौ उन्पचास) 07.05.2019 तक** के साथ-साथ ब्याज सहित अन्य खर्चे के अधीन होगा।
अचल संपत्ति का विवरण बंधक
बंधक आवासीय फ्लैट नंबर 38-ए, ग्राउंड फ्लोर, डीडीए एमआईजी फ्लैट, ब्लॉक-ईडी, पीतम पुरा, नई दिल्ली -88 में जो श्रीमती मीना अग्रवाल के नाम है।
दिनांकः 21.09.2019 — प्राधिकृत अधिकारी
स्थानः नई दिल्ली — इलाहाबाद बैंक

एसेट रीकन्स्ट्रक्शन कम्पनी (इंडिया) लि. (अर्सिल)
Arcil
(मै. ऑरोप्रूब लैबोरेटरीज से संबंधित वित्तीय परिसम्पत्तियों के लिये स्थापित ट्रस्ट(टों) के ट्रस्टी की हैसियत से कार्यरत
अर्सिल कार्यालयः द रूबी, 10वां तल, 29, सेनापति बापत मार्ग, दादर (वेस्ट) मुम्बई-400028
वेबसाईटः www.arcil.co.in
बिक्री के लिये सार्वजनिक सूचना
प्रतिभूति हित (प्रवर्त्तन) नियमावली, 2002 के नियम 6(2) तथा नियम 8(6) तथा नियम 9(1) के प्रावधानों के साथ पठित वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्त्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत अचल एवं चल परिसम्पत्तियों की बिक्री के लिये ई नीलामी बिक्री सूचना
एतद्द्वारा आम जनता तथा विशेष रूप से ऋणधारकों तथा गारंटरों को सूचित किया जाता है कि प्रतिभूत क्रेडीटर के पास हाइपोथेकेटेड/मार्टगैज/बंधक रखी गई नीचे वर्णित चल एवं अचल सम्पत्ति जिसका एसेट रीकन्स्ट्रक्शन कम्पनी (इंडिया) लिमिटेड-प्रतिभूत क्रेडीटर के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा भौतिक कब्जा किया गया है की ऑरोप्रोब लैबोरेटरीज से एसेट रीकन्स्ट्रक्शन कम्पनी (इंडिया) लिमिटेड, प्रतिभूत क्रेडीटर के बकाये 27 सितम्बर, 2012 से आगे के ब्याज एवं खर्चे के साथ 26 सितम्बर, 2012 को रु. 13,45,33,381.63 (रुपये तेरह करोड़ पैंतालिस लाख तैंतीस हजार तीन सौ इक्यासी एवं पैसे तिड़ेसठ मात्र) की वसूली के लिये "जैसा है जहां है", "जो भी जैसा है" तथा "जो कुछ भी वहां है आधार" पर 10 अक्टूबर, 2019 को 3.00 बजे अप. में बिक्री की जायेगी। आरक्षित मूल्य रु. 4.30 करोड़ (रुपये चार करोड़ तीस लाख मात्र) है। धरोहर राशि भुगतान रु. 43,00,000 (रुपये तैंतालिस लाख मात्र) होगी।
सम्पत्ति का विवरणः

ग्राम- आबूपुर, मुराद नगर, गाजियाबाद के निकट, दिल्ली-मेरठ रोड, उत्तर प्रदेश में स्थित भूमि माप 9714.48 वर्ग मी. तथा भवन माप 40000 वर्ग फीट
परिसर के भीतर मशीनरीज एवं साजो-सामान

अर्सिल को ज्ञात अधिभारः अर्सिल को ज्ञात नहीं
(रु. 1.99 लाख की श्रमिकों का बकाया तथा 10% प्रति वर्ष की दर से ब्याज (सूचना तिथि 6 जुलाई, 2017) का वहन क्रेता को करना होगा।
बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तों के लिये कृपया एसेट रीकन्स्ट्रक्शन कम्पनी (इंडिया) लिमिटेड-प्रतिभूत क्रेडीटर की वेबसाईट अर्थात् http://www.arcil.co.in में दी गई लिंक देखें तथा अर्सिल के अधिकारी अर्थात् कमल मिश्रा (022-66248654/श्री मेराज सैयद (022-66248655/9820485425)/09819820760)/श्री अमरेन्द्र म्यूलाय (022-66248623/9821152080) से सम्पर्क करें।
यह बिक्री पूरी तरह से इस विज्ञापन में तथा आमंत्रण एवं बिक्री की शर्तों के लिये निर्धारित दस्तावेज में शामिल नियमों एवं शर्तों के अधीन होगी। आमंत्रण एवं बिक्री की शर्तों के लिये दस्तावेज प्राधिकृत अधिकारी, एसेट रीकन्स्ट्रक्शन कम्पनी (इंडिया) लि., द रूबी, 10वाँ तल, 29, सेनापति बापत मार्ग, दादर (वेस्ट), मुम्बई-400028, फोनः 022-6658 1300/655 अथवा अर्सिल-आर्म्स ऑफिस, सेठी चैम्बर्स, प्लॉट नं. 2, 2रा तल, एम.ओ.आर. लैंड, डीडीए शॉपिंग कॉम्प्लैक्स, न्यू राजिन्दर नगर, नई दिल्ली-110060 से एसेट रीकन्स्ट्रक्शन कम्पनी (इंडिया) लि. के पक्ष में देय मुम्बई में भुगतान योग्य डीडी/पीओ द्वारा रु. 2000/- (अप्रदेय) के भुगतान पर 24 सितम्बर, 2019 से 10 अक्टूबर, 2019 तक सभी कार्य दिवसों को 10 बजे अप. से 5 बजे अप. के बीच प्राप्त की जा सकती है।
स्थानः मुम्बई — प्राधिकृत अधिकारी
तिथिः 24 सितम्बर, 2019 — एसेट रीकन्स्ट्रक्शन कम्पनी (इंडिया) लि.

भय का माहौल पैदा कर रही है भाजपा : ममता

कोलकाता, 23 सितंबर (भाषा)।

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भाजपा पर आरोप लगाया कि एनआरसी को लेकर उसने भय का माहौल बनाया है। सोमवार को बनर्जी ने दावा किया कि इस वजह से राज्य में छह लोगों की मौत हो गई। तृणमूल सुप्रीमो ने यहां व्यापार संघों की बैठक को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि वह राज्य में राष्ट्रीय नागरिक पंजिका (एनआरसी) लागू नहीं होने देंगी। बनर्जी ने कहा, 'एनआरसी बंगाल या देश के किसी भी हिस्से में नहीं होगा। असम में यह असम समझौते की वजह से हुआ।'

ओरियन्टल बैंक ऑफ कॉमर्स
(भारत सरकार का उपक्रम)
शाखा : इन्दिरापुरम, गाजियाबाद-201014, मो. : 9650392255, ईमेलः bm1207@obc.co.in
नियम - 8 (1) अधिग्रहण सूचना (अचल सम्पत्ति हेतु)
जबकि अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन ऐक्ट 2002 के तहत ओरियन्टल बैंक ऑफ कॉमर्स का प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित कर्जदारों / गारन्टरों को निम्नलिखित दिनांकों को डिमांड नोटिस जारी किया था, जिसमें उक्त सूचना की तिथि से 60 दिनों के अन्दर भुगतान करने को कहा गया था।
उधारकर्ताओं / गारंटरों उक्त राशि का भुगतान करने में असफल हो गये हैं इसलिये एतद्द्वारा उधारकर्ता तथा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने इसमें नीचे वर्णित सम्पत्ति का कब्जा, उक्त अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (4), उक्त नियमों के नियम 8 के साथ पठित के अधीन उन्हें प्रदत्त शक्तियों के इस्तेमाल के अन्तर्गत निम्नलिखित दिनांकों को कब्जा ले लिया है।
उधारकर्ताओं को विशेष रूप से और सर्वसाधारण को सामान्य रूप से चेतावनी दी जाती है कि वे निम्न सम्पत्तियों के साथ लेन-देन न करें तथा सम्पत्ति के साथ कोई भी लेन-देन ओरियन्टल बैंक ऑफ कॉमर्स, के प्रभार वास्ते बकाया राशि के अधीन होगा।
उधारकर्ताओं का ध्यान एक्ट की धारा 13 की उप धारा (8), के प्रावधानों के अंतर्गत सुरक्षित परिसंपत्तियों के मुक्त करने हेतु उपलब्ध समय सीमा की ओर आकर्षित किया जाता है।
अचल सम्पत्तियों का विवरण

क्र. सं.	कर्जदार का नाम	सम्पत्तियों का विवरण	मांग सूचना की तारीख / कब्जा की तारीख	बकाया राशि (रु. में) मांग सूचना के अनुसार
1	श्याम सुन्दर और गणेश प्रसाद गुप्ता	सम्पत्ति का वह समस्त भाग एवं अंश जोकि साम्पिक रिहायशी मकान नं. के-1083, द्वितीय तल, सैक्टर-23, संजय नगर, गाजियाबाद-201002 में स्थित, क्षेत्रफल 31.28 वर्ग मी., सब रजिस्ट्रार-II, गाजियाबाद में पंजीकृत, चौहद्दी : पूरब में - मकान नं. के 1078, पश्चिम में - मकान नं. के-1084, उत्तर में - मकान नं. के-1030, दक्षिण में - 20फिट चौड़ी रोड	09-07-2019 / 19-09-2019	₹ 7,03,296.55 दिनांक 09.07.2019 से होने वाला ब्याज एवं अन्य प्रभार

दिनांक 19-09-2019, स्थान : गाजियाबाद — प्राधिकृत अधिकारी, ओरियन्टल बैंक ऑफ कॉमर्स

खबर कोना



नई दिल्ली में सोमवार को एक कार्यक्रम के दौरान पहलवान विनेश फोगाट।

ट्रंप ने बास्केटबॉल लीग में जताई दिलचस्पी

मुंबई, 23 सितंबर (भाषा) ।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मुंबई में होने वाली एनबीए बास्केटबॉल को देखने के लिए भारत आने की रविवार को इच्छा व्यक्त की जिसके बाद आयोजकों ने अगले महीने होने वाली इस प्रतियोगिता के दौरान स्टेडियम के खचाखच भरने की उम्मीद जताई है। ट्रंप ने ह्यूस्टन के एनआरजी स्टेडियम में 'हाउडी मोदी' कार्यक्रम में भारतीय मूल के लोगों से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से पूछा, प्रधानमंत्री, क्या मुझे निमंत्रण है? ट्रंप ने बास्केटबॉल लीग में अपनी दिलचस्पी जताई जिसका मुंबई में चार और पांच अक्तूबर को सत्र पूर्व आयोजन होगा। इस दौरान पहला मुकाबला सक्रामेंटो किंग्स और इंडियाना पेसर्स के बीच खेला जाएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने संबोधन में अमेरिकी राष्ट्रपति को सपरिवार भारत आने का न्योता दिया। एनबीए के वैश्विक व्यापार संचालन के उपाध्यक्ष डिएने गौउटा ने एजंसी से कहा, हमारी कोशिश ज्यादा से ज्यादा प्रशंसकों तक पहुंचने की है। इस अभियान के तहत कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

बांग्लादेश ने भारत को अंडर 18 फुटबॉल में ड्रा पर रोका

काठमांडू, 23 सितंबर (भाषा) ।

भारत को सैफ अंडर-18 फुटबॉल चैंपियनशिप के मुकाबले में सोमवार को यहां बांग्लादेश ने गोलरहित ड्रा पर रोक दिया। भारतीय टीम ने मैच में आक्रामक शुरुआत की लेकन नौवें मिनट में ही गोलकीपर प्रभसुकान सिंह गिल चोटिल हो गए जिससे कोच फ्लोएड पिंटो को बदलाव करना पड़ा। बांग्लादेश के रक्षापंक्ति के खिलाड़ियों की शानदार तालमेल के कारण भारतीय अग्रिम पंक्ति को गोल के लिए मौके बनाने में परेशानी हुई। भारतीय टीम के पास हालांकि मैच के 36वें मिनट में गोल करने का मौका था लेकिन सुमित राठी का हेडर गोलपोस्ट के ठीक ऊपर से निकल गया। मध्यांतर के बाद भी मैच पर भारत ने पकड़ बनाए रखा लेकिन टीम 10 खिलाड़ियों के साथ खेल रही बांग्लादेश के खिलाफ गोल नहीं कर सकी। पिंटो ने इसे मुश्किल मुकाबला करार दिया।

फिक्सिंग को पूरी तरह नियंत्रित नहीं किया जा सकताः गावसकर

नई दिल्ली, 23 सितंबर (भाषा) ।

पूर्व कप्तान सुनील गावसकर का मानना है कि क्रिकेट में मैच फिक्सिंग पर पूरी तरह से काबू पाना मुश्किल है क्योंकि हमेशा कोई ना कोई लालच में ऐसा करने के लिए तैयार रहेगा जिसका कोई इलाज नहीं है। तमिलनाडु प्रीमियर लीग से जुड़े खिलाड़ियों और अधिकारियों पर मैच फिक्सिंग में शामिल होने के आरोप लगने के बाद गावसकर ने यह प्रतिक्रिया दी। इस मामले में जांच चल रही है। 'क्रिकबज' वेबसाइट ने गावसकर के हवाले से कहा, लालच ऐसी चीज है जिसमें शिक्षा, मार्गदर्शन, भ्रष्टाचार रोधी लोगों के साथ कितने भी सेमिनार कोई मदद नहीं करने वाले। लालच मानवीय चीज है। गावसकर ने कथित तौर पर यह प्रतिक्रिया बंगलुरु में एक कार्यक्रम के दौरान दी। उन्होंने कहा, सर्वश्रेष्ठ समाज, सबसे विकसित समाज में भी अपराधी होते हैं। क्रिकेट में भी हमेशा ऐसे लोग रहेंगे जो लालच से प्रभावित हो जाएंगे। कोई ना कोई कारण उन्हें कुछ करने के लिए बाध्य कर सकता है। मुझे नहीं लगता कि यह ऐसी चीज है जिसे आप पूरी तरह से नियंत्रित कर सकते हैं। इस पूर्व महान बल्लेबाज ने हालांकि कहा कि अब यह संभव नहीं है कि आप गलत काम करके बच निकलें।

कुछ दिग्गजों ने सही समय पर खेल को कहा अलविदा तो कुछ जूझते रहे

एक पहेली की तरह है भारतीय क्रिकेटरों का संन्यास लेना

नई दिल्ली, 23 सितंबर (भाषा) ।

भारतीय क्रिकेट में संन्यास किसी पहेली की तरह है जहां कुछ खिलाड़ियों ने सही समय यह फैसला किया जबकि कुछ इस बारे में फैसला लेने के लिए जूझते दिखे।

महेन्द्र सिंह धोनी के भविष्य पर जारी दुविधा ने एक बार फिर इस बहस को छेड़ दिया है कि भारतीय क्रिकेट के सबसे बड़े सितारों में से एक कब खेल को अलविदा कहेंगे। झारखंड के 38 साल के धोनी पिछले दो महीने से टीम के साथ नहीं हैं और नवंबर से पहले उनके टीम के साथ जुड़ने पर भी संशय बरकरार है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास को लेकर अब तक धोनी की ओर से कुछ नहीं कहा गया है।

बीसीसीआइ के एक सूत्र ने एजंसी कहा, इस बात की संभावना बेहद कम है कि धोनी बांग्लादेश के दौरे के लिए उपलब्ध होंगे। बीसीसीआइ में हम सीनियर और ए टीम के क्रिकेटरों के लिए 45 दिन पहले मैचों (अंतरराष्ट्रीय और घरेलू) की तैयारी कर लेते हैं जिसमें प्रशिक्षण, डोपिंग रोधी कार्यक्रम से जुड़ी चीजे शामिल हैं। यह पता चला है कि मंगलवार से शुरू हो रही विजय हजारे राष्ट्रीय एकदिवसीय चैंपियनशिप में धोनी झारखंड के लिए नहीं खेलेंगे।

धोनी पर अब भी संशय बरकरार, गावसकर ने सही समय पर छोड़ा था क्रिकेट
कपिल ने विश्व रेकार्ड के लिए लंबे समय तक करिअर को खींचने की कोशिश की

दिग्गज सुनील गावसकर ने हाल ही में एक टेलीविजन कार्यक्रम में कहा था, मुझे लगता है वह खुद ही यह फैसला कर लेंगे। हमें महेन्द्र सिंह धोनी से आगे के बारे में सोचना चाहिए। कम से कम वह मेरी टीम का हिस्सा नहीं होंगे। गावसकर को एक क्रिकेटर के तौर पर सीधे स्पष्ट तौर पर बोलने के लिए जाना जाता है।

बात जब संन्यास की आती है तो गावसकर ने यह फैसला बेहतरीन तरीके से किया। गावसकर ने चिन्नास्वामी स्टेडियम की टर्न लेती पिच पर अपने अंतिम टैस्ट में पाकिस्तान के खिलाफ 96 रन बनाए थे। गावसकर 1987 में 37 साल के थे लेकिन अपनी शानदार तकनीक के दम पर 1989 के पाकिस्तान दौरे तक खेल सकते थे। वह इस खेल को अलविदा कहने की कला को अच्छी तरह से जानते थे। उन्हें पता था कि अच्छे प्रदर्शन के बाद भी वह इस खेल का लुत्फ नहीं उठा पा रहे हैं। दिवंगत विजय मर्चेंट ने एक बार कहा था कि खिलाड़ी को संन्यास के फैसले के बारे में सतर्क रहना चाहिए। उसे वैसे समय संन्यास लेना चाहिए जब लोग पूछे 'अभी क्यों', ना कि तब जबकि लोग यह पूछने लगे कि 'कब'। हर महान क्रिकेटर हालांकि गावसकर की तरह इस कला में माहिर नहीं रहा।

भारत के महान क्रिकेटरों में शुमार कपिल देव पर 1991 के आस्ट्रेलियाई दौरे पर उम्र का असर साफ दिख रहा था। कपिल विश्व रेकार्ड के करीब थे लेकिन उनकी गति में कमी आ गई थी और वह लय में भी नहीं थे। तत्कालीन कप्तान अजहरूद्दीन उनसे कुछ ओवर कराने के बाद स्पिनरों को गेंद थमा देते थे। उस समय भारतीय क्रिकेट में सबसे तेज गति से गेंदबाजी करने वालों में से एक जवागल श्रीनाथ को कपिल के टीम में होने के कारण तीन साल तक राष्ट्रीय टीम में मौका नहीं मिला था।

क्रिकेट को अलविदा कहने की तैयारी कर रहे एक खिलाड़ी ने एजंसी से कहा, आप 10 साल की उम्र में खेलना शुरू करते हैं, 20 साल की उम्र में पदार्पण करते हैं और 35 साल की उम्र तक खेलते हैं। आप अपनी जिंदगी के 25 साल सिर्फ एक चीज को दे देते हैं। आप पैसे कमाते हैं, आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी होती है और अचानक से आपको ऐसा फैसला करना होता है जिससे आर्थिक स्थिति प्रभावित होती है। गावसकर ने यह फैसला शानदार तरीके से किया जबकि कपिल ने लंबे समय तक करिअर को खींचने की कोशिश की। पूर्व कप्तान सौरव गांगुली के लिए टैस्ट क्रिकेट में आखिरी के दो साल शानदार रहे। उन्होंने 2008 के आस्ट्रेलिया दौरे से पहले संन्यास की घोषणा कर दी क्योंकि वह नहीं चाहते थे कि चयनकर्ता उन्हें एक बार फिर टीम से बाहर करें। धोनी की सलाह पर द्रविड़ और गांगुली को एकदिवसीय टीम से बाहर किया गया लेकिन 2011 में टैस्ट श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन कर द्रविड़ ने एकदिवसीय टीम में जगह बनाई। द्रविड़ ने हालांकि घोषणा कर दी कि यह उनकी आखिरी एकदिवसीय श्रृंखला होगी इसके छह महीने बाद आस्ट्रेलिया में खराब प्रदर्शन के बाद उन्होंने टैस्ट क्रिकेट को भी अलविदा कह दिया। सचिन तेंदुलकर के लिए हालांकि मामला बिल्कुल अलग था। वह शतक नहीं बना पा रहे थे लेकिन बल्ले से ठीक-ठाक योगदान दे रहे थे।

टी-20 विश्व कप से पहले कोहली का मंत्र

जोखिम नहीं तो फायदा नहीं

बंगलुरु, 23 सितंबर (भाषा) ।

अगले साल होने वाले टी-20 विश्व कप पर नजरें टिकाए बैठे कप्तान विराट कोहली ने कहा कि वह भारतीय खिलाड़ियों को निर्भीक इकाई में ढालने के लिए जोखिम उठाने को तैयार हैं।

यहां के मैदान को लक्ष्य का पीछा करने वाली टीमों के अनुकूल माना जाता है। इसके बावजूद भारतीय कप्तान का पहले बल्लेबाजी करने का फैसला हैरानी भरा था और टीम को इसका नुकसान भी हुआ लेकिन कोहली ने कहा कि सर्वश्रेष्ठ संयोजन ढूंढने के लिए उन्हें जोखिम उठाने होंगे।

कोहली ने रविवार को एकतरफा मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टीम की नौ विकेट की हार के बाद कहा, हमें जोखिम उठाने होंगे, जब आप क्रिकेट मैच जीतना चाहते हो तब भी आपको जोखिम उठाने होते हैं, जब तक आप खेलना शुरू नहीं कर दो, तब तक कुछ तय नहीं होता। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि अगर हम अपने अनुकूल हालात से और अधिक बाहर निकलकर खेलने के इच्छुक होंगे तो फिर हम इससे घबराएंगे नहीं कि टॉस के दौरान क्या हुआ। हमारा सामान्य विचार यही हैः हम प्रयास कर रहे हैं कि टॉस के दौरान क्या हुआ, उसे टीम के रूप में समीकरण से बाहर कर दें। लंबा बल्लेबाज क्रम कोहली को प्रयोग करने का मौका देता है लेकिन इसके बावजूद भारत को तीसरे और अंतिम टी-20 में नौ विकेट से हार का सामना करना पड़ा और श्रृंखला 1-1 से ड्रा रही। टी-20 श्रृंखला के बाद सभी की नजरें अब तीन टैस्ट की श्रृंखला पर होंगी और कोहली ने अच्छे प्रदर्शन का भरोसा जताया। उन्होंने कहा, हमारी टैस्ट टीम विश्व क्रिकेट की किसी भी अन्य टीम की तरह मजबूत है, विशेषकर अपने घरेलू हालात में हम सर्वश्रेष्ठ टीमों में से एक हैं।



कहा जब तक आप खेलना शुरू नहीं कर दो, तब तक कुछ तय नहीं होता।

हमें पता है कि हमें क्या करने की जरूरत है।

भारतीय कप्तान ने कहा, यही कारण है कि हम जो सर्वश्रेष्ठ संयोजन खिला सकते थे उसे खिलाने का प्रयास किया क्योंकि हमारी बल्लेबाजी नौवें नंबर तक है। इसलिए आप पहले बल्लेबाजी करो या पहले गेंदबाजी करो, आपको पता होगा कि हम अच्छी स्थिति में होंगे। उन्होंने कहा, मानसिक तौर पर अगर हम खुद को ऐसी स्थिति में ढालेंगे जिसमें हम कोई एक चीज करने की जगह कुछ भी करने को तैयार रहेंगे तो फिर हम किसी भी तरह की स्थिति का सामना करते हुए उसका फायदा उठाने के लिए बेहतर स्थिति में होंगे।

कोहली ने कहा, जब तक आप ऐसा नहीं करते, जब तक आप जोखिम उठाने के लिए तैयार नहीं रहते, तब तक आपको किसी ना किसी तरह के दबाव का सामना करना होगा।

कोहली को दी गई चेतावनी

बंगलुरु, 23 सितंबर (भाषा) ।

भारतीय कप्तान विराट कोहली को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीसरे टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच के दौरान तेज गेंदबाज ब्यूरॉन हेंड्रिक्स से कंधा टकराने के लिए आधिकारिक चेतावनी दी गई और उनके खाते में एक 'डिमेरिट' अंक जोड़ा गया।

कोहली को यहां रविवार को खेले गए मैच में आइसीसी आचार संहिता के लेवल 1 के उल्लंघन का दोषी पाया गया। लेवल 1 के उल्लंघन पर न्यूनतम सजा आधिकारिक फटकार और अधिकतम खिलाड़ी की मैच फीस का 50 फीसद जुर्माना तथा एक या दो डिमेरिट अंक दिया जाना शामिल है। आइसीसी ने बयान में कहा, कोहली को खिलाड़ियों और सहयोगी स्टॉफ के लिए आइसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.12 के उल्लंघन का दोषी पाया गया। यह अनुच्छेद किसी अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान खिलाड़ी, खिलाड़ी के सहयोगी स्टाफ, अंपायर, मैच रेफरी या किसी अन्य व्यक्ति (दर्शक सहित) के साथ अनुचित शारीरिक संपर्क से संबंधित है। यह घटना रविवार को भारतीय पारी के पांचवें ओवर में घटी जब कोहली ने रन लेते समय गेंदबाज ब्यूरॉन हेंड्रिक्स से अपना कंधा टकराया था।

प्रो कबड्डी लीग में बंगलुरु बुल्स और दबंग दिल्ली के बीच मुकाबला होते हुए।

दबंग दिल्ली और बंगलुरु बुल्स का मैच 39-39 से बराबर छूटा

जयपुर, 23 सितंबर (भाषा) ।

बंगलुरु बुल्स और दबंग दिल्ली के बीच प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) का मैच सोमवार को यहां 39-39 से बराबरी पर छूटा।

दिल्ली ने मैच में अधिकतर समय बढ़त बना रखी थी लेकिन बुल्स ने पवन सहरावत के शानदार खेल से आखिरी समय में वापसी की। दिल्ली के रेडर नवीन कुमार ने मैच में 14 अंक बनाए। यह मैच टाई छूटने के बावजूद दिल्ली अंकतालिका में शीर्ष पर बना हुआ है।

हरियाणा स्टीलर्स ने पटना पाइरेट्स को हराया : विकास कंडोला (13 अंक) के शानदार खेल के दम पर हरियाणा स्टीलर्स ने सोमवार को यहां सवाई मान सिंह स्टेडियम में प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) के मैच में तीन बार की चैंपियन पटना पाइरेट्स को 39-34 से हराया। हरियाणा की टीम ने इस जीत के साथ तालिका में तीसरे पायदान पर अपनी स्थिति मतबूत की। उसके नाम 17 मैच में 59 अंक है। पटना की टीम 18 मैच में 39 अंक के साथ नौवें स्थान पर है।

पटना पाइरेट्स के स्टार खिलाड़ी प्रदीप नारवाल ने 17 रेड अंक बनाए लेकिन जंग कुन ली (सात अंक) के अलावा उन्हें किसी और खिलाड़ी का साथ नहीं मिला। मध्यांतर के समय हरियाणा की टीम 17-15 से आगे थी। मैच खत्म होने से तीन मिनट पहले हरियाणा ने पटना को आलआउट कर अपनी बढ़त 38-29 की कर ली।

एक साल तक गाड़ी नहीं चला पाएंगे वार्न

लंदन, 23 सितंबर (भाषा) ।

आस्ट्रेलियाई स्पिन दिग्गज शेन वार्न 12 महीने तक गाड़ी नहीं चला पाएंगे क्योंकि उन्हें दो साल में छठी बार तेजी गति से वाहन चलाने का दोषी पाया गया है।

पूर्व क्रिकेटर को विंबलडन मजिस्ट्रेट कोर्ट ने अगस्त 2018 में केनसिंगटन में किराए पर ली गई जगुआर कार को 47 मील प्रतिघंटे की रफ्तार से चलाने का दोषी पाया जबकि उस क्षेत्र में 40 मील प्रतिघंटे की रफ्तार से ही वाहन चलाया जा सकता है। बीबीसी के अनुसार वार्न सुनवाई के दौरान अदालत में नहीं थे।

खेल मंत्री ने पंघाल, कौशिक को सम्मानित किया

नई दिल्ली, 23 सितंबर (भाषा) ।

खेल मंत्री कीरेन रिजिजू ने रूस के एकातेरिनबर्ग में विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में पदक जीतने वाले अमित पंघाल और मनीष कौशिक को सोमवार को यहां नकद राशि देकर सम्मानित किया।

रजत पदक जीतकर इतिहास रचने वाले पंघाल (52 किग्रा) को 14 लाख रुपए की नकद राशि से सम्मानित किया गया जबकि 63 किग्रा वर्ग में कांस्य पदक जीतने वाले कौशिक को आठ लाख रुपए का पुरस्कार दिया गया। दूसरी वरीयता प्राप्त 24 साल के पंघाल इस टूर्नामेंट में रजत पदक जीतने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी हैं। उन्होंने इससे पहले 2018 में एशियाई खेलों और राष्ट्रमंडल खेलों जबकि 2019 में एशियाई चैंपियन में स्वर्ण जीते हैं। रिजिजू ने कहा, विश्व पुरुष मुक्केबाजी चैंपियनशिप में देश के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन से मैं काफी खुश हूं। मुझे लगता है मुक्केबाजी में भारत का भविष्य उज्ज्वल है। वे मुक्केबाज भी बधाई के पात्र हैं जिन्होंने क्वार्टरफाइनल तक का सफर तय किया।

रजत पदक जीतकर इतिहास रचने वाले अमित पंघाल (52 किग्रा) को 14 लाख रुपए की नकद राशि दी गई
कांस्य पदक जीतने वाले मनीष कौशिक को आठ लाख रुपए का पुरस्कार दिया गया।

कोरिया ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट आज से

इंचियोन (कोरिया), 23 सितंबर (भाषा) ।

विश्व चैंपियन पीवी सिंधू चीन ओपन के शुरू में बाहर होने की निराशा से उबरकर मंगलवार से यहां शुरू होने वाले कोरिया ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट से इस सत्र में बीडब्लूएफ विश्व टूर का खिताब जीतने के लिए अपनी कवायद शुरू करेंगी।

सिंधू पिछले सप्ताह चीन ओपन सुपर 1000 के दूसरे दौर में थाईलैंड की पोर्नपावी चोचुवोंग से हार गईं थीं। कोरिया ओपन में 2017 की विजेता 26 साल की भारतीय को अब इसे भुलाकर इंचियोन में 400,000 डॉलर इनामी टूर्नामेंट पर ध्यान देना होगा।

दिल का दौरा पड़ने से 86 साल की उम्र में पूर्व क्रिकेटर माधव आप्टे का निधन **श्रद्धांजलि** सात टैस्ट मैच खेलें, एक शतक की मदद से बनाए 542 रन

ज्यादा मैच नहीं खेलने का था मलाल, लाला को मानते थे जिम्मेदार

नई दिल्ली, 23 सितंबर (भाषा) ।

माधव आप्टे को घरेलू क्रिकेट के दिग्गजों में शामिल किया जाता है लेकिन सात टैस्ट मैचों में लगभग 50 के औसत के बावजूद वह अपने टैस्ट करिअर को उतना लंबा नहीं खींच पाए जितने की उम्मीद लोगों ने की थी। दाएं हाथ के इस पूर्व बल्लेबाज का सोमवार को दिल का दौरा पड़ने से 86 साल की उम्र में मुंबई में निधन हो गया।

यह बता पाना मुश्किल है कि वेस्ट इंडीज की महान टीम के खिलाफ उसकी सरजमीं पर 1952-53 श्रृंखला में तीन अर्धशतक और 163 रन की पारी खेलने के बावजूद वह इस श्रृंखला के बाद आखिर सिर्फ एक ही टैस्ट क्यों खेल पाए। आप्टे ने अपने 542 टैस्ट रन में से 460 रन वेस्ट इंडीज दौरे पर बनाए लेकिन इस श्रृंखला के बाद सिर्फ एक टैस्ट खेल पाए। वह किसी टैस्ट श्रृंखला में 400 से अधिक रन बनाने वाले पहले भारतीय सलामी बल्लेबाज थे।



चार सौ से अधिक रन किसी टैस्ट श्रृंखला में बनाने वाले पहले भारतीय थे

संपन्न व्यापारिक परिवार में पैदा हुए आप्टे को एक प्रभावी खिलाड़ी होने के बावजूद अपने और टैस्ट नहीं खेल पाने में राजनीति नजर आई और उनका मानना था कि महान खिलाड़ी लाला अमरनाथ उस समय उन्हें बाहर किए जाने का कारण थे। वर्षों बाद आप्टे ने अपनी आत्मकथा 'ऐज लक वुड हैव इट-अनप्लग्ड अनकट' में अपना पक्ष रखा। आप्टे ने अपनी आत्मकथा में लिखा, टैस्ट क्रिकेट से अचानक मेरे बाहर होने का कभी कोई कारण नहीं बताया गया विशेषकर प्रभावी रेकार्ड के बावजूद। उन्होंने लिखा, लाला अमरनाथ ने चयन समिति की बैठक की अध्यक्षता की। दूसरे टैस्ट (संयुक्त टीम के खिलाफ) के दौरान उन्होंने मुझसे संपर्क किया और मेरे पिता से मिलने का अग्रह किया। वह दिल्ली में कोहिनूर मिल्स के कपड़ों के वितरण का अधिकार चाहते थे। वह घर आकर मेरे पिता से मिले। आप्टे के अनुसार, उनके पिता लक्ष्मण आप्टे समझ गए कि यह मुलाकात क्यों हो रही है। आप्टे ने अपनी आत्मकथा में लिखा, भाऊसाहेब पर्याप्त समझदार थे कि चीजों को समझ सकें। वह और मैं दोनों ही मेरे क्रिकेट करिअर और व्यवसाय को आपस में नहीं जोड़ते। उन्होंने शिष्टता के साथ लाला का वितरण का प्रस्ताव ठुकरा दिया। लाला कुछ और वर्षों तक चयन समिति के अध्यक्ष रहे। मुझे कभी दोबारा टैस्ट क्रिकेट खेलने के लिए नहीं चुना गया। हालांकि मुंबई क्रिकेट को पहचानने वाले लोग आप्टे को खेल के प्रति उनके प्यार के लिए याद करते हैं। अनुभवी पत्रकार मकरंद वायंगणकर ने याद करते हुए कहा, वह 50 साल तक कांगा लीग में खेले। वह आखिरी बार उस समय खेले जब 71 बरस के थे। वह बेदाग सफेद कपड़ों में किट बैग और छाते के साथ आम खिलाड़ी की तरह आते थे। 60 से अधिक की उम्र में उन्होंने अबे कुरुविला का सामना किया जो उनसे आधी उम्र का था।

सचिन ने जताया शोक

माधव आप्टे से जुड़ी अच्छी स्मृतियां याद हैं। जब मैं 14 बरस का था तो शिवाजी पार्क में उनके खिलाफ खेलने का मौका मिला। मुझे अब भी याद है जब 15 साल की उम्र में उन्होंने और (राज सिंह) डूंगरपुर ने मुझे सीसीआइ की ओर से खिलाया। उन्होंने हमेशा मेरा समर्थन किया और मेरे शुभचिंतक थे। भगवान उनकी आत्मा को शांति दे।
- सचिन तेंदुलकर

रजिस्ट्रेशन नं. डी.एल.-21047/03-05, आरएनआई नं. 42819/83, वर्ष 36, अंक 310, *हवाई शुल्क:* इंफल-पांच रुपए, गुवाहाटी-चार रुपए, रायपुर-दो रुपए और पटना-एक रुपए।
दि इंडियन एक्सप्रेस प्राइवेट लिमिटेड के लिए आर. सी. मल्होत्रा द्वारा ए-8, सेक्टर 7, नोएडा- 201301, जिला गौतम बुद्ध नगर (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित और मेजनीन फ्लोर, एक्सप्रेस बिल्डिंग, 9-10, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित। फोनः (0120) 2470700/2470740, ई-मेलः edit.jansatta@expressindia.com, फैक्सः (0120) 2470753, 2470754, **बोर्ड अध्यक्षः विवेक गोयनका, कार्यकारी संपादकः मुकेश भारद्वाज***, *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेवार। कापीराइटः दि इंडियन एक्सप्रेस प्राइवेट लिमिटेड। सर्वाधिकार सुरक्षित। लिखित अनुमति लिए बगैर प्रकाशित सामग्री या उसके किसी अंश का प्रकाशन या प्रसारण नहीं किया जा सकता।